लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुभ नवरात्रि

रविवार 28 सितंबर, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 342 | www.janexpresslive.com/epaper

हमने देश को कांग्रेस के लूटतंत्र से बाहर निकाला... 12

### नवरात्रि का दिन छठा



## कात्यायनी पूजा

नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि बृहस्पति ग्रह देवी कात्यायनी द्वारा शासित हैं।

# वांगचुक का पाकिस्तानी कनेक्शन, जासूस से संपर्क का दावा : लद्दाख डीजीपी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सोनम वांगचुक पर एनएसए लगाने के बाद पुलिस अब उनके पाकिस्तान और बांग्लादेश से संबंधों की जांच करेगी। लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि हमने कुछ दिन पहले पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव के एक सदस्य को पकड़ा था। वह वांगचुक से जुड़ी जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था। यही नहीं वांगचुक पाकिस्तान के न्यूजपेपर डॉन के एक इवेंट कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे। इसके अलावा वे बांग्लादेश भी जा चुके हैं। उधर हिंसा को लेकर डीजीपी ने कहा कि, हमने सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की, नहीं तो पूरा लेह जल जाता। लेह में 24 सितंबर को हुई हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी और 80 लोग घायल हुए थे, जिनमें 40 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेह में तीन दिन के कर्फ्यू के बाद शनिवार दोपहर चार घंटे के लिए ढील दी गई। वांगचुक को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने उनके गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया। उन्हें एयरलिफ्ट कर राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया गया है, जिसके तहत लंबे समय तक बिना जमानत हिरासत में रखा जा सकता है।



### प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार किया

सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शनिवार दोपहर 2:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जब वे लेह नहीं पहुंचे तो आयोजकों को शक हुआ। बाद में गिरफ्तारी की खबर मिली। इसके बावजूद प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। आयोजकों ने माना, हिंसा उन युवाओं से हुई जो 'काबू से बाहर' हो गए थे, लेकिन इसमें किसी विदेशी ताकत का हाथ नहीं है।

### वांगचुक को पहले से गिरफ्तारी का अंदेशा था

सोनम वांगचुक को पहले से अंदेशा था कि सरकार उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर कभी भी गिरफ्तार होना पड़े तो मुझे खुशी होगी। लेकिन अब उनकी गिरफ्तारी से माहौल शांत होने के बजाय और बिगड़ सकता है। माना जा रहा है कि इससे लद्दाख के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच चल रही बातचीत पर भी असर पड़ सकता है। वांगचुक पिछले पांच साल से लद्दाख के अधिकारों की लड़ाई का बड़ा चेहरा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। स्थानीय लोग मानते हैं कि वांगचुक हिंसा भड़काने वाले व्यक्ति नहीं हैं।

### लेह हिंसा के बाद अब तक क्या-क्या कार्रवाई हुई...

गृह मंत्रालय ने वांगचुक की एक संस्था स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख का विदेशी फंडिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। विदेशी अनुदान या दान के लिए एनजीओ को विदेशी अशंदान एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। जिसमें पाया गया कि संस्था ने फंडिंग का गलत इस्तेमाल किया। सीबीआई ने वांगचुक की एक और एनजीओ हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑल्टरनेटिव्स लद्दाख के खिलाफ भी विदेशी फंडिंग मामले में भी जांच शुरू कर दी है।

# बरेली में इंटरनेट बंद, तौकीर रजा अरेस्ट

## योगी बोले, मौलाना भूल गया किसका शासन है, ऐसा सबक सिखाएंगे, पीढ़ियां दंगे करना भूल जाएंगी

**जन एक्सप्रेस। बरेली। श्रावस्ती**

यूपी के बरेली में जुमे पर आई लव मोहम्मद को लेकर बवाल के बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। शनिवार शाम को इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। वहीं, इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा समेत 8 लोगों को बरेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 39 लोगों को हिरासत में लिया है। मौलाना को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा, 2000 अज्ञात लोगों पर 5 थानों में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। 10 मुकदमों में से 7 में तौकीर रजा का नाम है। इधर, सीएम योगी ने एक कार्यक्रम में कहा, मौलाना भूल गया कि शासन किसका है? वो मानता था कि धमकी देंगे और जबरदस्ती जाम कर देंगे। हमने कहा कि जाम नहीं होगा। कर्फ्यू भी नहीं लगने देंगे। ऐसा सबक सिखाएंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ियां दंगे करना भूल जाएंगी। दरअसल, शुक्रवार को मौलाना तौकीर रजा की अपील पर ही भीड़ सड़क पर उतर आई थी। पुलिस ने रोका तो पथराव कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। इधर, लखनऊ की सड़कों पर नए होर्डिंग लगवा दिए गए हैं। इन पर लिखा है- आई लव श्री योगी आदित्यनाथ जी और आई लव बुलडोजर।




### हिंदू पर्व पर व्यवधान डाला तो छोड़ेंगे नहीं : योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को श्रावस्ती पहुंचे। यहां उन्होंने 510 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। 236 करोड़ की 32 परियोजनाओं का लोकार्पण व 274 करोड़ की 22 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर सीएम ने सात अक्तूबर को प्रदेशभर में महर्षि बाल्मीकि जयंती पर अवकाश की घोषणा की। साथ ही पर्यटन विभाग को सभी मंदिरों में अखंड रामायण पाठ करवाने के लिए निर्देशित किया। बरेली बवाल पर सीएम योगी ने कहा कि कुछ लोगों को शांति अच्छी नहीं लगती है। हिंदू पर्वों पर उनको गर्मी आने लगती है। तब ऐसे लोगों के लिए डेंटिंग-पेंटिंग का सहारा लेना पड़ता है। इस्लाम में बुतपरस्ती का विरोध करते हैं। दूसरी तरफ आई लव मोहम्मद के नाम पर तोड़फोड़ कर रहे हैं। ये शारदीय नवरात्र पर अव्यवस्था करना चाहते हैं, लेकिन इन्हें नहीं पता कि मां भगवती नवरात्र में चंड- मुंड का नाश करती हैं।

### सनातनी किसी से भेदभाव नहीं करता

सीएम ने आगे कहा कि हिंदू त्योहारों पर सपरिवार इकट्ठा होते हैं। कोई सनातनी अपने पर्व पर किसी से भेदभाव नहीं करता है। लेकिन, कुछ अराजकतत्व हिंदू पर्व पर व्यवधान डालना चाहते हैं। पर्व के दौरान व्यवधान बर्दाशत नहीं किया जाएगा। किसी ने सड़क पर प्रदर्शन किया तो उसे खुले मंच से चेतावनी देता हूं कि अगर कायरों की तरह महिलाओं-बच्चों को आगे कर व्यवधान डाला तो छोड़ेंगे नहीं।

### योगी बोले- विकास में बैरियर बनने वालों को उन्हीं की भाषा में जवाब देंगे

बरेली बवाल पर सीएम योगी ने कहा- पर्व और त्योहारों के दौरान आपने देखा होगा कि जब भी पर्व आते थे तब उत्पात शुरू हो जाता था। अब उत्पातियों और उपद्रवियों को पता लगेगा और उन्हें उनकी सात पीढ़ियां याद आएंगी, क्योंकि कभी-कभी लोगों की बुरी आदतें नहीं जाती हैं तो उसके लिए उनकी डेंटिंग पेंटिंग करवानी पड़ती है, जिससे उनकी बुरी आदतें ठीक की जा सकें और यही डेंटिंग पेंटिंग कल आपने बरेली के अंदर देखा होगा। वह मौलाना भूल गया कि शासन किसका है उसे लगता था कि धमकी देंगे और जाम कर देंगे; लेकिन हमने कहा कि न जाम होगा और न ही कर्फ्यू लगेगा, लेकिन कर्फ्यू का सबक तुम्हें ऐसा सिखा देंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएंगी। 2017 के पहले यही यूपी के अंदर होता था और हम यही कह सकते हैं कि 2017 के बाद हमने कर्फ्यू भी नहीं लगने दिया। ऐसे लोगों को उनकी ही भाषा में समझाकर उन्हें सजा दिलाने का काम किया है। उत्तर प्रदेश के ग्रोथ स्टोरी यहीं से शुरू होती है।

### आई लव मुहम्मद विवाद कानपुर से शुरू हुआ था

विवाद कानपुर में 4 सितंबर से शुरू हुआ। बारावफात (ईद मिलाद-उन्नबी) के जुलूस के दौरान एक समूह ने आई लव मुहम्मद नामक एक बैनर/लाइटबोर्ड जुलूस मार्ग निकाला। स्थानीय हिंदू धर्मगुरुओं ने इसका विरोध किया। पुलिस ने किया पथराव और 9 लोगों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत। 15 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी. बाद में विवाद बढ़ गया और पश्चिमी राज्यों के कई अन्य शहरों में आई लव मुहम्मद के समर्थन में रैलियां, बैनर और पोस्टर लगे। हिंदू समुदाय ने अपना जवाब दिया, मुझे महादेव/महाकाल से प्यार है जैसे बैनर।

### डीआईजी बोले, मौलाना तौकीर मुख्य साजिशकर्ता

बरेली रेंज के डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा- स्थिति सामान्य है। सबूतों के आधार पर जांच की जा रही है। अब तक 39 लोगों की पहचान की गई है और मौलाना तौकीर रजा मुख्य साजिशकर्ता के रूप में सामने आया है। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। लोगों को इकट्ठा करने और योजना को साझा करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया। प्रदर्शनकारियों के पास से बड़ी संख्या में हथियार और पत्थर बरामद किए गए हैं। पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की गई और पथराव भी किया गया। 22 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। आगे की जांच जारी है।

### बरेली में इंटरनेट सेवा बंद

बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद शनिवार को पुलिस ने कई कड़े एक्शन लिए। मौलाना तौकीर रजा को दंगा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद शाम करीब साढ़े 4 बजे बरेली की इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि माहौल शांत होने पर इंटरनेट सेवा बहाल की जाएगी।

### डीएम बोले, बताया गया था कि धारा 163 लागू है

बरेली के डीएम अविनाश सिंह ने कहा- पिछले 6-7 दिनों से समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली थी कि मौलाना तौकीर रजा कुछ मुद्दों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट तक मार्च करेंगे और ज्ञापन देंगे। उन्हें स्पष्ट बताया गया कि जनपद में बीएनएस की धारा 163 (पूर्व में धारा 144) लागू है। बिना लिखित अनुमति के कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकता।

### सुप्रीम कोर्ट की वकील फराह फैज ने कहा, चीप पब्लिसिटी

सुप्रीम कोर्ट की वकील फराह फैज ने भी तीखा हमला बोला। कहा, आई लव मोहम्मद का नारा लगाना महज चीप पब्लिसिटी है। ये मोहम्मद से मोहब्बत जताने का तरीका नहीं हो सकता। मोहम्मद ने जो राह दिखाई, उसी पर चलिए। उनके जीवन का मतलब इंसानियत और राष्ट्रप्रेम था। उन्होंने सबसे पहले देशभक्ति को सर्वोपरि रखा। फराह फैज ने कहा- जो लोग आई लव मोहम्मद के नारे लगा रहे हैं, उन्हें पहले मदीना चार्टर पढ़ना चाहिए। मोहम्मद की असली मोहब्बत उनका अनुसरण करना है, न कि सड़कों पर शोर मचाना। ऐसे लोगों पर मुकदमे दर्ज होने चाहिए, क्योंकि ये संविधान और कानून से छेड़छाड़ कर रहे हैं।

### मोहम्मद के उसूलों पर चलना ही असली मोहब्बत : इमरान मसूद

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, मस्जिदें नमाज के लिए होती हैं, न कि सड़कों पर उपद्रव के लिए। मोहम्मद से मोहब्बत हर मुसलमान के दिल में है। इसे जताने के लिए सड़क पर तमाशा करने की जरूरत नहीं। उन्होंने कहा- मैंने पहले भी कहा है और अब भी कह रहा हूं- आई लव मोहम्मद। मोहम्मद मेरी जिंदगी का मकसद हैं। उनके उसूलों पर चलना ही असली मोहब्बत है, न कि सड़कों पर हंगामा करना। मुझे नहीं पता ये क्या तमाशा चल रहा है, लेकिन ये किसी सूरत में जायज नहीं है। मौलानाओं को आगे आकर इसे रोकना चाहिए।

### श्रावस्ती में योगी बोले, कुछ लोगों को शांति अच्छी नहीं लगती

सीएम योगी ने श्रावस्ती पहुंचे। यहां बरेली बवाल पर कहा- कुछ लोग हैं, जिनको शांति व्यवस्था और लोक कल्याण अच्छा नहीं लगता। जब भी कोई हिंदुओं का त्योहार आता है, उनको गर्मी आने लगती है। उनकी गर्मी शांत करने के लिए हमें डेंटिंग-पेंटिंग का सहारा लेना पड़ता है। योगी ने कहा- इस्लाम में कहते हैं कि बुतपरस्ती का विरोध करते हैं। ये उनका विषय है, उनकी फिलॉस्फी है। हम तो मूर्तिपूजक हैं हम निराकार ब्रह्म की उपासना कहते हैं। वो लोग आई लव मोहम्मद कहकर शारदीय नवरात्र में माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

# एटा में ट्रक और बस में आमने-सामने की भिड़ंत, चालक की मौके पर ही मौत, 12 घायल



**जन एक्सप्रेस। एटा**

एटा में कासगंज मार्ग पर शनिवार शाम को बस और ट्रक की भिड़ंत हो गई। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गिरौरा के पास हुई इस दुर्घटना में बस चालक की मौत हो गई। हादसे में ट्रक चालक और बस में सवार 12 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात प्रभारी जेके गौतम ने बताया कि रुहेलखंड डिपो बरेली की बस एटा से बरेली जा रही थी। रास्ते में कासगंज मार्ग पर गांव गिरौरा के पास सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में दोनों ही गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर लगते ही बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। यह देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देते हुए घायलों को बस से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचाया। यहां चिकित्सक ने बस चालक सुमेश (40) निवासी इज्जतनगर जिला बरेली को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में पुष्पा देवी और राजेंद्र निवासी दुर्गा कॉलोनी कासगंज, ट्रक चालक धर्मेंद्र निवासी मानपुर कोतवाली देहात, सर्वेश निवासी बदायूं, अजय गुप्ता निवासी आगरा, सुरेश चंद शर्मा निवासी श्रृंगार नगर कोतवाली नगर, पंकज शर्मा निवासी फरीदपुर बरेली, मिथिलेश निवासी आगरा, पवन निवासी कासगंज, नीरज निवासी चौकी गेट फिरोज़ाबाद, सचिन पटेल निवासी भरतौल बरेली और सुधीर गुप्ता निवासी बदायूं घायल हुए हैं। इन सभी का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

# सीएम योगी ने बहराइच में भेड़िया प्रभावित क्षेत्र का किया हवाई सर्वेक्षण, बोले, पकड़ में न आए तो मार दें गोली

**जन एक्सप्रेस। बहराइच**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बहराइच के भेड़िया प्रभावित मंझारा तौकली गांव के गांधी बाजार पहुंचे। यहां उन्होंने हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जंगल में भेड़िये जैसे दो जानवर भागते हुए देखे जाने की पुष्टि की। कहा कि वन विभाग पहले भेड़ियों को पकड़ने की कोशिश करे। लेकिन, यदि पकड़ में न आएं तो उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गोली मारने में कोई कोताही न बरतें। मुख्यमंत्री ने 10 मिनट का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद भेड़िये के हमले से प्रभावित 16 परिवारों को राहत किट प्रदान की। ग्रामीणों से बातचीत की। मृत बच्चों



के परिजनों को सांत्वना देते हुए परिजनों को पांच लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की बात कही। सीएम योगी ने कहा कि बाढ़ के दौरान भेड़िया क्षेत्र में आ गए हैं। अब आबादी पर हमला कर रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि प्राथमिकता जनता की सुरक्षा की हो। प्रशासन को निर्देशित किया कि जिन ग्रामीणों के पास अभी पक्के मकान नहीं हैं, उन्हें पक्का घर मुहैया कराया जाए। साथ ही जिन घरों में दरवाज़े नहीं हैं, वहां दरवाज़े लगवाये जाएं। शौचालय का निर्माण कराया जाए, ताकि लोग सुरक्षित रहें। सभी लोग वन और प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग करें- सीएम इस दौरान मंच पर वन मंत्री अरुण कुमार, जिले के विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मौजूदगी दर्ज कराई। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वन और प्रशासनिक अधिकारियों को सहयोग दें। ताकि, भेड़ियों का पता लगाकर और आवश्यक कदम उठाकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# टीवीके की करूर रैली में भगदड़, दो बच्चों समेत 10 की मौत की आशंका, सीएम स्टालिन ने जताई चिंता



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के करूर में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली में भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है कि रैली में दो बच्चों समेत 10 लोगों की मौत होने की आशंका है। करूर के अस्पतालों में अफरातफरी मच गई है। पुलिस ने रैली में पहुंची भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया। वहीं सीएम एमके स्टालिन ने घटना को लेकर चिंता जाहिर की है। वहीं मंत्री, शीर्ष अधिकारी, पुलिस अधिकारी करूर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। करूर में रैली के दौरान टीवीके अध्यक्ष के प्रचार वाहन को भारी भीड़ के चलते रोक दिया गया। हालात बेकाबू होते देख विजय को कुछ समय के लिए अपना भाषण रोकना पड़ा। उन्होंने कहा कि पुलिस कृपया मदद करे। भगदड़ के कारण कुछ कार्यकर्ता बेहोश हो गए। दो एंबुलेंस पार्टी कार्यकर्ताओं को लेकर गईं। इस बीच रैली में विजय ने कार्यकर्ताओं को पानी की बोतलें दीं। इसके बाद हालात बिगड़ते गए। अस्पतालों में पहुंचे कई बेहोश लोगों की मौत हो गई। सूचना पर अस्पताल पहुंचे बेहोश लोगों के परिजन फूट-फूटकर रोने लगे।

### रैली अचानक अफरातफरी में बदल गई

तमिलनाडु के करूर में शनिवार को अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख विजय की रैली अचानक अफरातफरी में बदल गई। भारी भीड़ के दबाव के कारण भगदड़ जैसी स्थिति बन गई, जिसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए और बेहोश होकर गिर पड़े। इन्हें एंबुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, दो बच्चों समेत लगभग 10 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। अस्पतालों में अफरातफरी मची हुई है और घायलों का इलाज जारी है।

### बीच में रुका विजय का भाषण

रैली में भीड़ इतनी अधिक हो गई कि पुलिस को हालात काबू में लाने के लिए लाठीचार्ज तक करना पड़ा। इसके बावजूद अव्यवस्था फैलती गई और कई लोग दबाव में आकर गिर पड़े। अव्यवस्थित माहौल देखते हुए विजय को अपना भाषण बीच में रोकना पड़ा। उन्होंने मंच से अपील की कि पुलिस तत्काल मदद करे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को पानी की बोतलें भी बांटी, लेकिन हालात बिगड़ते चले गए। करूर प्रशासन ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। घटना के बाद पूरे राज्य में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

### पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की

सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि विजय की रैली में भगदड़ जैसी स्थिति और कई लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिली। करूर प्रशासन से मिली जानकारी चिंताजनक है। स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम और जिला कलेक्टर को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा है। मंत्री अंबिल महेश को भी मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। सीएम स्टालिन ने कहा कि उन्होंने शीर्ष पुलिस अधिकारियों को करूर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सीएम स्टालिन ने करूर में आम जनता से डॉक्टरों और पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की।

## कपिल शर्मा को मिली धमकी, एक करोड़ की फिरौती मांगी, मुंबई पुलिस ने इस जगह से पकड़ा आरोपी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल के एक निवासी ने कॉमेडियन कपिल शर्मा को गैंगस्टर रोहित गोदारा और गोल्डी बरार के नाम का इस्तेमाल करके धमकी दी। कॉमेडियन से 1 करोड़ रुपये की मांग की। मुंबई पुलिस ने पश्चिम बंगाल से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने दिलीप चौधरी नाम के आरोपी को पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया गया। इस व्यक्ति पर कपिल शर्मा को धमकी देने का आरोप है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने कॉमेडियन को एक धमकी भरा ईमेल भेजा और एक करोड़ रुपये की मांग की। ईमेल में उसने खुद को गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गिरोह का सदस्य बताया था। जांच की जा रही है कि यह आरोपी असल में गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गिरोह से संबंध रखता है या नहीं। जुलाई महीने में कपिल शर्मा के कनाडा में खुले 'कैप्स कैफे' पर भी गोलीबारी हुई थी। एक नहीं दो बार कैफे पर फायरिंग की गई। इस हमले की जिम्मेदारी गोल्डी ढिल्लों और लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी।

# हाकम के हाकिम हत्थे चढ़े तो गिर जाएगी धामी सरकार : करन माहरा

- सत्तापक्ष पर आरोप, एसआईटी जांच पर जताया अविश्वास, नौकरियों के आंकड़ों को बताया 'झूठ'
- यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग




**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

**रानीखेत।** उत्तराखंड में एक बार फिर यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामला सियासी गर्मी का कारण बन गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन सिंह माहरा ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में सत्तापक्ष से जुड़े लोग शामिल हैं, और स्ढ्ढञ्ज पर भरोसा नहीं किया जा सकता। माहरा ने ष्टक्चढ्ढ जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि ÷हाकम सिंह के हाकिम÷ पकड़े गए, तो धामी सरकार की नींव हिल जाएगी। उन्होंने मांग की कि जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में होनी चाहिए। करन माहरा ने आरोप लगाया कि भाजपा के ढ्ढञ्ज सेल संयोजक धर्मेंद्र चौहान के निजी विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाना और उन्हें प्रशासक नियुक्त करना संदेह को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटना सरकारी संरक्षण के बिना संभव नहीं थी। माहरा ने कहा कि पटवारी भर्ती से लेकर ञ्चस्स्स्ष्ट परीक्षाओं तक, हर मामले में भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन सरकार मूल आरोपियों को बचाने में जुटी है। उन्होंने सवाल उठाया कि 2022 की तरह आयोग अध्यक्ष अब तक क्यों नहीं हटाए गए? साथ ही आरोप लगाया कि स्ढ्ढञ्ज पर प्रशासनिक दबाव है, जिससे निष्पक्ष जांच संभव नहीं। इसके अलावा माहरा ने मुख्यमंत्री धामी के राज्य में 25,000 नौकरियों और 41,000 पद सृजित करने के दावे को झूठ करार दिया। उन्होंने आंकड़ों के साथ दावा किया कि धामी सरकार ने अब तक केवल 8995 नियुक्तियां की हैं, जिनमें से 6250 अस्थायी हैं। स्थायी नौकरियों की संख्या मात्र 2745 है। उन्होंने सरकार को चुनौती दी कि अगर कांग्रेस के आंकड़े गलत हैं तो श्वेतपत्र जारी कर सच्चाई सामने लाई जाए। साथ ही पंचायत चुनाव में धांधली के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोग पर लगाए गए अर्थदंड को उदाहरण बताते हुए कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग पूरी तरह सरकार के अधीन हो चुका है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को डीएम-एसपी ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के उद्देश्य से शुरु किए गए मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत थाना भरतकूप में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व बालिकाओं ह्यको सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि बेटियों को अवश्य पढ़ाए, पढ़ाई ही महत्वपूर्ण है। कहा कि सभी महिलाएं स्वयं सहायता समूह ग्रुप से अवश्य जुड़े तथा स्वयं को सशक्त करें। इस दौरान डीएम ने महिलाओं व बालिकाओं को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, वीमेन हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस 102, सामान्य एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, अग्निशमन सेवा 101 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर प्रयोग करने की सलाह दी। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं में विश्वास जागृत किया जा रहा है। बताया कि बेटी के जन्म से स्नातक तक उसकी पढ़ाई-लिखाई की शिक्षा की व्यवस्था सरकार कर रही है। साथ ही शादी के लिए सरकार शादी अनुदान योजना भी चला रही है। कहा कि महिलाएं व बालिकाएं दमदारी के साथ अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़कर काम करें। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने कहा कि महिलाएं व बालिकाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर पहाड़ी थाना प्रभारी अनुपमा तिवारी, मऊ निवासी कुशल वक्ता पल्लवी, रूबी गौतम, निधि सेंगर, पहाड़ी निवासी सिया रानी, अर्चना, पूनम, प्रियंका पाल शाल व बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पुलिस क्षेत्राधिकार नगर अरविंद कुमार वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, विधिक अधिकारी मित्र मुन्नालाल विश्वकर्मा, साकेत सैनी, प्रभारी निरीक्षक भारत को मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0-सहायक पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति टीम के साथ भगवत प्रसाद मेमोरियल में किया शक्ति संवाद

जन एक्सप्रेस । बांदा




मुख्यमंत्री उ0प्र शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में दिनांक 27सितम्बर को सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक द्वारा मिशन शक्ति टीम के साथ शहर क्षेत्र स्थित भगवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बच्चियों को सरल तरीके से गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया। बालिकाओं को बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट (POCSO Act) और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया। मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को 1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर) एवं 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें।

मेविस टॉक ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना,उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था। मेविस टॉक द्वारा हाईस्कूल की छात्राओं से बातचीत कर उनकी कैरियर कॉउंसलिंग की गई तथा उन्हे विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही शासन द्वारा उनके सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हे पम्प्लेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में नन्ही बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया।

# रोडवेज बस को सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर, एक की मौत

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



मध्यप्रदेश के नौगांव से चल कर लखनऊ जा रही हमीरपुर डिपो की रोडवेज बस नम्बर यूपी 78- जे0 एन0 -7154 उजनेड़ी गाँव के पास उस वख्त हादसे का शिकार हो गई, जब सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बस को सीधी टक्कर मार दी। जिसमें बस का अगला हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया।

हादसे में महोबा चरखारी के हाथीखाना निवासी 55 वर्षीय मुसाफिर मुन्ना बसोर, जो हमीरपुर जिला अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात था, और अपनी ड्यूटी पर आ रहा था, उसकी दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बस में बैठे करीब 16 मुसाफ़िर जख्मी हो गये।

वहीं बस के केबिन में फंसे ड्राइवर सुबेक सिंह को बड़ी जद्दोजहद के बाद पुलिस और गांव वालों की मदद से निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि उनकी नाजुक हालत को देखते हुये डाक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया है। हादसे के बाद मुसाफिरों की चीख पुकार सुनकर गाँव के लोग मदद के लिये बस में पहुंचे और हादसे की जानकारी ललपुरा पुलिस को फोन पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गांव वालों की मदद से बस के अन्दर से जख्मी मुसाफिरों को बाहर निकाल कर एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। वही पुलिस ने बताया कि हादसे में एक मुसाफिर की मौत हो गई है, जबकि करीब 14 लोग जख्मी हो गये हैं। जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई गई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिये डाक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया है।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना नरैनी का किया आकस्मिक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । बांदा

शनिवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना नरैनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए तथा विवेचनाओं तथा आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की गई। अपराधों की समीक्षा के क्रम में मुकदमों से सम्बन्धित वाहनों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, अभिलेखो, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष कार्यालय तथा थाने के परिसर की साफ-सफाई आदि का अवलोकन किया गया साथ ही थाने पर आने वाले आगन्तुकों के लिए पेयजल व्यवस्था, प्रतिक्षा कक्ष आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इस दौरान क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्णकान्त त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# शासन की मंशानुरुप पारदर्शिता से करें जनसमस्याओं का निस्तारण: एसपी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

शासन की मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को जनपद के विभिन्न थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने आम जनमानस की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

थाना मानिकपुर में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता व उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम की उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि जमीन से संबंधित समस्याओं में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण कराए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में थाना रैपुरा में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ने जनसामान्य द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक रैपुरा विनोद कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## नवमी को होगा दंगल का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश प्रसाद गौतम ने बताया कि विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी ब्लाक क्षेत्र के लोहदा गांव में स्थित मॉ बालकेश्वरी देवी मन्दिर प्रांगण में नवरात्रि की नवमी तिथि बुधवार को विशाल दंगल एवं भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। बताया कि इस दौरान आयोजित दंगल में चित्रकूट, बॉदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, इलाहाबाद आदि जिलों के पहलवानों के साथ अन्य प्रान्त पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व राजस्थान आदि के महिला एवं पुरूष पहलवान भाग लेंगे।

## बेल और आंवला का क्लस्टर बनेगा बुंदेलखंड

**हमीरपुर/राठ।** केंद्रीय उपोषण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ ने खड़ाखर व चिरवा गांव में पौधरोपण अभियान चलाया गया। ब्रह्मानंद महाविद्यालय के उद्यान विभाग के सहयोग से किसानों को पौधों का वितरण किया गया। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड को बेल, आंवला पैदावार का क्लस्टर बनाया जाएगा। बेल व आंवला की खेती से पोषण सुरक्षा के साथ आमदनी भी बढ़ेगी। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित बिसेन ने बताया कि अखिल भारतीय समन्वित फल अनुसंधान परियोजना शुष्क बागवानी फल के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। खड़ाखर व चिरवा गांव के अनुसूचित जाति के 50 किसानों को बेल, अमरूद, आंवला, नीबू के पौधे दिए। बताया कि अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जाति के किसानों की बागवानी के माध्यम से आय ब?ाना है। कुर्रा गांव के पूर्व प्रधान मानसिंह ने बताया कि गांव में 50 किसान अनुसूचित जाति से हैं जो आम की खेती करना चाहते हैं।

# जनपद के सभी थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

जन एक्सप्रेस । बांदा




मण्डलायुक्त और डीआईजी ने थाना तिन्दवारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना नरैनी में जनता की जनसमस्याएं सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिया निर्देश।

जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम मे दिनांक 27सितम्बर को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया।

थाना समाधान दिवस पर विशेष मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस द्वारा थाना तिन्दवारी में तथा पुलिस अधीक्षक पलाश बसंल द्वारा थाना नरैनी में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा कोतवाली नगर में जनता की शिकायतों को सुना गया।इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया।थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 95 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 43 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने बालिकाओं को किया उनके अधिकारों के प्रति जागरूक

जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट

थाना क्षेत्र स्थित आदर्श इण्टर कॉलिज व कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत बालिकाओं व महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

विद्यालयों में एसपी ने बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक करते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, वीमेन हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस 102, सामान्य एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, अग्निशमन सेवा 101 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि की जानकारी दी तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रयोग करने की सलाह दी। बताया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा व सहायता के लिए एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है।

उन्होंने छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बर के पंपलेट व चॉकलेट वितरित करते हुए आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर कार्य करने व शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बालिकाओं को च्वएंटी रोमियो स्क्वायडज्ज टीम की भी जानकारी दी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बालिकाओं को च्वएंटी रोमियो स्क्वायडज्ज टीम की भी जानकारी दी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रकृति की भाषा को समझें और पर्यावरणपूरक आचरण करें: पदमश्री महेश शर्मा



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मूल्य और सामाजिक उत्तर दायित्व पाठयक्रम के तहत अंगीकृत मासिक प्रार्थना सभा में शुक्रवार को पर्यावरण विदो ने अपनी राय रखी। इस अवसर पर पदमश्री महेश शर्मा ने प्रकृति की भाषा को समझ कर पर्यावरणपूरक आचरण करने का आवाहन किया।

प्रार्थना सभा में पदमश्री महेश शर्मा ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों की भांति प्रकृति की भाषा को जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर्यावरण का महत्वपूर्ण अंग है, जो हमें जल, अग्नि, वायु, आकाश तत्वों के साथ जोड़ कर रखती है। प्रकृति के पांचों तत्व हमारे साथ गहराई से जुड़े हैं और हमें एक करने हेतु प्रतिक्षण लगे रहते हैं।

पदमश्री बाबूलाल दाहिया ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तार से चर्चा करते हुए गांव और गांव में रहने वाले किसान, मजदूर शिल्पी आदि की जीवन शैली और कौशल ज्ञान के स्वरूप को रेखांकित किया। उन्होंने ग्रामीण विद्या घरों की चर्चा करते कहा कि ग्रामीण विकास की वास्तविक धुरी गांव में उपलब्ध संसाधन पर केंद्रित थी।

उड़ीसा के पर्यावरणविद डॉ अनिल कुमार ने सतत पर्यावरण के लिए किए जा रहे कार्यों और सुझावों पर प्रकाश डाला। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की भावनाओं और ग्रामोदय दर्शन के अनुरूप भारतीय संस्कृति, विकास और विरासत उत्थान की दिशा सशक्त प्रयास कर रहा हैं। इस दौरान सरस्वती वंदना, कुलगीत, श्लोक और भावार्थ वाचन, समूह गीत, एकल गायन, भजन आदि गतिविधियां आयोजित की गईं।

## डीएपी वितरण में धांधली पर किसानों का हंगामा, पुलिस ने लाठियां पटकीं

**हमीरपुर/भरुआ सुमेरपुर।** क्रय-विक्रय सहकारी समिति में डीएपी खाद आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। किसानों ने वितरण में भेदभाव का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। समिति प्रभारी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाठियां पटक कर हंगामा कर रहे किसानों को मामला शांत कराया। नायब तहसीलदार ने समिति में टोकन दिलाकर खाद का वितरण कराया। शुक्रवार की सुबह क्रय विक्रय सहकारी समिति में 1500 बोरी डीएपी आई थी। खाद आने की जानकारी मिलने पर किसानों की उमड़ पड़ी। किसानों ने वितरण में भेदभाव का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। समिति के सचिव शुभम त्रिपाठी ने हंगामे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को शांत कराने की कोशिश की, बात न मानने पर पुलिस ने लाठियां पटक कर किसानों को शांत कराकर लाइन लगवाई।

# आपसी सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए एक परिवार को टूटने से बचाया।

परिवार परामर्श केन्द्र की उपनिरीक्षक गीता देवी ने बताया कि थाना मऊ की नींबी ग्राम पंचायत निवासी नीशू शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर जनपद रीवा के थाना जनेह के बधवारी मजरा गढ़ी निवासी पति राजकिशोर सहित ससुरालीजन द्वारा गाली-गलौज, मारपीट व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए निर्देशित किए जाने पर परिवार परामर्श की टीम मुख्य महिला आरक्षी रजनी सिंह, आरक्षी सोनिका द्विवेदी, अनामिका सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर दूसरे पक्ष से सम्पर्क कर परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। जिस पर दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में गाली-गलौज, मारपीट, मानसिक प्रताड़ना आदि न करते हुए पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक-दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर रहने एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

# सदगुरु नवरात्रि उत्सव: डांडिया-गरबा में दिखी अनेकता में एकता और एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

धर्मनगरी चित्रकूट में एक बार फिर से नवरात्रि में धूम देखने को मिल रही है, प्रतिदिन माँ दुर्गा के मंदिरों में जंहा भक्तों की पूजन-अर्चन और दर्शन की भीड़ जुट रही है, तो वही दूसरी ओर देवी पंडालों में डांडिया व गरबा नृत्य महोत्सव की भी काफी धूम मची है। जिसमे सैकड़ो बालक व बालिकाएं, पुरुष और महिलाएं देश के अलग-अलग प्रांतों से अलग-अलग टोली बनाकर डांडिया व गरबा नृत्य कर रहे है। इस नृत्य में लगभग 15 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। ऐसा ही सुंदर नजारा दुर्गा अष्टमी पर सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट के परिसर में देखने को मिला जंहा एक भारत-श्रेष्ठ भारत और अनेकता में एकता की झलक देखने को मिलती है। जाति-पाति, ऊंच-नीच, धर्म आदि का कोई भेदभाव नहीं है। सब मिल-जुलकर इस उत्सव में भाग लेते है।



यहां आयोजित भव्य गरबा महोत्सव में जंहा बुंदेलखंडी व देशभक्ति नृत्य के साथ गुजरात का डांडिया व गरबा नृत्य देखने को मिला। इस आयोजन को देखने के लिए उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों के आस-पास लोग बड़ी संख्या पंहुचते है। वहीं सदगुरु शिक्षा समिति की अध्यक्षा उषा बी जैन ने बताया कि इस चित्रकूट ग्रामीण अंचल में समय पर कुछ उत्सव होते रहने चाहिए। जिससे लोगो में एकता और स्नेह की भावना बनी रहती है। लगभग 30-35 वर्षों से ट्रस्ट में नवरात्रि के दिनों में नौ दिन ये डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें न जाति, न धर्म, न ऊंच-नीच किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जाता। सब धर्म जाति के लोग एक साथ मिलकर इस गरबा नृत्य में भाग लेते है। जिससे सबमें भाई चारा बढ़ता है और जब आपस में भाई चारा बढ़ेगा तभी हमारा देश एक भारत श्रेष्ठ भारत और अनेकता में एकता का देश बनेगा।

लखनऊ एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive




**भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ को बड़ी...**

भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत (उत्तर 24 परगना जिला) की 143वीं वाहिनी के सतर्क जवानों ने एक बड़ी तस्करी की कोशिश नाकाम कर दी। सीमा चौकी तराली-1 पर खुफिया जानकारी के आधार पर की गई कार्रवाई... पढ़ें पेज 12 पर...



# शहीदों की चिताओं पर मेला, मगर तंत्र की संवेदनहीनता पर सवाल

- भगत सिंह की जयंती पर काकोरी में कलश यात्रा और श्रद्धांजलि सभा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती पर राजधानी लखनऊ में रविवार को शहीद रज कलश यात्रा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन सम्मान समारोह का आयोजन होगा। सुबह 10 बजे दुबग्गा पावर हाउस स्थित शहीद स्मारक से शुरू होने वाली कलश यात्रा सीतापुर बाईपास व अंधे की चौकी होते हुए दोपहर तक ऐतिहासिक शहीद मंदिर, काकोरी पहुंचेगी। वहां श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी, जिसके बाद सेनानी परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

### शहादत पर भाषण, परिजनों पर उपेक्षा

विडंबना देखिए, जिन शहीदों ने अपने लहू से देश की आज़ादी की नींव रखी, उनके वंशज आज भी उपेक्षा और तंत्र की बेरुखी झेलने को मजबूर हैं। हर बरस शहीदों की चिताओं पर मेला लगता है, फूल बरसाए जाते हैं, भाषणों में शहादत का जिक्र होता है, मगर उनके परिवारों की समस्याओं पर प्रशासन की चुप्पी बहुत कुछ कह जाती है।

### सिर्फ माल्यार्पण काफी नहीं

आयोजनकर्ता राष्ट्रीय शहीद मेला चैरिटेबल ट्रस्ट और भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दशहरी) के संयोजक मनीष यादव कहते हैं– ÷शहीदों की कुर्बानी केवल भाषणों तक सीमित न रह जाए, इसके लिए समाज के हर वर्ग को इसमें भागीदार बनना होगा।÷ सवाल उठता है कि क्या सिर्फ माल्यार्पण और माला पहनाकर ही शहादत का कर्ज़ चुकाया जा सकता है?

### सम्मान समारोह या औपचारिकता?

दोपहर 1 बजे श्रद्धांजलि सभा और दोपहर 2 बजे से सेनानी परिजन सम्मान समारोह होगा। इसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीद सैनिकों के परिजनों को मंच से सम्मानित किया जाएगा। लेकिन यह सम्मान कितनी दूर तक उनकी पीड़ा का इलाज बन पाता है, यह बड़ा सवाल है। कागज़ पर सम्मान और मंच पर ताली बजाकर शायद जख़्म नहीं भरे जा सकते।

### शहीदों की जमीनों पर कब्ज़े, परिवार न्याय की बाट जोहते

सबसे बड़ा दर्द यही है कि आज़ादी दिलाने वालों के नाम पर राजनीति तो खूब होती है, लेकिन जब उन्हीं शहीदों की जमीनों पर कब्ज़ा हो, उनके परिजन न्याय के लिए भटकते रहें, तो यह समाज और सत्ता दोनों की संवेदनहीनता को उजागर करता है। काकोरी के कई शहीद परिवारों ने आज तक अपनी पुश्तैनी ज़मीन वापस पाने के लिए राजस्व और प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काटे, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला। वहीं, कुछ परिवार तो मूलभूत सुविधाओं–पेंशन, इलाज और शिक्षा–के लिए भी तरसते रहे।

### दादी की आँखें रो-रोकर बुझ गईं

एक शहीद वंशज की पीड़ा बताती है कि किस हद तक यह बेरुख़ी चुभती है। उन्होंने कहा, मेरे दादा ने अंग्रेजों की जेल काटी, पर आज हम अपने ही गाँव में पराए हो गए हैं। ज़मीन पर दबंगों का कब्ज़ा है, और प्रशासन सुनता ही नहीं। दादी हर बरस भगत सिंह की जयंती पर दिया जलाती थीं, अब उनकी आँखें रो-रोकर बुझ गईं।

### राजनीति बनाम असली सम्मान

सच यही है कि शहीदों के नाम पर हर साल मेले और आयोजन होते हैं, नेता और अफसर भाषण झाड़कर चले जाते हैं, पर असली सम्मान वहीं है जब शहीद परिवारों को न्याय मिले, उनकी जिंदगियों में रोशनी पहुंचे और उनकी विरासत सुरक्षित रहे। वरना यह सब आयोजन खोखली औपचारिकताओं से आगे कुछ नहीं।

# नुक्कड नाटकों के माध्यम से प्रदेश ने सुनी लैंगिक समानता की गूज

- लक्ष्य,हर बच्ची, महिला आत्मनिर्भर, सुरक्षित सम्मानित और समानता का जीवन जी सके: लीना जौहरी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आज सभी जनपदों में लैंगिक समानता के विषय पर विशेष जन-जागरुकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड नाटकों का व्यापक आयोजन किया गया। शहरों की गलियों, मोहल्लोंग्राम पंचायतों के चौपालों, स्कूलों और कॉलेजों तक पहुँचते हुए जन-जन के बीच एक सशक्त संदेश छोड कर गये। इस पहल का उद्देश्य लोगों को यह समझाना था कि लैंगिक असमानता केवल महिलाओं या बालिकाओं की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की प्रगति में बाधा है।

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत लगातार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता को महिलाओं और बालिकाओं के जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बनाया जाए। नुक्कड़ नाटक को एक प्रभावी माध्यम के रूप में चुना गया, क्योंकि यह न केवल मनोरंजन के जरिए संदेश पहुँचाता हैबल्कि सीधा संवाद स्थापित करते हुए समुदाय को सोचने और आत्ममंथन करने के लिए प्रेरित करता है। प्रदेश के हजारों स्थानों पर प्रस्तुत किए गए इन नाटकों ने लोगों को सकझोरा और उन्हें लैंगिक असमानता की वास्तविकताओं और समाधान पर विचार करने का अवसर दिया।नुक्कड नाटकों में यह स्पष्ट किया गया कि लैंगिक असमानता का अर्थ है महिलाओं और पुरुषों को अवसरों, संसाधनों, शिक्षा, रोजगार, निर्णय लेने और सामाजिक मान्यता में समानता न मिलना। यह असमानता समाज की जड़ों में गहराई से बसी हुई है, जो बचपन से ही लडकियों और लडकों के बीच भेदभाव, शिक्षा और स्वास्थ्य में असमान पहुँच, कार्यस्थलों पर भेदभावपूर्ण व्यवहार, वेतन असमानता और सामाजिक-सांस्कृतिक मान्यताओं में दिखाई देती है। नाटकों के जरिए दर्शाया गया कि जब लडकियों को शिक्षा में पीछे रखा जाता है या उनके करियर विकल्पों को सीमित किया जाता है. तो पूरा समाज एक संभावित प्रतिभा और संसाधन से वंचित हो जाता है। इसी तरह जब महिलाएँ कार्यस्थल पर असमान व्यवहार का सामना करती हैं, तो न केवल उनकी आत्मनिर्भरता प्रभावित होती है. बल्कि देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति भी धीमी हो जाती है।इन नाटकों में समाधान के रूप में यह संदेश भी दिया गया कि लैंगिक समानता केवल कानूनों के बल पर ही नहीं, बल्कि समाज की सोच में परिवर्तन से ही संभव है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 केवल महिलाओं और बालिकाओं के लिए योजनाओं की श्रृंखला नहीं है, बल्कि यह एक सतत सामाजिक क्रांति है। लैंगिक समानता इस क्रांति की आधारशिला है. क्योंकि जब तक समाज में महिलाओं और पुरुषों को समान अवसर और अधिकार नहीं मिलेंगे, तब तक विकास अधूरा रहेगा। हमारा लक्ष्य यह है कि प्रत्येक बच्ची और प्रत्येक महिला आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सम्मानित और समानता का जीवन जी सके। आज के नुक्कड नाटकों ने सशक्त संदेश दिया है कि यह परिवर्तन केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार और समुदाय की भागीदारी से ही संभव है।

### लोगों ने पूरे उत्साह से इन नाटकों को देखा और विचार विमर्श किया

प्रदेशभर में हुए इन आयोजनों में भारी जन-सहभागिता देखने को मिली। गाँवों में चौपालों पर और कस्बों की गलियों में लोगों ने पूरे उत्साह से इन नाटकों को देखा और विचार विमर्श किया। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार साझा किए। कई स्थानों पर दर्शकों ने स्वयं आगे आकर यह संकल्प लिया कि वे अपनी दैनिक जीवनशैली और सोच में बदलाव लाएँगे तथा बेटियों और बेटों के बीच भेदभाव की दीवार को तोड़ेंगे। विभाग द्वारा 22 सितम्बर से 26 सितम्बर के मध्य आयोजित किये गये कार्यक्रमों के माध्यम से 4,01,702 व्यक्तियों को जागरूक किया है जिसमें महिला पुरुष, बालक एवं बालिकायें सभी शामिल है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (उत्तरी क्षेत्र) लखनऊ और नगर निगम जोन-3, अलीगंज ने संयुक्त रूप से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शनिवार को सफाई अभियान चलाया। यह अभियान पूर्णिया चौराहा अलीगंज से केंद्रीय भवन सेक्टर-II तक संचालित किया गया। अभियान में नगर निगम की ओर से जोनल अधिकारी अमरजीत यादव एवं संचिता मिश्रा, स्नेह्रढ़ ने अगुवाई की। वहीं, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की ओर से निदेशक एवं कार्यालय अध्यक्ष भृगुशंकर के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया। अभियान का समापन स्वच्छता शपथ के साथ किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भूवैज्ञानिक एवं जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी है और ऐसे अभियानों से जनजागरूकता बढ़ती है।

# 'आई लव मोहम्मद' विवाद के बीच लखनऊ की सड़कों पर लगी 'आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' की होर्डिंग्स

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




उत्तर प्रदेश में इन दिनों आई लव मोहम्मद मामला तूल पकड़ रहा है। कई शहरों से इसको लेकर प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के नेता द्वारा राजधानी लखनऊ में कई जगह आई लव योगी आदित्यनाथ और आई लव बुलडोजर की होर्डिंग्स लगाई गई हैं। यह होर्डिंग्स भाजपा युवा मोर्चा, लखनऊ के महासचिव अमित त्रिपाठी की तरफ से लगाई गई हैं। इसकी तस्वीरें सामने आईं तो सूबे में राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गईं। दरअसल, विवाद की शुरुआत 9 सितंबर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर आई लव मोहम्मद लिखे बोर्ड लगाए गए। इस पर पुलिस ने नौ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले ने तूल पकड़ते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी तक का ध्यान खींचा, जिन्होंने कहा था कि आई लव मोहम्मद कहना कोई अपराध नहीं है। धीरे-धीरे यह विवाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों से निकलकर उत्तराखंड और कर्नाटक तक फैल गया, जहां विरोध-प्रदर्शन और पुलिस की सख्ती देखने को मिली।

# सरकारी ज़मीन पर कब्ज़े का साम्राज्य

- आर्यन फैमिली रेस्टोरेंट-होटल और लॉन बना प्रशासनिक भ्रष्टाचार का गढ़
- सरकारी ज़मीन पर माफिया का कब्ज़ा, अफसर बने मूकदर्शक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



696 राज्य संपत्ति में बना होटल


1289 राज्य सरकार की जमीन में बन रहा आलीशान मकान


सरकारी जमीन पर कब्जेदार सुरेंन्द्र पाल

राजधानी लखनऊ में सरकारी ज़मीन पर कब्ज़े का खेल लगातार बढ़ता जा रहा है। गाटा संख्या 696 (0.2910 हेक्टेयर) जो राज्य संपत्ति विभाग के नाम दर्ज है, उस पर आर्यन फैमिली रेस्टोरेंट, होटल और लॉन खड़ा कर दिया गया है। यह अवैध कब्ज़ा कई सालों से जारी है। अब कब्ज़ेदारों ने एक और सरकारी ज़मीन निगलने की तैयारी कर ली है।

### नई ज़मीन पर धड़ल्ले से तीन मंजिला इमारत

गाटा संख्या 1289 (0.5315 हेक्टेयर) पर कब्ज़ाधारी सुरेंद्र पाल सिंह ने तीन मंज़िला इमारत खड़ी करनी शुरू कर दी है। निर्माण कार्य बिना नगर निगम और एलडीए से नक्शा पास कराए जारी है। अभिलेखों में यह ज़मीन साफ-साफ राज्य सरकार के नाम दर्ज है।

### आदेश का सहारा, कब्ज़े का खेल

25 अगस्त 2021 को तहसील खुशहालगंज ने आदेश जारी किया। गाटा संख्या 692, 693 और 694 से जुड़े हिस्से को बैनामे के आधार पर सुरेंद्र पाल की पत्नी श्रीमती गुड़िया के नाम चढ़ा दिया गया। इस आदेश का सहारा लेकर निजी ज़मीन को सरकारी भूमि से मिलाकर खड़ा कर दिया गया आर्यन होटल।

### प्रशासन की चुप्पी, भ्रष्टाचार की गवाही

- नगर निगम, एलडीए और राजस्व विभाग–तीनों संस्थाएं चुप।
- करोड़ों की सरकारी ज़मीन हड़पने के बावजूद कार्रवाई का नामोनिशान नहीं।
- यह चुप्पी प्रशासन और माफिया की मिलीभगत को उजागर करती है।

### जनता का सवाल

- सरकारी अभिलेखों में ज़मीन राज्य सरकार के नाम दर्ज है, फिर होटल और लॉन कैसे खड़ा हो गया?
- शिकायतें मुख्यमंत्री तक पहुंचने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं?
- क्या ज़मीन माफिया और अफसरों का गठजोड़ इतना मज़बूत है कि सरकार भी बेबस है?

### निचोड़

आर्यन फैमिली होटल और लॉन का यह मामला सिर्फ़ एक होटल का नहीं, बल्कि सरकारी ज़मीन पर कब्ज़े और भ्रष्ट सिस्टम की जीवंत तस्वीर है। जब तक दोषी अफसरों और माफिया पर सख़्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक लखनऊ ही नहीं, पूरे प्रदेश में सरकारी ज़मीनें ऐसे ही हड़पी जाती रहेंगी

# प्रवासी मज़दूर परिवारों में शिक्षा और पोषण की नई राह

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रमुख सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा पुष्टाहार लीना जौहरी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा का तिलपता क्षेत्र प्रवासी मज़दूर परिवारों का प्रमुख ठिकाना है। इन परिवारों के माता-पिता रोज़गार की तलाश में सुबह से शाम तक मेहनत-मज़दूरी में जुटे रहते हैं। रोज़ी-रोटी की जद्दोजहद में बच्चों की परवरिश, पोषण, समय पर टीकाकरण और प्रारंभिक शिक्षा जैसे पहलू अक्सर पीछे छूट जाते हैं। अधिकांश बच्चे आंगनवाड़ी केंद्रों से वंचित रह जाते और विद्यालय में प्रवेश के समय अन्य बच्चों की तुलना में पिछड़ जाते थे।

इसी चुनौती को गंभीरता से समझा आंगनवाड़ी कार्यकत्री जयलता आयु 42 वर्ष ने। उन्होंने न केवल समस्या को पहचाना बल्कि इसे हल करने के लिए ठोस कदम उठाए।जयलता ने प्रवासी परिवारों तक पहुँचने का बीड़ा उठाया। वे घर-घर जाकर माता-पिता से संवाद करतीं और उन्हें समझातीं कि बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा उनके भविष्य की बुनियाद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक शिक्षा आगे चलकर बच्चों के जीवन की दिशा तय करती है।

आंगनवाड़ी केंद्र पर उन्होंने बच्चों को आकर्षित करने के लिए कई रचनात्मक कदम उठाए। खेल-खेल में सीखने की गतिविधियाँ, कहानी सुनाना और गीत-संगीत जैसी विधियाँ बच्चों के बीच लोकप्रिय हुईं। स्थानीय व कम लागत वाले साधनों से शैक्षिक खेल और सामग्री तैयार की गई, जिससे बच्चे सहज रूप से केंद्र से जुड़ने लगे।इन निरंतर प्रयासों के परिणाम जल्द ही दिखने लगे। हर वर्ष 20-25 प्रवासी परिवारों के बच्चे आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़ने लगे। बच्चों की नियमित उपस्थिति में वृद्धि हुई और उनमें आत्मविश्वास विकसित हुआ। माता-पिता अब अपने बच्चों के पोषण, टीकाकरण और शिक्षा के प्रति सजग हो गए हैं। कई बच्चे अब पास के विद्यालयों में दाखिल होकर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह हुआ कि समुदाय में आंगनवाड़ी केंद्र और कार्यकर्ता के प्रति भरोसा बढ़ा है।यह बदलाव किसी आश्चर्य से कम नहीं। यह एक कार्यकर्ता की संवेदनशीलता, समर्पण और निरंतर संवाद का परिणाम है। जयलता ने साबित कर दिया कि नीयत साफ़ हो और प्रयास निरंतर हों, तो समाज के सबसे वंचित वर्गों तक सकारात्मक परिवर्तन पहुँच सकता है।आज तिलपता का आंगनवाड़ी केंद्र केवल एक शैक्षिक केंद्र नहीं, बल्कि पूरे समुदाय के लिए विश्वास और प्रगति का प्रतीक बन चुका है।

# 2017 से पहले यूपी पिछड़ा था, आज आर्थिक तरक्की की मिसाल है: खन्ना

- वित्त मंत्री ने ट्रांसफॉर्मिंग फाइनेंशियल लैंडस्केप इन यूपी सेशन को किया संबोधित
- योगी सरकार में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था, 15 लाख करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर उतरा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

2017 से पहले जो यूपी पिछड़ा था, आज आर्थिक तरक्की की मिसाल बन चुका है। अब यूपी सुरक्षा और सुशासन का पर्याय बन चुका है। प्रदेश विकास के पैमाने पर चौतरफा तरक्की कर रहा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आयोजित ट्रांसफार्मिंग फाइनेंशियल लैंडस्केप इन यूपी में कहीं। कार्यक्रम को प्रदेश के एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, वित्त विभाग के विशेष सचिव समीर वर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महा प्रबंधक इंदर मोहन सिंह समेत कई अन्य अतिथियों ने संबोधित किया। यूपीआईटीएस उद्यमियों के लिए बेहतरीन प्लेटफॉर्म वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के उद्यमियों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म है। यह आयोजन किस कदर सफल है, इसका अंदाजा यहां बढ़ रही निवेशकों और उद्यमियों की संख्या से लगाया जा सकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि जब से केंद्र में एनडीए और यूपी में योगी सरकार आई है, कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ हुई है और संगठित अपराध खत्म हो चुका है। इसके चलते जो प्रदेश कभी अर्थव्यवस्था और विकास के पैमाने पर पिछड़ा हुआ था वह अब तरक्की की नई इबारत लिख रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिना थके, बिना रुके यूपी के विकास के लिए सतत काम कर रहे हैं। 2017 से पहले यूपी की स्थिति बेहद खराब थी, लेकिन आज पूरी दुनिया में लोग यूपी को बेहतर कानून व्यवस्था और आर्थिक तरक्की के लिए जानते हैं।

# स्वास्थ्य विभाग में फर्जीवाड़ा और साजिश का खेल: फर्जी पत्रों से विभाग में हड़कंप, ईमानदार की आवाज़ दबाने की गंदी चाल

- सीएमओ कार्यालय से जुड़ा फर्जी शिकायती पत्र कांड

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी के स्वास्थ्य विभाग में एक और काला कारनामा उजागर हुआ है। भ्रष्टाचार की परतें खोलने वाले शिकायतकर्ता के खिलाफ ही विभागीय कर्मचारियों ने फर्जीवाड़े का नया हथियार निकाल लिया। विभाग में पहले से ही गड़बड़ियों और घोटालों की चर्चाएं हैं, अब इस घटना ने आग में घी डालने का काम किया है।

### शिकायतकर्ता के नाम से गढ़े जा रहे झूठे आरोप

शिकायतकर्ता आशीष कुमार सिंह ने अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को पत्र लिखकर बताया कि उनके नाम से झूठे शिकायती पत्र बनवाकर विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाए जा रहे हैं। यह न सिर्फ नैतिक रूप से गलत है बल्कि सीधे-सीधे कानून का उल्लंघन भी है। साफ दिखता है कि सच बोलने वालों को दबाने और डराने का खेल खेला जा रहा है।

### स्वास्थ्य कार्यकर्ता अंकुर श्रीवास्तव पर सीधा आरोप

उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ता अंकुर श्रीवास्तव को खुलेआम कटघरे में खड़ा किया है। आरोप है कि यही कर्मचारी लगातार फर्जी शिकायती पत्र गढ़कर माहौल बिगाड़ने में जुटा है। विभाग के भीतर जिस तरह से वह सक्रिय है, उससे साफ है कि उसके पीछे बड़े अधिकारियों का संरक्षण भी हो सकता है।




### जीपीओ डाकघर से रात में भेजे जाते हैं फर्जी पत्र

खुलासा हुआ है कि अंकुर देर रात जीपीओ डाकघर से स्पीड पोस्ट के जरिए फर्जी शिकायतें भेजता है। इन पत्रों में शिकायतकर्ता का नाम और हस्ताक्षर तक जबरन चिपका दिए जाते हैं। सवाल उठता है कि इतनी बड़ी संख्या में झूठे पत्र जाते हैं, फिर भी डाकघर और विभागीय अधिकारी चुप क्यों रहते हैं?

### सीसीटीवी और फॉरेंसिक जांच से खुल सकता है राज़

शिकायतकर्ता ने चुनौती दी है कि अगर सीसीटीवी फुटेज और फॉरेंसिक जांच कराई जाए तो पूरा षड्यंत्र खुल जाएगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इतनी हिम्मत दिखाएगा? अक्सर देखा गया है कि ऐसे मामलों को दबा दिया जाता है और फाइलों में धूल जमने दी जाती है।

### आशुलिपिक अखिलेश पर देर रात दबाव डालने का आरोप

इसी सिलसिले में आशुलिपिक अखिलेश कुमार पर भी गंभीर आरोप है। बताया गया कि 26 सितम्बर की रात उन्होंने फोन कर शपथपत्र दाखिल करने के लिए दबाव बनाया। ऐसे दबाव डालने का मतलब साफ है–साजिशकर्ताओं को सच को अपने हिसाब से मोड़ने की जल्दबाजी थी।

### विभागीय ड्यूटी खत्म होने के बाद हुआ संदिग्ध फोन कॉल

जबकि विभागीय ड्यूटी शाम 5 बजे तक ही रहती है। ऐसे में देर रात किया गया कॉल शिकायतकर्ता के मुताबिक, स्पष्ट रूप से दबाव और षड्यंत्र का सबूत है। आमतौर पर विभागीय कर्मचारी इस समय घर चले जाते हैं, लेकिन यहां रात में फोन कर दबाव डालना इशारा करता है कि मंशा कहीं न कहीं खतरनाक थी।

### ईमानदार शिकायतकर्ता को फंसाने की साजिश का खेल

आशीष सिंह का कहना है कि वे लंबे समय से भ्रष्टाचार उजागर करने में लगे हैं, लेकिन अब उन्हें ही बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। विभाग के भीतर भ्रष्टाचारियों की एक पूरी टीम उन्हें चुप कराने में जुटी है। सच बोलने वालों को इस तरह फंसाना लोकतंत्र की मूल भावना पर भी चोट है।

### भ्रष्टाचार उजागर करने वालों को बनाने की कोशिश बलि का बकरा

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की जगह, उल्टा उन्हें ही बलि का बकरा बनाया जा रहा है। इससे ईमानदार कर्मचारियों और आम जनता का भरोसा भी टूट रहा है। विभाग में यह संदेश जा रहा है कि भ्रष्टाचारियों को खुली छूट है और सच बोलने वाले भुगतेंगे।

### षड्यंत्र में लिप्त अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

शिकायतकर्ता ने मांग की है कि षड्यंत्र में लिप्त अधिकारियों-कर्मचारियों को तुरंत निलंबित किया जाए और कठोर कार्रवाई कर जनता के सामने सच्चाई लाई जाए। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो यह साजिश विभाग की साख को और गिरा देगी। अब गेंद पूरी तरह प्रशासन के पाले में है।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत शिक्षिकाओं ने निकाली पिंक रैली

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा पिंक रैली का आयोजन किया गया।रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी संजय चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा,शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्म निर्भरता से जुड़े संदेश दिए गए।शिक्षिकाओं ने रैली के माध्यम से महिलाओं,बालिकाओं को विभिन्न



हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी,जिनमें महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090 एवं आपात कालीन सेवा 112 शामिल रहे।साथ ही उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि च्नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक शक्ति है।

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य यही है, कि प्रत्येक महिला एवं बालिका अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे और किसी भी समस्या की स्थिति में निडर होकर प्रशासन से मदद प्राप्त कर सके।उन्होंने आगे कहा कि हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी महिला या बालिका स्वयं को असुरक्षित महसूस न करे।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## सरकारें लाठी चार्ज से नहीं सौहार्द सद्भाव से चलती है

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आफताब अहमद रज्जू खान एडवोकेट ने कहा कि कानपुर में आई लव मोहम्मद लिखे हुए नारो पर हुई एफ आई आर के विरोध में बरेली में मौलाना तौकीर रजा खान साहब के आवाहन पर शांतिपूर्वक तरीके से विरोध प्रदर्शन व ज्ञापन देने के लिए जा रहे मुस्लिम नौजवान युवकों पर पुलिस द्वारा बरबरता पूर्वक लाठी चार्ज की कड़े शब्दों में हम निंदा करते हैं। खान ने कहा कि जो सरकारें कमजोर होती हैं वही बल प्रयोग करके अपनी ताकत दिखती है सरकारे लाठीचार्ज से नहीं सौहार्द सद्भाव से चलती है। भारतीय संविधान हमें अपने धार्मिक आजादी की पूरी छूट देता है हम अपने पैगंबर हुजूर सल्लाहो अलहेवसल्लम का नाम अदब और एहतराम के साथ लेते हैं और उनका नाम लेने पर पाबंदी लगाना यह संविधान का खुला उल्लंघन है। हमारी मांग है कि दोषी अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और निर्दोष लोगों पर हुई एफ आई आर वापस ली जाए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत, गांव में दहशत का माहौल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मोहनगंज थाना क्षेत्र के चौकी शंकरगंज अन्तर्गत पूरे घिसई गांव में शनिवार सुबह एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पड़ा मिला।मृतक की पहचान गांव निवासी लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक मृतक लकड़ी काटने के उद्देश्य से साइकिल से घर से निकला था। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता सताने लगी।

परिजन अपने स्तर पर काफी देर तक उसकी तलाश करते रहे,लेकिन कहीं से कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसी बीच शनिवार सुबह गांव से गुजर रहे राहगीरों ने सड़क किनारे अधेड़ का शव देखा।शव देखते ही लोगों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार जन मौके पर पहुंचे और रो-रोकर बेहाल हो उठे। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर तुरंत मोहन गंज पुलिस, एसओजी टीम और मोबाइल यूनिट पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

पुलिस ने आस पास मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ की और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतक की साइकिल भी उसके शव के पास ही पड़ी मिली,जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है,कि घटना अचानक हुई है। हालांकि, मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। प्रारंभिक जांच में किसी तरह की चोट या झगड़े की पुष्टि नहीं हो पाई है। लेकिन हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। ग्रामीण दबी जुबान में तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।परिजन गहरे शोक में डूबे हुए हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोग लगातार यही सवाल उठा रहे हैं,कि आखिर उनके घर के कमाने वाले सदस्य की मौत कैसे हुई। इस घटना ने इलाके के लोगों को सकते में डाल दिया है।गांव के लोग अब पुलिस जांच पर ही भरोसा जता रहे हैं।उधर पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है,कि मामले की पूरी छानबीन की जाएगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मीटर रीडरों पर दबंगों का हमला, एफ आई आर दर्ज

## एससी-एसटी एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**

तिलोई क्षेत्र के अलाईपुर गांव में शनिवार को बिजली विभाग के कर्मचारियों पर दबंगों ने हमला कर दिया।घटना उस समय हुई जब विद्युत उपखंड तिलोई में कार्यरत मीटर रीडर बकाया बिल वसूली और मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे थे। हमले के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।जानकारी के मुताबिक विद्युत कर्मियों की टीम गांव में उपभोक्ताओं से बकाया बिल जमा कराने और मीटर रीडिंग करने गई थी।इसी दौरान अलाईपुर गांव के कुछ दबंगों ने टीम पर हमला कर दिया और अभद्रता की।पीड़ित कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना अपने उच्च अधिकारियों को दी और बाद में मोहनगंज कोतवाली पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।पीड़ित मीटर रीडरों ने बताया कि वे विभागीय आदेशों के तहत अपना नियमित कार्य कर रहे थे,लेकिन गांव के दबंगों ने उन्हें रोककर मारपीट और गाली-गलौज की।इस दौरान विभागीय दस्तावेज भी छीने जाने की बात सामने आई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।मोहनगंज पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अशोक,नागेंद्र,अजय कुमार और रामकुमार नाजद चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।पुलिस ने बताया कि आरोपियों पर एससी-एसटी एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच शुरू कर दी गई है।और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

इस घटना से बिजली विभाग के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।उनका कहना है कि लगातार बकाया वसूली और मीटर रीडिंग के दौरान इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं,जिससे कर्मचारी दहशत में हैं। उनका कहना है कि लगातार बकाया वसूली और मीटर रीडिंग के दौरान इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं,जिससे कर्मचारी दहशत में हैं। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे,ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।उधर पुलिस प्रशासन का कहना है,कि किसी भी सरकारी कर्मचारी के साथ बदसलूकी और हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।दोषियों को हर हाल में जेल भेजा जाएगा।

## पूर्व प्रांत संघ संचालक के निधन पर विद्यालय में शोक सभा का आयोजन

**तुलसीपुर बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल एवं आदि शक्ति विद्यापीठ, नंदमहरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के पूर्व प्रांत संघचालक, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय के सेवा निवृत्त आचार्य प्रो. उदय प्रताप सिंह के मृत्यु का समाचार प्राप्त होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने मौन रखकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के पूर्व प्रांत संघचालक, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय के सेवा निवृत्त आचार्य प्रो. उदय प्रताप सिंह जी का 27 सितंबर को प्रातः 3ः00 बजे 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

# आश्रम में लगे 'आइ लव महादेव' पोस्टर, 'आइ लव मोहम्मद' अभियान पर जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के टीकरमाफी स्थित आश्रम में शनिवार को अचानक 'आइ लव महादेव'के पोस्टर लगाए जाने से क्षेत्र में हलचल मच गई। यह कदम आश्रम के पुजारियों और पदाधिकारियों ने उस समय उठाया जब मुस्लिम युवाओं द्वारा सोशल मीडिया पर 'आइ लव मोहम्मद' मुहिम चलाई जा रही है। आश्रम परिसर की दीवारों और प्रमुख स्थानों पर लगाए गए पोस्टरों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आश्रम से जुड़े संतों और पदाधिकारियों ने कहा कि यह पहल सनातन संस्कृति, हिंदुत्व और राष्ट्र की आत्मा के सम्मान में की गई है। उनका कहना है कि नई पीढ़ी को अपनी आस्था और संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। और यही संदेश समाज तक पहुँचाना इस अभियान का उद्देश्य है। आश्रम के पुजारी दिनेशानंद महाराज ने कहा, महादेव केवल हमारे आराध्य



ही नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा भी हैं। जब समाज अपने ईष्ट को प्रेम और श्रद्धा से याद करता है, तभी राष्ट्र मजबूत होता है। युवा पीढ़ी को यह सीखना जरूरी है कि अपनी परंपराओं और धर्म पर गर्व करना ही सच्ची प्रगति है। इसी क्रम में आश्रम के प्रमुख स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि 'आइ लव महादेव' अभियान केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं बल्कि सांस्कृतिक चेतना का भी परिचायक है।

उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को सनातन धर्म और भारतीय परंपराओं के गौरव से जोड़ने के लिए की गई है। आश्रम पदाधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी वर्ग विशेष का विरोध करना नहीं है, बल्कि समाज को यह संदेश देना है, कि अपनी संस्कृति और परंपराओं पर गर्व करना समय की मांग है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे एवं इस पहल का समर्थन किया। घटना की सूचना पर जब पुलिस से पूछा गया तो थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी अभी उन्हें नहीं है। हालांकि उन्होंने बताया कि आश्रम में लगे पोस्टरों की जांच के लिए टीम भेजी गई है। स्थानीय स्तर पर इस घटना ने चर्चा का विषय बना दिया है। जहां कुछ लोग इसे सांस्कृतिक जागरूकता की पहल मान रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसे सोशल मीडिया पर चल रहे धार्मिक अभियानों के जवाब के रूप में देख रहे हैं। फिलहाल पुलिस की जांच और प्रशासनिक रुख सामने आने का इंतजार है।

# आज मुख्यमंत्री करेंगे जनपद की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

अपने जनपद दौरे के दूसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 825.29 करोड़ की 124 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा बलरामपुर में राजकीय पॉलीटेक्निक का लोकार्पण भी करेंगे। सड़क, पुल, शिक्षा, परिवहन, गृह, पुलिस आदि से जुड़ीं इन परियोजनाओं का लाभ मंडलवासियों को मिलेगा।

आज यानी रविवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी की जा चुकी है।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा रविवार सुबह मां पाटेश्वरी देवी के दर्शन-पूजन व गोसेवा के उपरांत जनपदवासियों को विकास की बड़ी सौगात देंगे। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री जनपदवासियों को शिक्षा क्षेत्र में बड़ी सौगात देंगे। सीएम ने 17 फरवरी 2020 में राजकीय पॉलीटेक्निक घुघुलपुर, बलरामपुर के भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। 2029.00 लाख रुपये खर्च कर यह कार्य पूरा हो चुका है। रविवार को इसका लोकार्पण किया जाएगा।

**256 करोड़ से अधिक की 62 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे सीएम योगी**

मुख्यमंत्री 256 करोड़ से अधिक की 62 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के आवासीय भवनों के लिए टाइप-4 के छह आवास, टाइप-3 के 12 आवास व टाइप-2 के 12 आवासों का लोकार्पण करेंगे। बलरामपुर में ट्रांजिट हॉस्टल का भी शुभारंभ करेंगे। राजकीय आईटीआई बेलीकलान तुलसीपुर व विशुनपुर विश्राम में 100-100 सीटेड महिला व पुरुष छात्रावास का लोकार्पण भी करेंगे। इसके साथ ही थाना कोतवाली देहात, थाना पचपेड़वा, थाना महराजगंज व हरैया में हास्टल, बैरक व विवेचना कक्ष की भेंट देंगे। इसके अलावा बलरामपुर के जिला मेमोरियल अस्पताला में ओपीडी, गैसड़ी के कार्यालय भवन का निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। चाउरखाता मंदिर स्थल का पर्यटन विकास व देवीपाटन मंदिर में फसाड लाइटिंग कार्य का भी शुभारंभ होगा। तुलसीपुर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, उन्हें जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री ओवरब्रिज का शिलान्यास करेंगे। बलरामपुर में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के लिए फोरलेन मार्ग के निर्माण का शिलान्यास करेंगे। 261 करोड़ रुपये से 1.75 किमी. लंबे इस फोरलेन कार्य का जल्द ही शुभारंभ हो जाएगा। घुघुलपुर में बस स्टेशन का होगा

**आवास निर्माण, बारात घर निर्माण कार्य का भी होगा शिलान्यास**

उतरौला तहसील में टाइप 3 के चार आवासीय भवन व राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बालापुर बलरामपुर में शिक्षक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के कुल 15 आवासों के निर्माण का भी शिलान्यास करेंगे।

## निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराएं कार्यदाई संस्थाए : डीएम

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता, समयबद्धता एवं वित्तीय प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई।

इन कार्यो में गंगा घाट, राम जानकी मंदिर, निराश्रित गोआश्रय, आश्रम पद्धति विद्यालय, जल निगम के कार्य, सेतु निर्माण, स्टेडियम निर्माण, सड़क निर्माण, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय निर्माण, मण्डी परिषद, नहर, पेय जल, खेल कूद आदि के निर्माण कार्य प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# वृद्धा आश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व जागरूकता अभियान का शुभारंभ, वृद्धजनों ने जताई खुशी

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के दहीरपुर वृद्धा आश्रम में जीडी एंड बीडी ब्रदर्स फाउंडेशन के तत्वाधान निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने आश्रम में रह रहे वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में रक्तचाप, शुगर, सर दर्द, बुखार आंख व हड्डियों से जुड़ी जांच की गई।

शुभम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ बीडी वर्मा ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें विभिन्न बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक करना रहा। शिविर के दौरान वृद्धजन




उत्साहित नजर आए और उन्होंने इस पहल पर खुशी जताई।

आश्रम प्रबंधन ने बताया कि ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि बुजुर्गों को बिना किसी परेशानी के चिकित्सकीय सुविधाएं मिलती रहें। कार्यक्रम में मौजूद समाजसेवियों ने कहा कि यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायी है और इससे बुजुर्गों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। शिविर के दौरान विजय वर्मा, दीपक, अरविंद, अशरफ, प्रभात, सत्येंद्र, सरोज वर्मा, दिनेश, उमाशंकर आदि लोग मौजूद रहे।

# कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दी गई विशेष जानकारी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में शनिवार को महाविद्यालय, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं जिला सेवा योजना विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर कॉउन्सलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कैडेटों और छात्र-छात्राओं को अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के मंत्र दिये गए। एसएसबी 9वीं वाहिनी के उप कमांडेंट ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया ।

जानकारी के अनुसार 27 सितंबर को आयोजित कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह, मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता 9 वीं बटालियन एसएसबी की उप कमांडेंट नैनसी सिंगला, जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता व कार्यक्रम संयोजक डॉ अवनीन्द्र दीक्षित ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।



कार्उंसिलिंग कार्यक्रम में उपस्थित कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डिप्टी कमांडेंट नैनसी सिंगला ने कहा कि अनुशासन व समर्पित भाव से किये गए कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। निरुद्देश्य शिक्षा किसी काम की नहीं है इसलिए खुद को पहचानो और अपनी कमियों का आंकलन कर उसमें सुधार करके अपनी एक व्यक्तित्व का निर्धारण करना ही एक कर्मयोगी विद्यार्थी की असली पहचान है।

उन्होंने राजपत्रित अधिकारी व गैर राजपत्रित अधिकारी से संबंधित पदों पर भर्ती के संबंध में जानकारी देने के साथ ही सीपीएफ परीक्षा अंतर्गत एस एस बी,बी एस एफ, सी आई एस एफ सहित कई पदों पर चयन के लिए पात्रता, शैक्षिक योग्यता, शारीरिक क्षमता आदि के संबंध में विधिवत जानकारी दी। जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने कहा कि विभाग समय समय पर विद्यार्थियों के उन्नयन हेतु ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। उन्होंने कहा कि करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनकी रुचियों, कौशल और मूल्यों के अनुसार सही करियर पथ चुनने में मदद करना है, जिससे उन्हें नौकरी में संतुष्टि और सफलता मिले। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया जबकि विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन व कार्यक्रम संयोजक डॉ अवनीन्द्र दीक्षित ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत योग शिविर का आयोजन

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल 9वीं वाहिनी मुख्यालय पर **स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार** अभियान के अंतर्गत योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार 26 सितम्बर को सशस्त्र सीमा बल 9 वीं वाहिनी मुख्यालय में **स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार** अभियान के अंतर्गत योग प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं बल कर्मियों ने पूरे उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लिया। शिविर के दौरान वाहिनी के योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। योग के निरंतर अभ्यास को स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं कार्यक्षमता बढ़ाने का महत्वपूर्ण साधन बताया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने योग की उपयोगिता को जीवन में अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

# एक दिन की डीएम बनी छात्रा ने जनता दर्शन में सुनी जन सामान्य की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तीकरण हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत जनपद में बीएनकेबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर की छात्रा साक्षी विश्वकर्मा (एम0ए0 फाइनल ईयर) ने एक दिन की जिलाधिकारी के रुप में कार्य संभाला और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को निभाया। इस दौरान एक दिन की जिलाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में दूरदराज से आयी जनता की समस्या को गंभीरता से सुना, साथ ही कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये, इस दौरान एक दिन की कलेक्टर द्वारा जन सामान्य की समस्याओं को सुनते हुए उसके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता विद्युत द्वारा एक सरकारी भवन में पंचायती राज विभाग के विद्युत बिल बकाए की समस्या से



अवगत कराया गया जिस पर एक दिन की कलेक्टर द्वारा जिलाधिकारी के स्टोनों को विद्युत विभाग एवं पंचायती राज विभाग के साथ बैठक बुलाने के निर्देश दिए गए जिससे समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा एक दिन की जिलाधिकारी को जिलाधिकारी के कार्य एवं दायित्व तथा प्रशासनिक कार्यों की जानकारी प्रदान की गई।

इसके उपरांत एक दिन की जिलाधिकारी बनी साक्षी विश्वकर्मा, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला द्वारा तहसील सभागार अकबरपुर में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला कार्मिकों यथा मुख्य सेविका, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आंगनवाड़ी सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को प्रशस्ति पत्र तथा दिव्यांगजनों को पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## इंटर हाउस गायन प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल में शनिवार को इंटर-हाउस गायन प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदन लिली हाउस, लैवेंडर हाउस, ऑर्किड हाउस तथा ट्यूलिप हाउस के छात्र-छात्राओं ने अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार 27 सितंबर को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित इंटर हाउस गायन प्रतियोगिता को जूनियर और सीनियर दो श्रेणियों में विभाजित किया गया था। प्रथम स्थान ऑर्किड हाउस की अक्षिता शुक्ला (कक्षा 7-डी) एवं आहाना सिंह (कक्षा 10-ई), द्वितीय स्थान ट्यूलिप हाउस के सैय्यद मुबश्शशराह रूमी (कक्षा 8-ए) एवं आर्या श्रीवास्तव (कक्षा 12-ए), तृतीय स्थान लैवेंडर हाउस के अशाज़ क़य्यूम (कक्षा 8-सी) एवं मंकीरत सिंह (कक्षा 12-ए) ने हासिल किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विद्यालय के समन्वयक अफ़ाक़ हुसैन, डी.एन. शुक्ला और अखिलेश तिवारी सम्मिलित थे।

# प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को मार कर पेड़ से लटकाया, पुलिस जांच में जुटी





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में युवती से मिलने गए प्रेमी की हत्या कर दी गई। उसका शव घर से 500 मीटर दूर पेड़ से लटकता हुआ मिला है। उसका पड़ोस में रहने वाली गैर समुदाय की युवती से 2 साल से अफेयर चल रहा था। वह शुक्रवार देर रात प्रेमिका से मिलने गया था। सुबह घर में नहीं मिलने पर परिजनों ने खोजबीन भी शुरू की। लेकिन कोई पता नहीं चला। जिसके बाद जब पड़ोसी के घर से 500 मीटर दूर पर बने हाते में पहुंचे तो वहां युवक का शव फंदे से लटक रहा था। उसका मोबाइल फोन पास में टूट पड़ा था। हत्या के बाद युवती के घर वाले मौके से फरार हो गए। मृतक के घर वाले हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़ गए। जानकारी पर डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने 8 के नाम समेत अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसके बाद घर वालों ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

सूत्रों के मुताबिक ओम पुरवा नई बस्ती का रहने वाला संतोष गुप्ता पति अंजू और दो बेटों शिवम और कृष गुप्ता 22 के साथ रहता था। संतोष ने बताया कि बड़े बेटे का टेंट और डेकोरेशन का काम है। जिस पर क्रश उसका हाथ बंटाया करता था। भाई शिवम ने बताया कि कृष का पिछले दो सालों से पड़ोस में रहने वाली मुस्लिम की युवती से अफेयर चल रहा था। जिसका लड़की के घर वाले विरोध करते थे। 1 महीने पहले उन लोगों ने क्रश को लड़की से बात करते हुए देख लिया था। इसके बाद उन्होंने क्रश को पीट दिया था।

### दीवार फानद कर लड़की से मिलने गया था कृष

शिवम ने बताया कि सप्ताह भर पहले युवती को अन्य लड़के से फोन पर बात करते भाई ने पकड़ लिया था। इसकी उसके मोबाइल में रिकॉर्डिंग भी थी। विरोध करने पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया था। कल रात करीब 3-30 बजे लाइट जाने पर युवती ने फोन कर क्रश को मिलने के लिए घर बुलाया था। इसके बाद क्रश छत से दीवार फांदकर युवती से मिलने पहुंचा था। जिसके बात से वह लापता था।

### पड़ोसी युवक ने लटकता देख शव

शिवम ने बताया कि कुछ देर बाद लाइट आने पर अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह 5-30 हम लोग सो कर उठे तो क्रश अपने बिस्तर पर नहीं था। उसका फोन मिलाया लेकिन फोन नहीं उठा। काफी देर तक तलाश करने के बाद हमने जाजमऊ पुलिस से शिकायत की। इस दौरान मेरे घर के सामने रहने वाला ऋतिक जायसवाल फोन पर बात करते 500 मीटर दूर नई बस्ती मिलिट्री फार्म पहुंचा। वहां क्रश का शव पेड़ से लटकता मिला। जानकारी पर हम लोग मौके पर पहुंचे। वहां कुछ दूरी पर क्रश का मोबाइल टूट पड़ा था। वही शव मिलने के बाद लड़की के घर वाले मौके से भाग गए। गद्दा की जानकारी मिलते ही डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचे गया। हत्या के बाद आक्रोशित घर वालों ने हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। मामले में युवती के परिजन रमजान उर्फ नामू, आकिब अब्बासी, वसीम जुनैद शोएब इमरान इकराम साबिर समेत अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# नवरात्र में देवी मंदिर में होती है देवी की पूजा, बिठूर का बाला त्रिपुर सुंदरी का मंदिर खंडहर में हुआ तब्दील



### क्यों होती है इनकी पूजा...

बाला त्रिपुर सुंदरी की पूजा उनकी दिव्य शक्ति, सौंदर्य, समृद्धि और ज्ञान के लिए की जाती है. वे दस महाविद्याओं में से एक, देवी ललिता त्रिपुर सुंदरी का बाल रूप मानी जाती हैं, और उन्हें सुरक्षा, ज्ञान और आध्यात्मिक विकास प्रदान करने वाली शक्ति के रूप में पूजा जाता है. उनकी पूजा से आंतरिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति होती है।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर। नवरात्र का पवन सप्ताह चल रहा है इस दौरान देवी मंदिरों में देवी मां के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाती है। भारत के विभिन्न हिस्सों में बने बाला त्रिपुर सुंदरी के मंदिरों में भी पूजा के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कटारे देखने को मिलती हैं। वही बिठूर में बना बाला त्रिपुर सुंदरी का मंदिर पूरी तरीके से खंडहर में तब्दील हो चुका है। इस मंदिर के पट पूजा के लिए कभी भी नहीं खुलते हैं। मंदिर के पट न खुलने के पीछे रहस्य है इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल यह मंदिर कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। इसके अलावा भारत में बाला त्रिपुर सुंदरी देवी को समर्पित मुख्य मंदिर त्रिपुरा के उदयपुर में है, जो 51 शक्तिपीठों में से एक है और इसे माताबाड़ी भी कहा जाता है. इसके अलावा, आंध्र प्रदेश के त्रिपुरांतकम में एक बाला त्रिपुर सुंदरी देवी मंदिर है, और राजस्थान के बांसवाड़ा में भी एक त्रिपुर सुंदरी मंदिर है जो मां राज की राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी को समर्पित है. तेनाली (आंध्र प्रदेश) और देवबंद (उत्तर प्रदेश) में भी बाला त्रिपुर सुंदरी के मंदिर स्थित हैं।

# कानपुर पहुंची इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए की टीम



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के ग्रीन पार्क में शुरू हो रहे 30 सितंबर से डे नाइट वन डे-नाईट वन्डे सीरीज के लिए दोनों टीम शनिवार को शहर पहुंच चुकी हैं। होटल लैंडमार्क में खिलाड़ियों का रामधुन के साथ रुद्राक्ष की माला पहनाकर परंपरागत तरीके से उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने स्वागत किया। ऑस्ट्रेलिया ए टीम के 14 खिलाड़ी सपोर्ट स्टाफ के साथ लखनऊ से सड़क मार्ग द्वारा कानपुर के होटल लैंडमार्क पहुंचे। वहीं भारत ए टीम के चार खिलाड़ी सपोर्ट स्टाफ के साथ लखनऊ से कानपुर तथा आठ खिलाड़ी दिल्ली और बेंगलुरू की फ्लाइट से कानपुर एयरपोर्ट पर उतरे। भारतीय ए टीम के खिलाड़ी सूर्यांश, विप्रराज, गुरजापनीत सिंह और आयुष सपोर्ट स्टाफ के साथ लखनऊ से सड़क मार्ग होते हुए होटल लैंडमार्क पहुंचे। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट से सिरमजीत सिंह, प्रियांश आर्या, निशांत सिंधु, अभिषेक पोरेल, नई दिल्ली एयरपोर्ट से प्रभसिमरन सिंह, युद्धवीर सिंह, रवि विश्नोई, बेंगलुरु से रेयान पराग पहुंचे। जिन्हें यूपीसीए की ओर से नामित लोकल मैनेजर मनीष मेहरोत्रा लेकर होटल लैंडमार्क पहुंचे।

दूसरी ओर लखनऊ के होटल हायत से आस्ट्रेलिया ए टीम को लेकर लोकल मैनेजर अश्वनी कोहली मेहमान खिलाड़ियों को लेकर होटल पहुंचे। होटल में यूपीसीए के तेजस, तालिब, अमित और केके अवस्थी ने होटल स्टाफ के साथ भारतीय ए और आस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाड़ियों का परंपरागत स्वागत किया। टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर रविवार को मुंबई की फ्लाइट से कानपुर एयरपोर्ट पर उतरेंगे। जबकि, एशिया कप में भारतीय टीम का हिस्सा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 30 सितंबर और एक अक्टूबर को तिलक वर्मा और हर्षित राणा शहर आकर टीम का हिस्सा बनेंगे। टूर्नामेंट डायरेक्टर डा. संजय कपूर ने बताया कि भारतीय ए टीम के खिलाड़ी दो चरण में शहर आ रहे हैं। पहले चरण में 14 खिलाड़ी शहर आ चुके हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी

खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। टीम लखनऊ से कानपुर बस के माध्यम से पहुंची और पूरे मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। होटल से लेकर ग्रीनपार्क स्टेडियम तक पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई। वनडे मैच की सीरीज के पहले मुकाबले से पहले मेजबान भारत ए और मेहमान ऑस्ट्रेलिया ए के पास अभ्यास से तैयारियों को पुख्ता करने के लिए नेट्स पर उतरेंगी। जहाँ भारत ए और आस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाड़ी पिच के बारीकियों को समझने का प्रयास करेंगे।

### दशहरे के पर्व पर होटल से रावण दहन देखेंगे खिलाड़ी

यूपीसीए के टूर्नामेंट डायरेक्टर डा. संजय कपूर ने बताया कि मैच के दौरान नवरात्र और दशहरा पर्व पड़ रहा है जो कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि दशहरा पर्व के दौरान टीमों के लिए होटल के स्विमिंग पूल पर परेड रामलीला का रावण दहन देखने का प्रबंध भी किया जा रहा है। मैच के दौरान स्टेडियम में आतिशबाजी भी होगी।

# रॉयल फैमिली की महिलाओं ने किया द रॉयल ओकेशन का शुभारंभ



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर। मंधना गंगा बैराज हाईवे बेहतरीन होटल के लिए जाना जाता है। इसी कड़ी में शनिवार को रॉयल फैमिली की महिलाओं ने द रॉयल ऑकेजन होटल की शुरुआत परंपरागत तरीके से फीता काटकर की। इस मौके पर कानपुर शहर के जाने वाले उद्योग पतियों के परिवार के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सुबह के वक्त भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें रॉयल परिवार के सभी सदस्य गण मौजूद रहे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए आयोजन सचिन रॉयल फैमिली की महिलाओं ने किया द रॉयल ओकेशन का शुभारंभ

# दिव्यांग बच्चों के लिए परीक्षण व रजिस्ट्रेशन कैंप, 300 बच्चों ने लिया लाभ



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बेसिक शिक्षा विभाग की पहल पर एलिम्को के सहयोग से बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) बिल्हौर में दिव्यांग बच्चों का विशेष परीक्षण एवं रजिस्ट्रेशन कैंप आयोजित किया गया।कैंप में विशेषज्ञ टीम ने बच्चों की शारीरिक जरूरतों का परीक्षण कर सहायक उपकरणों के लिए रजिस्ट्रेशन किया। बताया गया कि पंजीकरण के आधार पर बच्चों को निशुल्क उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।कैंप का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी रवी कुमार सिंह के निर्देशन में हुआ। परीक्षण टीम में डिंपल रानी, अनिल पाण्डेय, राजकिशन, ज्ञानेन्द्रु, शिव प्रकाश, श्रवण कुमार, डॉ. आसिफ, शशांक द्विवेदी, हेमंत कटियार शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग दिया।इस दौरान बिल्हौर, ककवन, शिवराजपुर, चौबेपुर, कल्याणपुर सहित कानपुर नगर के प्रेम नगर, शास्त्री नगर, किदवई नगर, सदर बाजार क्षेत्रों से आए लगभग 300 दिव्यांग बच्चों ने भागीदारी की।यह पहल दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने और शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

# अरौल में मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन, छात्रा बनी एक दिन की थाना प्रभारी




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

अरौल। पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने थाना अरौल में मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन किया। उन्होंने नागरिकों और बच्चों को महिला सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। हेल्पलाइन जानकारी- उपस्थित लोगों को 1090, 108, 1098, 181, 112, 1076 सहित सभी महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों और मिशन शक्ति केन्द्र की सेवाओं की जानकारी दी गई। एक दिन की थाना प्रभारी- जागरूकता बढ़ाने के लिए ज्ञान भारती कन्या विद्या पीठ इंटर कालेज की छात्रा गौरी कटियार को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और महिला सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना है।

केंद्र का उद्देश्य- मिशन शक्ति केन्द्र महिलाओं को काउन्सलिंग, मार्गदर्शन और सुरक्षा की एकीकृत सेवाएं प्रदान करता है।

पीड़िताएं मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बन सकें, यही इसका मुख्य लक्ष्य है।

इस मौके पर उपस्थित अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर अमर नाथ सिंह यादव, उपजिलाधिकारी बिल्हौर संजीव कुमार दीक्षित अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह यादव सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।थाना अरौल कमिश्नरेट, कानपुर नगर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध।नारी सुरक्षा, नारी सम्मान - यही है उत्तर प्रदेश का अभिमान।

## मिश्रिख में सिविल कोर्ट के पीठासीन अधिकारी और स्टाफ की शीघ्र नियुक्ति की मांग

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

तहसील मिश्रिख के अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट में पीठासीन न्यायिक अधिकारी और स्टाफ की जल्द नियुक्ति किए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में अधिवक्ताओं ने माननीय मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद प्रयागराज को संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी मिश्रिख के माध्यम से भेजा है।अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील मिश्रिख में सिविल कोर्ट की स्थापना से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। कोर्ट रूम और कार्यालय का मानक के अनुरूप निर्माण कार्य जुलाई 2023 में ही पूरा हो चुका है। साथ ही निर्मित कोर्ट रूम की चाभी वर्ष 2023 में ही माननीय अपर सत्र न्यायाधीश सीतापुर को हस्तगत कर दी गई थी।बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने कहा कि पीठासीन अधिकारी और आवश्यक स्टाफ की तैनाती शीघ्र की जाए ताकि क्षेत्रीय वादकारियों को जिला मुख्यालय तक बार-बार न जाना पड़े और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही सुलभ न्याय मिल सके।इस मौके पर बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष सुधीर शुक्ल राना, अकरम खान, प्रेम प्रकाश राजवंशी, रामजीवन सिद्धार्थ, ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी, गोविंद प्रसाद राजवंशी, गौरव वाजपेई, सुरेंद्र मोहन, भास्कर पांडेय, नंद किशोर, सौरभ सक्सेना, अजय पाण्डेय, सुशील भारती, आनंद यादव, विनोद सिब्ते हैदर समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मामूली कहासुनी में लाठी-डंडों से हमला, तीन लोग घायल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर थाना क्षेत्र के ग्राम धिमऊ में शनिवार शाम आपसी कहासुनी मारपीट में बदल गई पीड़ित सुनील पुत्र स्व. हरदयाल ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि जब वह घर पर मौजूद था तभी कमलेश पुत्र पूसेलाल गाली-गलौज कर रहा था। मना करने पर कमलेश के पुत्र प्रिंस और विवेक भी आ गए और एकराय होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया ।झगड़े के दौरान अनीता पत्नी कमलेश ने ईंट से प्रार्थी के भाई राम सिंह के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। सुनील और राम सिंह की पत्नी ज्योति को भी चोटें आईं ।शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोप है कि जाते-जाते हमलावरों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी ।पीड़ित पक्ष ने थाना बिल्हौर में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### समाधान दिवस पर 16 प्रार्थना पत्र, 8 का हुआ निस्तारण

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** समाधान दिवस पर कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 8 मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया ।शेष प्रकरणों पर कार्रवाई के लिए पुलिस टीम मौके पर रवाना कर दी गई है। कार्यक्रम में एसीपी अमरनाथ और थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज स्वयं मौजूद रहे और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। प्रशासन का कहना है कि सभी मामलों पर शीघ्र व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### डेंगू से युवक की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर नगर औरंगपुर सांभी गांव में शनिवार भोर पहर डेंगू बुखार से पीड़ित 26 वर्षीय कुलदीप सक्सेना की मौत हो गई। कुलदीप का विवाह पिछले साल 22 नवंबर को डुडवा जमौली गांव की उपासना देवी से हुआ था ।परिजनों के अनुसार, कुलदीप को पिछले 15 दिनों से बुखार था। इलाज के लिए उन्हें पूरा में चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहाँ डेंगू बुखार की पुष्टि हुई। घर पर लगातार उपचार जारी था, लेकिन शनिवार भोर लगभग 4 बजे खून की उल्टी के बाद उनकी मौत हो गई ।स्थानीय लोगों का कहना है कि झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही से युवक की जान गई। परिवार में गहरा शोक है और नवविवाहित पत्नी पर दुखों का पहाड़ टूट गया। मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** ककवन। ग्राम बस्ती पुरवा निवासी बलजीत सिंह पुत्र सुघर सिंह की बाइक चोरों ने घर के दरवाज़े से उड़ा दी ।पीड़ित ने बताया कि यह बाइक उन्होंने सत्येंद्र सिंह निवासी गुमान नेवादा से खरीदी थी। रात करीब 2 बजे घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। बाइक की डिग्गी में 6,800 रुपये नगद, विकास डॉक्टर की लैब की चाबियां और ब्लड सैंपल निकालने का सामान रखा हुआ था, जो चोरी हो गया ।बलजीत सिंह ने मामले की शिकायत ककवन थाना पुलिस से की है और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### नाना मऊ में माता रानी के जागरण से गूंजा भक्ति का माहौल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** थाना क्षेत्र के नाना मऊ गांव में नवरात्र के पावन पर्व पर माता रानी के भजनों कीर्तनों से भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है ।जय मां वैष्णो सेवा समिति के तत्वावधान में हो रहे इस आयोजन में प्रतिदिन क्षेत्र की महिलाएं भजन-कीर्तन कर माता रानी का गुणगान कर रही हैं ।कार्यक्रम में आचार्य पंडित प्रभाकांत द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और आरती संपन्न कराई जा रही है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्र प्रारंभ में माता रानी की मूर्ति स्थापना की गई थी और शनिवार को कार्यक्रम का पांचवा दिवस संपन्न हुआ ।लगातार गूंज रहे भजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। समिति ने बताया कि एकादशी के दिन 3 अक्टूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

### रिश्तेदार को देखने आए युवक की बाइक चोरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कल्याणपुर में शुक्रवार देर शाम अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने आए चौबेपुर निवासी युवक की अस्पताल के बाहर खड़ी नई बाइक चोरी हो गई ।चोरी की पूरी वारदात सीसी कैमरे में कैद हुई है। पीड़ित ने थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी है। चौबेपुर के रुद्रपुर बैले निवासी शानू के रिश्तेदार कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पास स्थित रिलेक्स हॉस्पिटल में भर्ती है ।जिन्हें देखने के लिए वह शुक्रवार देर शाम अस्पताल पहुंचे और अस्पताल के बाहर स्पलेंडर बाइक खड़ी कर अंदर चले गए ।भर्ती मरीज का हालचाल लेने के बाद बाहर निकले तो बाइक गायब थी ।बाद में सीसी कैमरे देखे गए तो उसमें एक युवक अचानक बाइक पर बैठा और कुछ सेकेंड इधर उधर देखने के बाद बाइक लेकर बारा सिरोही की तरफ जाता हुआ नजर आ रहा है। शानू ने बताया कि वह भर्ती मरीज को देखने आया था ।गाड़ी रानी देवी के नाम पर पंजीकृत है ।फिलहाल पीड़ित युवक ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ।वही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# महोली एसडीएम का वीडीयो वायरल फरियादी से अभद्रता की चर्चाएं

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

शासन प्रशासन द्वारा जहां समाधान दिवस जनता दिवस थाना दिवस आदि विभिन्न आयोजनों के माध्यमों से देश और प्रदेश वासियों को जागरूक किया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों को लगातार प्रशासन के द्वारा यह दिशा निर्देश दिये जा रहे कि जमीनी स्तर पर जनता की समस्याओं को सुनकर उनका तत्कालीन निस्तारण करे। जिससे आम जनता को समय रहते राहत मिल सके। शासन के द्वारा जनसस्याओं के लिये विभिन्न ऑन लाइन सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है। जिससे आम जन मानस को समस्याओं से रहात मिल सके और उनकी समस्याओं का निदान हो सके। शासन व प्रशासन के हर प्रयास के बाद भी सोशल मींडिया पर एक वीडियों वायरल हो रहा है जो कि तहसील महोली के उपजिलाधिकारी देवेन्द्र मिश्रा का बताया जा रहा है। वायरल वीडियों में उपजिलाधिकारी के द्वारा फरियादियों से अभद्र व्यवहार का इस्तेमाल करते हुए देखा जा रहा है। समाचार पत्र विडियों की पुष्टि नही करता है।

लेकिन जिस हिसाब से वीडियों में उपजिलाधिकारी के द्वारा शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों में दिखाया जा रहा है उससे साफ यही लगता है कि जहां एक तरफ प्रशासन जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिये विभन्न योजनाएं संचालित कर रही है वहीं दूसरी तरफ वीडियों के अनुसार फरियादी एसडीएम के खौफ में ही अपनी फरियाद लेकर उप जिलाधिकारी के दरबार में उपस्थित ही नही होगे।

## नाले में पड़ा मिला किसान का शव

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

थानगांव थाना क्षेत्र में गला रेतकर किसान की हत्या कर दी गई। सुबह उसका शव नाले में पड़ा मिला। खबर मिली तो बेटियां बिलख उठीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी जुटाई है। मामले की जांच की जा रही है। घटना थानगांव थाना क्षेत्र के रंडा कोडर ग्राम पंचायत के मजरा लोधनपुरवा गांव की है। गांव निवासी रूप लाल (45) की हत्या हुई है। शव क्षेत्र के ही बैजवारी गांव के पास एक नाले में पड़ा मिला। पास में चाकू, टार्च और पैसे पड़े मिले हैं। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। बताया गया कि रूपलाल के माता-पिता और पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। वह दो बेटियों के साथ गांव में रहता था। उसका बेटा गांव के बाहर रहकर मजदूरी करता है।

# पटरी पर लौटी नदवा स्कूल के बच्चों की पढ़ाई

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

**महमूदाबाद।** प्राथमिक विद्यालय नदवा में अधिकारियों की मौजूदगी में प्रार्थना कराई गई। इसके बाद शिक्षण कार्य शुरू करा दिया गया। एसडीएम बीके सिंह ने कहा कि बच्चों का भविष्य हमारी प्राथमिकता है। बता दें कि अमर उजाला ने पूर्व में ही निलंबित शिक्षक संतोष वर्मा के माध्यम से शिक्षण कार्य शुरू कराने का अंदेशा जताया था। अमर उजाला की इस खबर पर मुहर लगी है। खास बात यह है कि अभी संतोष वर्मा का निलंबन रद्द नहीं हुआ है, बस उन्हें देर रात एक आदेश जारी कर प्राथमिक विद्यालय नदवा में उपस्थित रहने को कहा गया है।बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह को बेल्ट से पीटने वाले शिक्षक बृजेंद्र कुमार वर्मा का प्रकरण लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय नदवा में लगातार तीसरे दिन पढ़ाई ठप रही। एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी की जांच के दौरान शुक्रवार को विद्यालय में तीन बच्चे बेहोश हो गए जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और कुछ देर बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।एडी बेसिक ने बच्चों व अभिभावकों को समझाया, लेकिन बच्चे बृजेंद्र वर्मा के वापस आने पर ही पढ़ाई करने की मांग पर अड़े रहे। दोपहर बाद एडी बेसिक बीएसए कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों व कुछ शिक्षकों के बयान दर्ज किए। चर्चा रही जिन शिक्षकों ने बीएसए दफ्तर में आरोपी प्रधानाध्यापक को पीटा था वह बयान देने ही नहीं आए। बीएसए के पक्ष में बोलने वाले लोगों के ही एडी बेसिक ने बयान लिए।वहीं, प्राथमिक विद्यालय नदवा में सुबह ही शिक्षामित्र अनुराग श्रीवास्तव ने स्कूल खोल दिया। बच्चे ड्रेस पहनकर विद्यालय के बाहर पहुंचे लेकिन वह अंदर बैठकर पढ़ने को राजी नहीं हुए।

शिक्षामित्र ने बच्चों को बुलाया और अभिभावकों से बात की लेकिन कोई भी विद्यालय के अंदर जाने को तैयार नहीं हुआ। कई घंटे तक शिक्षामित्र विद्यालय में अकेले बैठे रहे। ग्रामीण विद्यालय के बाहर खड़े रहे। इस वजह से तीसरे दिन भी पढ़ाई ठप रही।

# डीएम व सीडीओ के आदेश पर आयोजित किये गये कार्यक्रम

महिला जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कमलापुर ब्लाक कसमंडा में महिलाओं हेतु कानूनी अधिकारों का प्रचार प्रसार किया गया

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या के आदेश के क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा महिला जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कमलापुर ब्लाक कसमंडा में महिलाओं हेतु कानूनी अधिकारों का प्रचार प्रसार किया गया जिसमें लगभग 600 बालिकाओं एवं 20 महिलाओं एवं पुरुष उपस्थित रहे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज खैराबाद में मिशन शक्ति फेस 5 के माध्यम से लगभग साढे 300 बच्चों को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया गया। उजागर लाल इंटर कॉलेज में एक दिन की प्रधानाचार्य कक्षा 11 विज्ञान वर्ग की छात्रा सिमरनजीत सिंह को बनाया गया तथा प्रधानाचार्य के विभिन्न क्रियाकलाप एवं स्कूल का भ्रमण कराया गया। महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग सेंटर सीतापुर में स्थित लगभग 178 महिलाओं बच्चियों को वित्तीय एवं कानूनी अधिकारों के बारे में वूमेन फॉर एंपावरमेंट के द्वारा जागरूक किया गया। इसी क्रम में मिशन शक्ति के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर जिला महिला चिकित्सालय में स्थित का निरीक्षण किया गया, जहां के सभी सुविधाएं दुरुस्त पायी गयीं। खंड विकास अधिकारी के रूप में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा सोमवती को खंड विकास अधिकारी मिश्रित का चार्ज दिया गया

### खैराबाद में फैला अवैध अस्पतालों का मकड़जाल

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जनपद मुख्यालय व मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दफ्तर से महज कुछ कदम दूरी पर खैराबाद क्षेत्र में अवैध अस्पतालों का जाल बिछा हुआ है। नियम-कायदों को ताक पर रखकर चल रहे इन अस्पतालों में झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। हैरत की बात यह है कि इन अस्पतालों के बाहर तो नामी-गिरामी डिग्रीधारी डॉक्टरों के बोर्ड लगे हैं

*गर्भवती महिलाएं जब तक बिल्कुल जरूरी न हो टाइलेनॉल का इस्तेमाल न करें। अपने छोटे बच्चे को किसी भी कारण से टाइलेनॉल न दें। एमएमआर वैक्सीन को तीन अलग-अलग वैक्सीन में बांटें। चिकन पॅक्सिन वैक्सीन अलग से लें। हेपेटाइटिस बी वैक्सीन 12 साल या उससे ज़्यादा उम्र में लें।* -डोनाल्ड ट्रंप




# विचार एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 28 सितंबर, 2025






**कांग्रेस नेता वाईएस शर्मिला का चंद्रबाबू नायडू...**

अमरावती आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने दलित बस्तियों में मंदिर बनाने के लिए तिरुपति मंदिर के बजट का उपयोग करने पर सीएम चंद्रबाबू नायडू पर हमला बोला। शर्मिला ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू ने आरएसएस की विचारधारा को अपना... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# मिग-21 की विदाई सिर्फ एक युग का अंत नहीं, आधुनिक विमानों के युग का शुभारंभ भी है

**हम आपको यह भी बता दें कि आईएएफ की नई तकनीक और विमानों की डिलीवरी में लगातार देरी रही है। मिग-21 का लंबे समय तक संचालन इसी कारण संभव हुआ। तेजस एमकेबाई1 के पहले विमानों की डिलीवरी में भी र· से इंजन प्राप्ति और रडार तथा हथियार एकीकरण में देरी आई। एएमसीए अभी विकास के चरण में है और इसके प्रोटोटाइप को भी कुछ साल लग सकते हैं। देखा जाये तो मिग-21 का सेवामुक्त होना भारतीय वायुसेना के लिए भावनात्मक और रणनीतिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह विमान न केवल छह दशक तक देश की सुरक्षा का प्रतीक रहा।**

*भारतीय वायु सेना ने आज अपने प्रतिष्ठित मिग-21 लड़ाकू विमानों को रिटायर कर दिया। इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। यह दिन भारतीय वायुसेना के इतिहास में एक युग के अंत का प्रतीक है, क्योंकि मिग-21 ने 1963 से अब तक देश की वायु सुरक्षा की रीढ़ के रूप में सेवा दी। हम आपको बता दें कि मिग-21 विमानों को भारतीय वायु सेना में शामिल किए जाने के समय यह अपनी तकनीक और गति के लिए विश्व के सबसे उन्नत लड़ाकू विमानों में गिना जाता था। शुरू में यह मुख्यतः इंटरसेप्टर के रूप में कार्य करता था, यानी दुश्मन के विमानों को रोकने और वायु क्षेत्र की रक्षा करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। अलग-अलग अपग्रेड और नए संस्करणों के माध्यम से मिग-21 ने कई युद्धों में अपनी उपयोगिता साबित की, जिनमें 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध, और 1999 का कारगिल संघर्ष शामिल हैं। भारत ने अब तक 700 से अधिक मिग-21 विमानों को विभिन्न वेरिएंट्स में खरीदा। सबसे आधुनिक बायसन संस्करण में आधुनिक अवियोनिक्स, रडार और उन्नत मिसाइलें शामिल थीं। हालांकि, विमानों के एक इंजन वाले होने और पुराने इंजन की समस्याओं के कारण मिग-21 ने वर्षों में कई दुर्घटनाओं का सामना किया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 60 वर्षों में 500 से अधिक मिग-21 क्रैश हुए, जिनमें कम से कम 170 पायलटों की जान गई। इसके बावजूद, वरिष्ठ आईएएफ अधिकारी मानते हैं कि इतने लंबे समय तक उड़ान भरने वाले विमानों के लिए इसका सुरक्षा रिकॉर्ड अपेक्षाकृत संतोषजनक रहा। हम आपको यह भी बता दें कि मिग-21 के सेवानिवृत्त होने के बाद, भारतीय वायुसेना की फाइटर स्क्वॉड्रन संख्या घटकर 29 रह गई है, जबकि इसकी मानक संख्या 42 स्क्वॉड्रन है। यह कमी भविष्य में दो-सीमाओं पर संभावित संघर्ष के समय एक गंभीर चुनौती बन सकती है। पाकिस्तान की अनुमानित 20-25 स्क्वॉड्रन और चीन की 60 से अधिक स्क्वॉड्रन क्षमता के मुकाबले यह अंतर स्पष्ट है। इस समय वायुसेना का ध्यान मुख्य रूप से मजबूत वायु रक्षा प्रणालियों और सतह से हवा तक एवं सतह से सतह तक के हथियारों के सुदृढ़ीकरण पर है। इसी कारण, भारत ने रूसी एस-400 मोबाइल मिसाइल सिस्टम को अपनाया और स्वदेशी आकाश-तीर वायु रक्षा प्रणाली का विकास किया। भविष्य की तैयारी को देखें तो वायुसेना अपनी घटती फाइटर शक्ति को पूरा करने के लिए स्वदेशी और विदेशी विमानों का मिश्रित मॉडल अपनाने जा रही है। तेजस द्वारा निर्मित है, इसमें रडार, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट और बीवीआर क्षमताओं वाली मिसाइलें शामिल हैं। इसके अलावा तेजस भविष्य के पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ विमानों के रूप में अगले दशक में सेवा में शामिल होंगे। साथ ही 114 विमानों की खरीद में Dassault Rafale प्रमुख दावेदार है। कुछ विमानों को तुरंत प्राप्त किया जाएगा और बाकी भारत में HAL और Dassault की साझेदारी में बनाए जाएंगे। इसके अलावा, एसयू-30एमकेआई विमानों के सुपर-30 प्रोग्राम के तहत 84 विमानों का उन्नयन किया जाएगा।*

## एक्सप्रेस आलेख

**लद्दाख की जनता यह चाहती है कि उनके अधिकारों को संवैधानिक गारंटी मिले, उनके संसाधनों की सुरक्षा हो और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। यदि सरकार ने पहले जो आश्वासन दिए थे, उन्हें समयबद्ध और स्पष्ट तरीके से लागू कर दिया जाता तो शायद स्थिति यहाँ तक न पहुँचती। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार संवाद और विश्वास बहाली की दिशा में ठोस कदम उठाए। संवैधानिक गारंटी देकर, स्थानीय प्रतिनिधित्व को सशक्त बनाकर, रोजगार और शिक्षा की योजनाओं को मजबूती देकर ही इस असंतोष को शांत किया जा सकता है। लद्दाख की जनता को यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके हित सुरक्षित हैं।**

# संवाद से समाधान तक: लेह-लद्दाख में हिंसा का सबक



ललित गर्ग

**लद्दाख की जनता के भीतर असुरक्षा की भावना इसलिए भी है क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी भूमि और संसाधनों पर बाहरी दखल बढ़ रहा है। स्थानीय प्रशासनिक संस्थाएँ जैसे हिल डेवलपमेंट काउंसिल्स कमजोर कर दी गई हैं और महत्वपूर्ण फैसले केंद्र के हाथ में केंद्रित हो गए हैं। इससे यह भावना गहराती है कि स्थानीय समाज की आवाज़ को दबाया जा रहा है।**

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक एवं विध्वंसक होना, विरोध प्रदर्शन, पुलिस के साथ झड़प और आगजनी की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ चिन्ताजनक है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और उन्होंने लेह में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आग लगा दी और उसके बाहर खड़े वाहनों को फूंक दिया। आमतौर पर बेहद शांत रहने वाले लद्दाख के लिए यह बहुत बड़ी घटना है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दो सप्ताह से अनशन पर थे, उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी अनशनरत थे, जिनकी तबीयत बिगड़ने से जन-आक्रोश एवं हिंसा भड़की। इस हिंसा ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर यह घटना वहाँ की जनता के असंतोष और बेचैनी को उजागर करती है, वहीं दूसरी ओर यह संकेत देती है कि लंबे समय से किए जा रहे वादे और आश्वासन क्यों अधूरे रह गए और क्यों स्थानीय लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं? सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए के प्रावधान हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था। तब सरकार ने वादा किया था कि हालात सामान्य होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। लोगों ने सोचा था कि अब उनकी पहचान, संस्कृति और स्थानीय अधिकार और अधिक सुरक्षित होंगे। लेकिन इसके विपरीत उनकी आशंकाएँ बढ़ीं। उन्हें लगा कि संघ शासित प्रदेश के रूप में दिल्ली से संचालित प्रशासन स्थानीय जरूरतों और आकांक्षाओं को समझने और पूरा करने में असफल हो रहा है। इसी कारण 6 साल बाद लोगों का भरोसा और सब्र डगमगाने लगा। इसी के चलते सोनम वांगचुक को अहिंसक आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा, जो कतिपय कारणों से हिंसक हो गया। हालांकि, हिंसा के बाद वांगचुक ने अपना अनशन त्याग कर आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की हिंसा से शांतिपूर्ण आंदोलन का मेरा संदेश आज विफल हो गया। अगर युवा गलत रास्ते पर जाएंगे, तो इससे हमारे वास्तविक उद्देश्य गुम हो जायेंगे। वाकई, लद्दाख के संयमी समाज को सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। वांगचुक का पूरा आंदोलन अहिंसक रहा है। सरकार से मतभेद होने पर भी उन्होंने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। उनके समर्थन में खड़े युवाओं को इसे समझना चाहिए। हिंसा से समस्या जटिल हो जाएगी। लद्दाख की जो भौगोलिक स्थिति है, उसे देखते हुए वहां के लोगों को कानून-व्यवस्था के प्रति विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। लद्दाख का केंद्रशासित प्रदेश बनना एक नये सूरज का उदय होना है और इसका वहां के लोगों ने स्वागत भी किया



**लोगों में यह विश्वास पैदा करना जरूरी है कि फैसलों में लद्दाख के हितों का ख्याल रखा जाएगा। इसका सबसे बेहतर तरीका है पारदर्शिता। वहीं, जनता को भी समझना होगा कि सरकार के लिए हर मांग मानना और तुरंत मानना संभव नहीं होता।**

था। इस क्षेत्र को कश्मीर घाटी के वर्चस्व से मुक्ति मिली थी, पर वहां के लोगों की महत्वाकांक्षा को राजनीति रंग देकर एवं संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के अंधेरों में धकेल कर इसके वास्तविक उद्देश्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा की गई है। हिंसा व आगजनी के बाद केंद्र शासित प्रदेश में संचारबंदी लागू की गई है। मीडिया माध्यमों से कुछ आंदोलनकारियों के मारे जाने की बात भी कही जा रही है। प्रतिक्रिया स्वरूप लेह बंद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन कालांतर हिंसक प्रतिरोध में बदल गया। घटनाक्रम के बाद जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों ने हिंसा के लिये केंद्र को निशाने पर लिया है। कहा गया कि आंदोलनकारी लेह की अस्मिता को संरक्षण देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी 6 अक्टूबर, 2025 को एक वार्ता का दौर निर्धारित था, जिसमें लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के सदस्य शामिल होने वाले हैं। जब बातचीत होने ही वाली है, तो ऐसे विरोध प्रदर्शन की क्या जरूरत थी? लेह के लोग अधूरे वायदों से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनमें यह डर है कि अगर शासन उनके हाथ में न रहा तो प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन होगा। इसी वजह से आंदोलनकारियों की हिंसक अभिव्यक्ति सामने आई है। वास्तव में, यह पूरा आंदोलन राजनीतिक प्रवृत्ति का है। इस प्रदर्शन को साफ तौर पर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। कहा जा रहा है कि ताजा विरोध-प्रदर्शन केन्द्र से बातचीत को अनुकूल दिशा में ले जाने की रणनीति का हिस्सा है। लद्दाख के लोग चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का अधिकार मिले ताकि वे अपने निर्णय स्वयं ले सकें। साथ ही उनकी यह भी माँग है कि उन्हें संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए जिससे उनकी भूमि, संसाधन, परंपराएँ और रोजगार सुरक्षित रहें। रोजगार के अवसरों की कमी और सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा ने इस असंतोष को और गहरा किया है। लेह और कारगिल के बीच प्रतिनिधित्व को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। लगातार समितियाँ बनीं, बातचीत हुई, आश्वासन दिए गए, लेकिन जब ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों के भीतर अविश्वास बढ़ा। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिये आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिये कोई विशेष अभियान भी नहीं चला। जिससे बेरोजगारों में खासा रोष व्याप्त रहा है। आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है। लोग यह महसूस करने लगे कि उनकी जान-माल की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 14:25 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 27:46 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | आयुष्मान, 24:28 तक |
| सूर्योदयः | 06:12 |
| सूर्यास्तः | 18:03 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 16:34-18:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | अश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:31 |

## जन एक्सप्रेस

### हम भी करें प्रहार !

*दो हमको अधिकार ।*
*लड़नी और लड़ाई ।।*
*करते आए, करना है ।*
*आप की भलाई ।।*
*दे दो इतनी सीटें ।*
*हम भी करें प्रहार ।।*
*और प्यार बरसा कर ।*
*पहनाओ फिर हार ।।*
*डाल रहे वो बाधा ।*
*करते जो भी काम ।।*
*वादा है निभाया ।*
*किए जो तमाम ।।*
*ना रूकना है हमको ।*
*यूं ही चलते जाना ।।*
*भले पूर्व में हमने ।*
*है भरा हर्जाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# लिवर सिरोसिस में दूध पीना फायदेमंद है या नुकसानदायक?

**जब** भी सेहतमंद खानपान की बात होती है, तो दूध का नाम सबसे पहले लिया जाता है। बचपन से ही हमें यह सिखाया जाता है कि दूध शरीर को ताकत, एनर्जी और पोषण देता है। लेकिन क्या हर किसी के लिए दूध उतना ही फायदेमंद है जितना हम सोचते हैं? खासकर तब, जब बात लिवर सिरोसिस जैसे गंभीर रोग की हो, जिसमें लिवर की कोशिकाएं धीरे-धीरे नष्ट होती जाती हैं और शरीर के सामान्य कार्यों पर गहरा असर पड़ता है। लिवर हमारे शरीर का वह अहम अंग है, जो न केवल भोजन को पचाने में मदद करता है बल्कि शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने, ऊर्जा संग्रह करने और हड्डियों व मांसपेशियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाता है। न्यूट्रिशनिस्ट भारती कुमार बताती हैं कि दूध पोषक तत्वों और क्वालिटी प्रोटीन का बेहतरीन सोर्स है। इसमें मौजूद प्रोटीन शरीर को जरूरी अमीनो एसिड्स उपलब्ध कराता है, जो ऊतकों की मरम्मत और मजबूती में सहायक होते हैं। लिवर सिरोसिस के मरीजों में अक्सर भूख कम लगना और वजन घटने जैसी समस्याएं होती हैं। ऐसे में दूध का प्रोटीन उनकी डाइट में कमी पूरी करने में मदद करता है। न्यूट्रिशनिस्ट भारती कुमार बताती हैं कि दूध फायदेमंद तो है, लेकिन इसकी मात्रा पर भी ध्यान देना जरूरी है। सिरोसिस के मरीजों को दिन में लगभग 300 मिलीलीटर लो-फैट या स्किम्ड दूध लेना चाहिए। इससे उन्हें जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं, लेकिन पाचन तंत्र और लिवर पर अधिक दबाव नहीं पड़ता।



**कौन सा दूध सही रहेगा?:** एक्सपर्ट के अनुसार सिरोसिस के मरीजों को दूध पीना चाहिए, लेकिन यह भी जरूरी है कि वे सही प्रकार का दूध चुनें।

**लो-फैट या स्किम्ड मिल्कः** यह आसानी से पच जाता है और इसमें फैट की मात्रा कम होती है। इससे लिवर पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता।

**फुल क्रीम मिल्कः** इसमें ज्यादा फैट होता है, जिसे पचाना और मेटाबोलाइज करना सिरोसिस के मरीजों के लिए मुश्किल हो सकता है। इससे लिवर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

**निष्कर्षः** लिवर सिरोसिस के मरीजों के लिए दूध एक हेल्दी और न्यूट्रिशस विकल्प हो सकता है, बशर्ते इसे सही प्रकार और उचित मात्रा में लिया जाए। लो-फैट या स्किम्ड दूध आसानी से पचता है, मांसपेशियों की सेहत बनाए रखने में मदद करता है और हड्डियों को मजबूत बनाता है। हालांकि, दूध की मात्रा मरीज की सेहत और डॉक्टर की गाइडेंस के अनुसार ही तय की जानी चाहिए। यानी कि, सिरोसिस के मरीजों के लिए दूध नुकसान नहीं बल्कि पोषण का जरिया बन सकता है, अगर इसे संयमित रूप से और सही तरीके से डाइट में शामिल किया जाए।

## एक्सप्रेस विशेष

# जवाब तो मांगा ही जाएगा और देना भी होगा



डॉ ओ0पी0 मिश्र

**महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, और अब राहुल गांधी को कटघरे में खड़े करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं। क्योंकि युवा पीढ़ी अब काफी जागरूक हो चुकी है। वैसे हिंसा चाहे मणिपुर की हो लेह लद्दाख की हो उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता।**

**अब जांच की गई तो पता चला कि यह जेन जी की नहीं कांग्रेस का ही विरोध प्रदर्शन था। हम सब जानते हैं कि चाहे सत्ता दल हो या विपक्ष सभी भारत देश की समृद्धि, भारत के लोगों की उन्नति तथा विकास के लिए अपने-अपने तरीके से काम करते हैं। इसलिए विपक्ष पर आरोप लगाते समय यह जरूर ध्यान रखना चाहिए की सबसे ज्यादा जिम्मेदारी सत्ता दल की है। सवाल उसी से पूछे जाएंगे।**

**दुनिया** की कोई भी ऐसी समस्या नहीं है जिसका समाधान नहीं है। लेकिन उसके लिए दृढ़ इच्छा शक्ति, सवाल सुनने की हिम्मत होनी चाहिए और न केवल जवाब देने की बल्कि समस्या का समाधान करने का आत्म बल होना चाहिए। सत्ता प्रतिष्ठान को अगर लगता है कि सवालों को अनसुना कर देने या जवाब न देने अथवा चुप्पी साध लेने से बात बन जाएगी तो यह उसकी गलतफहमी है। क्योंकि जवाब सरकार से मांगा ही जाएगा और उसे देना ही नहीं चाहिए बल्कि देना ही होगा। क्योंकि चुनाव के समय जब आप बेसिर पैर का सब्जबाग दिखाते हैं, झूठे वादे करते हैं, सपनों के सौदागर बनकर सपने बेचते हैं तो आम आदमी और उसमें से भी युवा पीढ़ी उसे सच मान लेता है। वह यह बात बिल्कुल नहीं जनता और मानता है कि राजनीतिक दलों द्वारा या उनके नेताओं द्वारा जो बड़ी-बड़ी बातें की जाती है ? वे सच भी होगी यह आवश्यकता नहीं। लद्दाख एक चेतावनी है हम सबके लिए की सब्र का बांध कब टूट जाए कहां नहीं जा सकता। अब इसके लिए दोषी आप चाहे किसी व्यक्ति को बताएं या राजनीतिक दल को। लेकिन हकीकत यह है कि चुनाव के समय आपने ऐसे वायदे वहां के लोगों से क्यों किया जिन्हें पूरा करने के लिए के लिए तमाम तरह की दिक्कत थी। इसी तरह मणिपुर भी एक संदेश है सत्ता दल के लिए, की बहुत दिनों तक आप किसी की भावनाओं के साथ नहीं खेल सकते। मणिपुर और लद्दाख दोनों एक चेतावनी भी है राजनीतिक दलों के लिए कि गोली चलाकर आप अधिक दिनों तक सत्ता पर काबिज नहीं रह सकते, लोगों को बेवकूफ नहीं बना सकते । जानते चले कि सरकार 19 अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35 ए के प्रावधान हटाने के साथ ही साथ जम्मू कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था। तब सरकार ने वायदा किया था की हालत समान्य होते ही पूर्व राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। लेकिन ऐसा 6 साल बीतने के बाद भी नहीं हो सका। अच्छा होता कि केंद्र सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट करती और बताती की 2027 तक हो जाएगा। लेकिन जब सरकार ने चुप्पी साध ली तो लोगों का भरोसा और सब्र डगमगाने लगा। इसमें घी डालने का काम किया सोनम वांगचुक के आंदोलन और अनशन ने। लेकिन सरकार ने उनको गंभीरता से नहीं लिया समस्या का समाधान करना तो दूर सरकार के किसी नुमाइंदे ने उनसे बात करना भी जरूरी नहीं समझा। जबकि यह सरकार की जिम्मेदारी थी और फिर जब आप सत्ता में है तो सवाल तो आपसे पूछे ही जाएंगे और आपको न केवल जवाब देना होगा बल्कि समाधान बताना होगा। खाली यह कहने से काम नहीं चलने वाला की सोनम वांगचुक कांग्रेस का एजेंट है और चीन का एजेंट है। वगैरह-वगैरह। जैसा कि आपके सांसद और आपकी भाजपा आईटी सेल कह रही है। प्रत्येक समस्या के लिए महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, और अब राहुल गांधी को कटघरे में खड़े करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं। क्योंकि युवा पीढ़ी अब काफी जागरूक हो चुकी है। वैसे हिंसा चाहे मणिपुर की हो लेह लद्दाख की हो उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता । सोनम वांगचुक का पूरा आंदोलन अहिंसक रहा है सरकार से मतभेद होने पर भी उन्होंने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। ऐसे में उनके समर्थकों को भी यह समझना चाहिए कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं। उल्टे हिंसा से समस्याएं और जटिल हो जाती हैं। आज जो लोग या जो एजेंसियां यह कह रही हैं कि लेह को साजिश के तहत सुलगाया गया वे आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। क्योंकि जब सुलगाने की तैयारी हो रही थी तो आप क्या कर रहे थे? एजेंसियां क्या कर रही थी? क्यों नहीं अलर्ट मोड पर थी? अब कहां जा रहा है कि कांग्रेस नेताओं ने ऐसे बयान दिए जो लगभग निर्देशों जैसे लग रहे थे पथराव, आगजनी की बातें। तो फिर एल जी क्या कर रहे थे? उनका क्या एक्शन था ? इसके अलावा आगजनी और हिंसा भड़कने के बाद जिस तरह के बयान भाजपा नेताओं के आए हैं वह अपने आप में काफी गंभीर हैं उन पर भी रोक लगनी चाहिए। वरना बात बिगड़ सकती है। जानते चले कि भाजपा ने बुधवार को लद्दाख के लेह में जेन जी के विरोध प्रदर्शन में हिंसा के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया है कि इस विरोध प्रदर्शन में हिंसा की जो सीसीटीवी फुटेज सामने आई है उसमें अपर लेह वार्ड से कांग्रेस के पार्षद स्टैनजिग त्सेपांग दिखाई दे रहे हैं जो इस हिंसा में शामिल लोगों का नेतृत्व कर रहे हैं।

# पीलीभीत में रामलीला का भव्य मंचन

## सीता हरण और शबरी मिलन ने भक्तों को भावविभोर किया

- वृंदावन के कलाकारों ने रासलीला का आकर्षक मंचन कर सभी का मन मोह लिया
- नवधा भक्ति और रामचरितमानस के चौपाइयों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध किया





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

स्थानीय रामलीला मैदान में 27 सितंबर 2025 को श्री रामलीला महोत्सव संचालन समिति के तत्वावधान में सीता हरण, रावण और जटायु का युद्ध, राम और जटायु का मिलन तथा शबरी मिलन लीला का भव्य मंचन किया गया। इस अवसर पर वृंदावन के कलाकारों ने रामलीला के समापन के बाद देर रात तक रासलीला का मनोहारी मंचन प्रस्तुत किया। 26 सितंबर को प्रमुख यजमान पीलीभीत गन्ना समिति के अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह ने परिवार सहित ठाकुर जी और राधा रानी की भोग आरती की। मंचन में खरधूषण वध के पश्चात सूर्पणखा अपने भाई रावण के दरबार में पहुंची और सारा वृतांत सुनाया। क्रोधित रावण ने मामा मारीच से योजना बनाई कि वे मायावी स्वर्ण मृग बनकर प्रभु राम को शिकार पर ले जाएँ और सीता माता को अकेला पाकर हरण कर लें। मारीच ने प्रभु राम की भक्ति और शक्तियों को समझाते हुए रावण को चेताया, लेकिन रावण ने उन्हें धमकी दी। इसके पश्चात मारीच स्वर्ण मृग बनकर विचरण करने लगे। सीता माता ने प्रभु राम से मृगछाला लाने का अनुरोध किया। प्रभु राम ने बाण चलाकर मृग को मारने का प्रयास किया, लेकिन लक्ष्मण की आवाज सुनते ही मृग गिर पड़ा। लक्ष्मण को बुलाने के बाद रावण ने सीता माता का हरण कर लिया। गिद्धराज जटायु ने रावण पर प्रहार कर उसे घायल किया, लेकिन रावण ने जटायु के पंख काट दिए। जटायु अपनी मृत्यु के समय प्रभु राम की गोद में आया और उन्होंने उसका अंतिम संस्कार किया।?इसके पश्चात प्रभु राम ने शबरी के आश्रम में पहुँचकर उनकी सहायता ली। शबरी ने झूठे बेर खिलाकर नवधा भक्ति का परिचय दिया और प्रभु राम की कृपा से गुरुलोक गमन किया। मंचन के दौरान सभी भक्तगण नवधा भक्ति सुनकर भावविभोर हो गए और प्रभु राम की जय-जयकार करते रहे।

आज के इस भव्य आयोजन में महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अम्बू, राकेश लोधी, नरेश शुक्ला, अंशुमान मिश्र, सुधीर पाल सिंह, अंकुर गुप्ता, अमिताभ त्रिपाठी, भीम सिंह चौहान, संजीव मिश्रा, रमाकांत पांडेय, प्रेम सिंह, विकास पाल सिंह, प्रतीक अग्रवाल, अवनीश शर्मा, आयुष सक्सेना, अमित जौहरी, आकाश कश्यप सहित अनेकों पदाधिकारी और भक्तगण उपस्थित रहे। लीला का संचालन संजय पांडेय, सोमनाथ सप्रे तथा अंकुर मिश्रा ने किया। रामायणी निशांत तिवारी और ओमकार सिंह यादव ने रामचरितमानस के चौपाइयों का गायन किया। भक्तों ने मंचन की भव्यता और रामायण की कथाओं से आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया और आयोजन सफल रहा।

### शीर्ष नेतृत्व ने राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को सौपी चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को बिहार विधानसभा चुनाव में जिला मधुवनी की लोकसभा झंझारपुर क्षेत्र के चुनाव प्रभारी के रूप में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौपी है। विगत दिवस बिहार की राजधानी पटना में शीर्ष नेतृत्व की केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह की मौजूदगी में हुई बिहार प्रदेश की चुनाव समिति की बैठक में बिहार प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रभारियों की हुई नियुक्तियों के क्रम में राज्यमंत्री श्री गंगवार को झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौपी गई है। इस बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह के अलावा राष्ट्रीय संगठन मंत्री वी0एल0 संतोष, बिहार विधानसभा चुनाव प्रभारी एंव केन्द्रीय मंत्री धमेन्द्र प्रधान एंव विनोद तावड़े, प्रदेश कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सहित विभिन्न राज्यो के मंत्रीगण एवं संगठन के केन्द्रीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारी गण मौजूद रहें। गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शीर्ष नेतृत्व द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उनको झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रभारी के रूप में जो दायित्व सौपा है उसके लिए उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार एवं धन्यबाद प्रकट किया है।

# 8 दिन क्रमिक अनशन कर अपनी मांगों को रखा क्रमिक अनशन के बावजूद प्रशासन मौन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



विगत 1 सितम्बर को भाजपा महिला मोर्चा की उपद्रवी महिलाओं के द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर पुलिस अभिरक्षा में हुई तोड़फोड़, और महापुरुषों के चित्रों से किया गया खिलवाड़ को लेकर लगातार पुलिस प्रशासन से मिलकर एफ आई आर दर्ज कराने की जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने मांग की लिखित तहरीर भी दी पुलिस ने कार्यवाही न करते हुए निरन्तर समय ही मांगा।आक्रोशित कांग्रेसियों के मनसा अनुरूप अपनी मांगों को लेकर जनपद के कांग्रेसियों ने प्रहलाद पटेल की अगुवाई में निरंतर 8 दिन क्रमिक अनशन कर अपनी मांगों को रखा क्रमिक अनशन के बावजूद प्रशासन ने किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की। आज घेरा डालो डेरा डालो जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कार्यक्रम के तहत विलोबी मैदान में भारी संख्या में कांग्रेसी पहुंचे तत्पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में नारे बाजी करते हुए पैदल मार्च कर जिला कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया।

उक्त धरने पर अपर पुलिस अधीक्षक पहुंचे कांग्रेस जनों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि अति शीघ्र उपद्रवियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी परंतु इस पर जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल नहीं माने अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। कहा कि जबतक एफ आई आर दर्ज नहीं हो जाती तब तक हम सब कांग्रेस जन यही पर डटे रहेंगे।पुलिस प्रशासन के काफी मान मनउवल के उपरांत माने।पुलिस प्रशासन ने सोमवार 2~00 तक का समय मांगा है। नवागंतुक शहर कोतवाल राजेश सिंह ने आश्वस्त करते हुए कहा कि दोषियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आपको अवगत करा देंगे। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।उक्त धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित पूर्व विधायक सतीश आजमानी, पूर्व जिला अध्यक्ष इकबाल अहमद खान, मोहन चंद्र उप्रेती, कैप्टन मोनिस अली नकवी, बलराम गुप्ता, रामकुमार मिश्र शिव सहाय सिंह, सिद्धार्थ त्रिवेदी, दीपक बाजपेई, देवेंद्र कुमार पंकज, पंकज शुक्ला, कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रेम वर्मा, मतीन शाह, रामजीवन राज कोमल सिंह चंद्रप्रभा अवस्थी संध्या जायसवाल कमलजीत सिंह तरुण मिश्रा, अजय दरोगा गुड्डू अख्तर लतीफ आजम वरुण चौधरी, एजाज अहमद, रईस उस्मानी, आफताब अंसारी सुनील कुमार विनय गुप्ता अजय दरोगा रामपाल शाक्य शिव भगवान उद्देश्य गिरी नीरज बाजपेई अब्दुल कयूम मनोज यादव तैयब खान ताज खान, उपेंद्र सिंह बंजारा, सत्ती सरन गौतम जावेद अली, अनिल गुप्ता आदि सैकड़ो कांग्रेसी।

# कोतवाली पूरनपुर में थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई, छात्राओं को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया

- मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बालिकाओं में जागृत हुआ आत्मविश्वास, जन शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

कोतवाली पूरनपुर में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस अवसर पर भूमि विवाद, विद्युत आपूर्ति और अन्य समस्याओं से जुड़े शिकायत पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्र के लेखपाल और पुलिस कर्मियों को मौके पर जाकर विवाद का समाधान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने आगामी त्यौहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुए सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और अफवाहों से बचने का निर्देश दिया। थाना समाधान दिवस के दौरान महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं में आत्मविश्वास जागृत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत कोतवाली पूरनपुर में दो मेधावी छात्राओं को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। कम्पोजिट विद्यालय चाट फिरोजपुर की कक्षा 8 की छात्रा अनामिका और प्राथमिक विद्यालय सिमरिया की छात्रा फराना बी ने थाना परिसर का अवलोकन किया और थाने की कार्यप्रणाली को समझा। छात्राओं ने पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, पीड़ितों की सहायता और शांति व्यवस्था बनाए रखने के कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। उन्हें महिला सुरक्षा एवं सहायता के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबरों 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 112 (आपातकालीन सेवा) की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, थानाध्यक्ष, लेखपाल एवं अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। आयोजन से छात्राओं और उपस्थित नागरिकों में उत्साह और विश्वास का संचार हुआ।

# मोमिन कॉन्फ्रेंस के कोहिनूर आलम अंसारी बने जिला अध्यक्ष

## नफीस अहमद अंसारी ने दी बधाई



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

उत्तर प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष हसन आरिफ अंसारी ने सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए मोहम्मद कोहेनूर आलम अंसारी को पीलीभीत का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। आज केजीएन में सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी के कैम्प कार्यालय में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कोहिनूर आलम अंसारी को मनोनयन पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को गांव-गांव और कस्बे-कस्बे तक पहुँचाया जाएगा और सभी पिछड़ी व वंचित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाया जाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कोहेनूर आलम अंसारी ने कहा कि समाज के पिछड़े और गरीब तबके के उत्थान के लिए शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है और वे समाज की बेहतरी, नौजवानों के रोजगार, बच्चों की शिक्षा और समाज के हर दबे-कुचले वर्ग के हक के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। इस अवसर पर नफीस अहमद अंसारी, असलम जावेद अंसारी, इदरीस अंसारी, भूरा वारसी, महफूज अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मछली पकड़ने गया युवक डूबा शव बरामद, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

भीरा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दुखद घटना सामने आई। मुड़िया हेमसिंह निवासी 20 वर्षीय सलमान पुत्र छोटे शाह बेलहा सिकटिहा के बरोछा में मछली पकड़ने गया था, जहां गहरे पानी में डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू की।सलमान अपने पांच अन्य साथियों 20 वर्षिय शाहरुख 50 वर्षीय मररू शाह, 26 वर्षीय मंझिले, 10 वर्षीय नबी और 12 वर्षीय फारूक के साथ सुबह करीब 9~30 बजे मछली पकड़ने के लिए घर से निकला था। बरोछा में मछली पकड़ते समय सलमान गहरे पानी में फिसल गया और फंसकर हाथ-पैर चलाने लगा। प्रत्यक्षदर्शी शाहरुख ने सलमान को डूबते देखा और उसे बचाने के लिए मछली पकड़ने वाली लग्गी देने का प्रयास किया।

हालांकि, लग्गी छोटी होने के कारण सलमान को बचाया नहीं जा सका। उसके साथी नबी 10 वर्षीय और फारुख 12 वर्षीय ने शोर मचाया, जिससे आसपास के अन्य साथी और ग्रामीण नदी किनारे जमा हो गए।घटना की सूचना मिलते ही भीरा थानाध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह और उपनिरीक्षक अवनीश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

वन विभाग, फायर ब्रिगेड और स्थानीय गोताखोरों को भी मौके पर पहुचे, जो सलमान की तलाश में जुटे हुए हैं। हालांकि, शानिवार को दोपहर तीन बजे के करीब नदी से शव की तलाश हो गई। सलमान के डूबने की खबर सुनकर उसकी मां आयशा और पिता छोटे शाह का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता छोटे शाह ने बताया कि उन्होंने सलमान को आज मछली पकड़ने जाने से मना किया था, लेकिन वह अपने दोस्तों के साथ निकल गया था। शव मिलने की सूचना के बाद परिवार में मातम पसरा है।

### पुलिस ने बवालियों पर कसा शिकंजा, दस मुकदमे दर्ज

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** बरेली में बवाल करने के आरोपियों पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शहर के अलग-अलग थानों में दस मुकदमे दर्ज किए हैं। इनमें करीब 125 लोगों को नामजद किया गया है। ढाई से तीन हजार अज्ञात आरोपी हैं। सात मुकदमों में मौलाना तौकीर रजा का नाम शामिल है। कोतवाली और बारादरी थाने में दर्ज मामलों में पुलिस पर पथराव और फायरिंग करने का आरोप है। किला, प्रेमनगर और कैंट के मुकदमे धारा 163 बीएनएस (निषेधाज्ञा उल्लंघन) के संबंधित हैं। पुलिस ने अब तक 39 लोगों को हिरासत में लिया है। आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। डीआईजी अजय कुमार साहनी के मुताबिक, घटना में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जिस तरह से भीड़ बैनर लेकर निकली और पथराव किया उससे एक सुनियोजित साजिश का संकेत मिलता है। घटना के वीडियो और तस्वीरों के आधार पर इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बरखेड़ा में नवरात्रि पूजन एवं जागरण में लिया भाग

- श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर पंचायत बरखेड़ा में आयोजित भव्य माता रानी पूजन एवं जागरण कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने मां आदिशक्ति की आराधना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजित इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत भक्ति गीतों और मंत्रोच्चारण के साथ हुई। देर रात तक चले जागरण में मां दुर्गा की भव्य झांकियों और भक्तिमय प्रस्तुतियों ने पूरे नगर को आध्यात्मिक वातावरण में बदल दिया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और आस्था की शक्ति को प्रकट करने का माध्यम भी है।

उनका कहना था कि माता रानी की कृपा से ही समाज में शांति और सौहार्द बना रहता है। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जिसमें भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू वाल्मीकि,नगर पंचायत बरखेड़ा के चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता पप्पन, विहिप जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण भद्रपाल,नगर प्रचारक अमित कुमार गंगवार, प्यारेलाल कश्यप,अमित कुशवाहा, चंद्रपाल दिवाकर मुख्य रूप से शामिल रहें। भक्तों ने माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच पूरे श्रद्धा भाव से पूजन-अर्चन किया। जागरण के दौरान देवी गीतों और भजनों ने श्रद्धालुओं को रातभर बांधे रखा।

बताते चले की बरखेड़ा नगर में यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव के रूप में यादगार रहा, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, सहयोग और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ। नगरभर में श्रद्धालुओं और भक्तों के बीच भक्ति की ऊर्जा और धार्मिक उल्लास देखने को मिला। इस भव्य आयोजन ने यह संदेश दिया कि धर्म और भक्ति केवल व्यक्तिगत आस्था का माध्यम नहीं हैं, बल्कि समाज में एकजुटता और सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करने का भी अवसर हैं।

# थाना समाधान दिवस: थाना फूलबेहड़ में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना फूलबेहड़ में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व- पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें।अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान थानाध्यक्ष सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हजारा पुलिस ने छात्राओं को थाने के क्रियाकलापों के बारे में दी जानकारी



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

**हजारा।** मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत सुरक्षित नारी-सशक्त नारी कार्यक्रम के तहत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत गठित पुलिस टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल शर्मा के द्वारा शनिवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल विद्यालय की दर्जनों छात्राओं को थाने में बुलाकर उन्हें थाने का भ्रमण कराया गया और थाना में किस प्रकार से सरकारी कार्य जाता है उसके बारे में जानकारी दी गई साथ ही मेस प्रधान कार्यालय कंप्यूटर कक्ष पुरुष एवं महिला बंदी गृह मिशन शक्ति केंद्र महिला हेल्प डेस्क सहित तमाम तरह की जानकारी देते हुए छात्राओं को यह भी बताया गया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ कैसे कार्रवाई करती है।पुलिस ने छात्राओं को सरकार के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए क्या-क्या योजनाएं चला रही है उसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी है। पुलिस ने छात्राओं को बताया कि अराजक तत्वों और अपराधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनी चाहिए ताकि समय से उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इस कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष शरद यादव टीम प्रभारी राहुल शर्मा सहित महिला आरक्षी आदि।

# मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत छात्राओं को महिला अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। अमीर नगर खीरी**



शनिवार कोतवाली मोहम्मदी द्वारा अमीर नगर स्थित एच बी कान्वेंट इंटर कॉलेज के सभागार में मिशन शक्ति फेज-5.अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं को महिला अपराधों, साइबर ठगी,सोशल मीडिया आदि के प्रति जागरूक किया गया।

अमीर नगर पुलिस चौकी इंचार्ज राघवेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में महिला आरक्षी रश्मि सत्यार्थी और कुमकुम रानी ने महिला जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप शक्तिहीन नहीं हैं, आप तो शक्ति रूप हैं अतः अपनी शक्ति को पहचानिए। और किसी भी विषम परिस्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें आपको तत्काल सहायता मिलेगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना व संदेह की स्थिति में पुलिस की हेल्पलाइन नम्बरों पर पुलिस को सूचना दें।

इस अवसर पर अमीर नगर चौकी इंचार्ज राघवेंद्र प्रताप सिंह, एस आई विजय प्रकाश गुप्ता, हेड कांस्टेबल विजय कुमार यादव, महिला आरक्षी रश्मि सत्यार्थी व कुमकुम रानी, कांस्टेबल प्रत्यूष कुमार, कांस्टेबल अनूप कुमार, विद्यालय प्रबंधक जी एम रज़ा, प्रधानाचार्य मो. असलम रज़ा, शालिनी मिश्रा व समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा।




### कोल्हू पर खाना देकर घर वापस लौटे समय महिला के साथ हुई लूट

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** बरबर गलरई गांव निवासी छंगा लाल पत्नी सावित्री आयु 60 वर्ष गांव के निकट दिनदहाड़े 11 बजे दो वाईक सवार लुटेरों ने महिला के दोनों कुंडल नोचकर भाग निकले जिसकी क़ीमत लगभग साठ हजार है।महिला सावित्री देवी खाना कोल्हू पर देकर घर वापस लौट रही थी उसी बीच घात लगाए मोटर साईकिल सवार ने महिला के साथ दिन दहाड़े कान के दोनों कुंडल लूटकर हुए फरार।जिसकी सूचना पुलिस चौकी को दी जा चुकी है।

# बेटी क्या पैदा हुई पति ढाने लगा जुल्म मासूम को गोद में लेकर थाने पहुंची

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



शनिवार को एक महिला ने आरोप लगाया कि बेटी पैदा होने की वजह से उसका पति न केवल उसे पीटता है, बल्कि घर से भी निकाल चुका है।16 दिन की मासूम को गोद में लेकर शारदा नगर थाने पहुंची पीड़िता की आंखों से बहते आंसू समाज की सोच पर बड़ा सवाल खड़ा करते हैं।पीड़िता ने बताया कि पति आए दिन शराब पीकर और जुआ खेलकर उसके साथ मारपीट करता है। कई बार समझाने के बावजूद उसकी आदतें नहीं बदलीं। इस बार बेटी पैदा होने को लेकर उसने नाराजगी जताई और बेरहमी से पीटते हुए घर से निकाल दिया। महिला का कहना है कि पति ने साफ कहा कि लड़की क्यों पैदा की, अब तुम घर में कदम मत रखना।16 दिन की मासूम को गोद में लेकर समाधान दिवस पर थाने पहुंची महिला ने अपनी फरियाद दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पति को पकड़कर थाने लाने के आदेश जारी कर दिए हैं। एक तरफ सरकार बेटियों के सशक्तिकरण के लिए योजनाएं चला रही है,

वहीं कुछ लोग आज भी संकीर्ण मानसिकता से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।यह घटना समाज में बेटी के प्रति भेदभाव की कड़वी सच्चाई को उजागर करती है। फिलहाल मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# थाना समाधान दिवस में एसपी ने समस्याओं को सुन निराकरण के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । महोबा



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के थाना श्रीनगर में पहुँचकर क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई थानाध्यक्ष श्रीनगर जयचन्द्र सिंह सहित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर प्राप्त शिकायतों के निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है। अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा थाना पनवाड़ी पर आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित को प्राप्त शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। क्षेत्राधाकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड द्वारा प्र0नि0 कुलपहाड़ राधेश्याम वर्मा एवं अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जनसमस्याओं की सुनवाई की गयी एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार थाना कबरई व थाना कोतवाली नगर अवस्थित चौकी भटीपुरा में क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह द्वारा अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस में जनसुनवाई की गयी। जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर, शिकायतों के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की गई। थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 23 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित व 7 शिकायत पुलिस से सम्बन्धित पायी गयी द्य इनमें से कुल 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है, शेष शिकायतों के समाधान एवं निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही प्रगति पर है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । कालपी

नगर के मोहल्ला हैदरीपुरा निवासी युवक को मंदिर की लाइट सही करने के वक्त करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

नगर के मोहल्ला हेदरीपुरा निवासी सोहन सिंह 38 वर्ष पुत्र हरिओम घर व दुकानों पर इलेक्ट्रिशियन का कार्य करता था। इसी को लेकर मोहल्ले में ही बने मनसा देवी मंदिर की देर रात लाइट खराब हो गई। इस दौरान मोहल्ले वासियों ने उसे लाइट सही करने के लिए मंदिर में बुलाया। इस दौरान लाइट सही करते समय उसको अचानक खुले तार से करंट लग गया। जिसे मौजूद लोगों ने उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।बताया गया कि उसकी शादी लगभग 13 वर्ष पूर्व हुई थी, जिसके तीन पुत्र हैं। पुत्रों व पत्नी सहित परिवार का वही एक सहारा था।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# रामलीला में सीता हरण और शबरी मिलन के प्रसंग का हुआ मंचन

जन एक्सप्रेस । जालौन



गोविन्देश्वर में स्थित रामलीला भवन में आयोजित श्रीराम लीला महोत्सव में 9 वे दिन सूर्पनखा नासिका छेदन, सीता हरण से लेकर शबरी मिलन तक प्रसंग का मंचन हुआ। सीता हरण के मनोहारी दृश्य को देखकर भक्त उसमें डूब गये तथा आंखे नम हो गयी।

173 वे रामलीला महोत्सव में यह दृश्य दिखाया गया कि सीता हरण के नए पक्ष को दिखाते हुए श्री राम को पहले से ही पता था कि सीता जी का हरण होने वाला है।

इसलिए सीता जी पहले ही अग्नि में निवास करने चली जाती हैं। रावण जिस सीता जी का हरण करता है, वह सीता जी का प्रतिबिंब होती है। सीता जी की खोज में जब श्रीराम जाते हैं तब उनकी भेंट शबरी से होती है। शबरी श्रीराम को पंपा सरोवर का पता बताती है और कहती है कि वहां सुग्रीव मिलेंगे और सीता जी की खोज में उनकी वानर सेना ही मदद करेगी।

पंचवटी में निवास के दौरान भगवान राम व लक्ष्मण के पास सूर्पनखा के आने तथा विवाह का प्रस्ताव रखने के साथ मामा मारीच के हिरण के रूप में आने व उनके वध की लीला का मंचन किय गया।अंतिम चरण में सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। इस मौके पर प्रभू श्रीराम की भूमिका में मनोज तिवारी, लक्ष्मण जी शीपू पारासर, सीता जी बृजेश शर्मा, रावण उमेश दुबे तथा समिति के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन, गिरीश गुप्ता, मंगल चतुर्वेदी, राजकुमार मिझोना, पवन चतुर्वेदी ने सहयोग किया।

# नवरात्रि के छठवें दिन मां कात्यायनी की हुई पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस । जालौन

नवरात्रि के छठे दिन नगर में स्थापित देवी पंडालों व देवी मंदिरों पर देवी के छठवें रूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की। देवीभक्तों ने विभिन्न देवी पंडालों व देवी मंदिरों पर जाकर देवी मां की स्तुति की। शरदीय नवरात्रि के छठें दिन देवी मां के छठे स्वरूप 'कात्यायनी' के दर्शन के लिए बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर तथा देवी पंडालों में सुबह से शाम तक देवी भक्तों का तांता लगा रहा। शास्त्रों के अनुसार देवी ने कात्यायन ऋषि के घर उनकी पुत्री के रूप में जन्म लिया, इस कारण इनका नाम कात्यायनी पड़ गया। दिव्य रुपा कात्यायनी देवी का शरीर सोने के समान चमकीला है। चार भुजा धारी मां कात्यायनी सिंह पर सवार हैं। अपने एक हाथ में तलवार और दूसरे में अपना प्रिय पुष्प कमल लिये हुए हैं। अन्य दो हाथ वरमुद्रा और अभयमुद्रा में हैं। इनका वाहन सिंह हैं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। इसीलिए यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। माना जाता है कि भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गई थी। प्रवृत्ति के दमन एवं सर्वत्र शांति की कामना की। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप

# थाना समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी

जन एक्सप्रेस । कुलपहाड़ (महोबा)



कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड़ की उपस्थिति किया गया, जिसमें 5 शिकायतों में 2 का मौके पर निस्तारण किया गया।

थाना समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए है। शिकायतकर्ता रामप्यारी पत्नी मलखान ग्राम सुगिरा ने सरकारी भूमि पर कब्जा करने की शिकायत दी। सुनीता पत्नी बाबूलाल कुशवाहा ग्राम लाड़पुर ने आवासीय पट्टे की भूमि पर जबरन कब्जा करने की शिकायत दी। कृपाल सिंह पुत्र राजघर ग्राम सिरमौर ने बन्द नाली को खुलवाए जाने की मांग की। श्रीकांत साहू पुत्र रमेश चंद्र गोंदी चौराहा कुलपहाड़ ने भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। सन्तोष पुत्र भूरा बसोर ग्राम लाड़पुर ने अपने ही बहिन के खिलाफ शिकायत देते हुए आरोप लगाया है कि बहिन द्वारा फर्जी तरीके से बैनामा कराकर व शादी कराने का झांसा देकर भाई के हिस्से की जमीन हड़प ली है, जिसे दिलाने की गुहार लगाई है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा, उपनिरीक्षक मोहम्मद शोएब, उपनिरीक्षक विकास तिवारी, उपनिरीक्षक अंकिता राजपूत, राजस्व निरीक्षक महाराज सिंह, नगर पंचायत कार्यालय कर्मचारी नन्द किशोर आदि मौजूद रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । जालौन

अज्ञात कारणों के चलते घर में बने आगन के जाल से रस्सी का फंदा बनाकर युवक ने फांसी लगा ली।फांसी लगाने के कारण युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला चौधरयाना निवासी अरविंद विश्वकर्मा 40 वर्ष पुत्र अशोक कुमार शुक्रवार की सांय घर में अकेले थे। पत्नी निर्मला देवी, मां रेखा व पिता अशोक कुमार काम पर गये थे। बाबा दादी के साथ पुत्र नैतिक 15 वर्ष व पुत्री वैष्णवी 17 वर्ष भी गयी थी। घर में अकेले युवक ने करीब 6 बजे घर के आंगन में डले लोहे के जाल में रस्सी का फंदा फंसा दिया। रस्सी के फंदा से उसने फांसी लगा ली। फांसी लगा लेने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जब परिजन करीब साढ़े 6 बजे घर पहुंचे तो युवक फंदा से लटक रहा था। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंच कर उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र व चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने शव को रस्सी से उतरवाया तथा विधिक कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घर के बड़े बेटे द्वारा आत्महत्या करने के बाद घर में मातम पसरा है तथा पूरा परिवार दुखी है। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रम्ह तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जूनियर हाईस्कूल की होनहार छात्राओं को बनाया गया एक दिन का ग्राम प्रधान



जन एक्सप्रेस । महोबा

महोबा द्य मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत शनिवार को जनपद की समस्त 273 ग्राम पंचायतों में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देशानुसार जू0हा0 की होनहार छात्राओं को एक दिन का ग्राम प्रधान बनाया गया।

जिसमें उक्त छात्राओं द्वारा अपनी सहपाठी छात्राऐं जिन्होंने ग्राम पंचायत सदस्य बनकर ग्राम प्रधान से अलग-अलग छात्राओं द्वारा महिलाओं व किशोरियों हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु क्या-क्या प्रभावी कदम उठाये जायेंगे पर संवाद कर चर्चा की गयी, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुखतः राजकीय इण्टर कालेज व डिजिटल लाइब्रेरी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोल कर आशा एवं ए0एन0ए0एम0 के माध्यम से टीकाकरण व जल जनित बीमारियों पर रोकथाम की मांग की गयी।

इसी प्रकार महिला सुरक्षा हेतु ग्राम पंचायतों में प्रत्येक गली में स्ट्रीट लाईटे व सी0सी0 कैमरे लगाये जाने का प्रस्ताव रखा गया द्य साथ ही साथ यह भी प्रस्तावित किया गया कि ग्राम पंचायतों में निर्मित पंचायत भवन में प्रत्येक माह महिला पुलिस बीट अधिकारी के साथ बैठक की जाये एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु डायल नं0-112 सक्रिय किया जाये द्य जिससे ग्राम के सोहदो पर नियंत्रण रख सके द्य साथ ही साथ उक्त ग्राम प्रधानों द्वारा पेयजल स्वच्छता, उपलब्धता एवं पर्यावणीय रक्षा हेतु वृक्षारोपण कराये जाने एवं ग्राम की स्वच्छता एवं कूड़ा निस्तारण पर भी संवाद स्थापित कर चर्चा की गयी। जनपद की 273 ग्राम पंचायतों में एक दिन हेतु नामित सभी ग्राम प्रधानों द्वारा उक्त कार्यक्रम की बहुत सराहना की गयी तथा जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी चंद्र किशोर ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया।

## मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटिका से रुपए चुरा ले गए चोर

जन एक्सप्रेस । जालौन

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना में दक्षिण मुखी हनुमान जी के मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर दान पेटिका से रूपए चुरा ले गए।जानकारी होने पर ग्रामीणों ने मंदिर में हुई चोरी की घटना की शिकायत पुलिस से की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना में गांव के मध्य में दक्षिण मुखी हनुमान जी का मंदिर स्थित है। गांव के मध्य स्थित हनुमानजी के मंदिर में नवरात्रि के दिनों में रात में 11 बजे तक भजन होते हैं, इसके बाद ग्रामीण घर चले जाते हैं। शुक्रवार की रात को अज्ञात चोर मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर में रखी गोलक से पैसा निकाल ले गए।

मंदिर में हुई चोरी की घटना की लिखित सूचना ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, पवन सिंह सेंगर, धर्मेंद्र सिंह, राजाराम, हरिशंकर, सोनू, मोहन, संजू आदि ने पुलिस को दी गई। मामले को ग्रामीणों ने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश करने की मांग की है।

# शारदा नवरात्रि के पंचमी तिथि के दिन मेंन बाजार पनवाड़ी में महा आरती का आयोजन

जन एक्सप्रेस । महोबा



पनवाड़ी महोबा नवदुर्गा महोत्सव समिति मेंन बाजार पनवाड़ी में शारदीय नवरात्रि के पांचवा दिन मां स्कंदमाता की पूजा आराधना पंडित पीयूष कांत मिश्रा द्वारा कराई गई पांडा जितेंद्र प्रजापति इस मौके पर ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी डॉ जयप्रकाश मिश्रा मुकेश मिश्रा रविंद्र अहिरवार महेंद्र अहिरवार पंचमी तिथि को मां अंबे को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया एवं महा आरती का आयोजन किया। शारदा नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा देवी की पूजा आराधना पंडित पियूषकांत मिश्रा द्वारा कराई गई पांडा जितेंद्र प्रजापति मुख्य रूप से रोहित यादव अनुज तिवारी धीरज अनुरागी मनोज अनुरागी आरती में सभी माता बहनों नवदुर्गा महोत्सव समिति मेंन बाजार की सभी भक्तगण उपस्थित रहे पनवाड़ी पुलिस प्रशासन दलबल के साथ मौजूद रही। कमेटी के सदस्य गण कल्लू प्रजापति, भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी राम लखन सोनी, पत्रकार नितेश प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, नीरज प्रजापति, शत्रुघ्न सोनी, राजेश राजपूत, मनीष प्रजापति, कुशकैसे सोनी विकी प्रजापति, प्रिंस गौतम, हेमंत प्रजापति, राहुल प्रजापति, अनिल प्रजापति, छोटू सेन, अनुज नायक, नृपेंद्र प्रजापति, हिरदेश प्रजापति, आशु अहिरवार एवं सभी भक्तगण एवं माताएं-बहनें उपस्थित रहीं। पनवाड़ी पुलिस प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजूद रही इसी मौके पर थाना अध्यक्ष पनवाड़ी अर्जुन सिंह द्वारा महिला शक्ति के बारे में महिलाओं को जानकारी दी गई।

## अलग-अलग जगह दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

**उरई।** एट कस्बा में अलग-अलग जगह दो लोगों ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

एट के मोहल्ला भगत सिंह नगर निवासी पुष्पेंद्र 42 वर्ष पुत्र रामस्वरूप ने किन्ही कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि उसके दो पुत्री शिवानी 22 वर्ष व अंजलि 19 वर्ष और एक पुत्र सुमित 17 वर्ष है। वह अपने गांव रुखना में खेती-बाड़ी का काम करता था, बच्चे और पत्नी सभी लोग एट में रहते थे। बताया जा रहा कि रात्रि को छत के कुंडे से रस्सी द्वारा फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। दूसरी घटना कस्बे के मोहल्ला झलकारी बाई नगर की है। जहां पर कन्हैया लाल उर्फ ननकू 30 वर्ष पुत्र विष्णु नारायण बरार ने गृह क्लेश के चलते फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई।

# हैरीटेज वॉक के अंतर्गत छात्राओं को रहेलिया सूर्य मंदिर और गोरखगिरि का कराया गया भ्रमण

जन एक्सप्रेस । महोबा



मिशन शक्ति एवं विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर छात्राओं को पर्यटन विभाग द्वारा हैरीटेज वाक करवाया गया द्य भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया द्य हैरीटेज वाक के अंतर्गत रहेलिया सूर्य मंदिर और गोरखगिरि का भ्रमण कराया गया द्य सूर्य मंदिर पर छात्राओं को महोबा के इतिहास और पर्यटन से संबंधित जानकारी दी गयी द्य गोरखगिरि पर छात्राओं को ईको टूरिज्म से संबंधित जानकारी दी गयी द्य इसके अतिरिक्त विश्व पर्यटन दिवस एवं मिशन शक्ति को लेकर छात्राओं को एक गोष्ठी में जागरूक वक्ताओं द्वारा जागरूक किया गया द्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा जनपद के पर्यटन स्थलों पर प्रकाश डाला द्य उन्होंने बताया कि जनपद में पर्यटन की अनेक संभावनाएं है द्य वही मिशन शक्ति के अन्तर्गत उन्होंने बताया कि बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। इस अवसर पर पर्यटन सूचना अधिकारी डा चित्रगुप्त ने पर्यटन विभाग की बेड एण्ड ब्रेकफास्ट तथा होम स्टे योजना के बारे में विस्तार से बताया द्य इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक शिवकुमार गोस्वामी, जग प्रसाद तिवारी, व्यापारी रामजी गुप्ता, संजय मिश्रा, अनुज शर्मा, सुमित तिवारी, सीएम फैलो अंशिमा ईत्यादि मौजूद रहे।

# कुलपहाड़ महोबा कक्षा 8 की छात्रा अंजलि बनी एक दिन की अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । महोबा



नगर पंचायत कुलपहाड़ में आज शनिवार को कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कुलपहाड़ की कक्षा 8 की छात्रा अंजली को एक दिन का नगर पंचायत अध्यक्ष बनाया गया नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठते ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अडजरिया ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया।

1 दिन की अध्यक्ष अंजलि ने पत्रकारों के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा की पूर्व अध्यक्ष ने नगर में शिक्षा के क्षेत्र में काफी सराहनीय कार्य किए हैं सभी 16 विद्यालयों का कायाकल्प किया है जिसमें सोलर पंप कैमरा लाइटिंग सुलभ शौचालय इनवर्टर एवं विद्यालय भवन के सभी कमरों में सुंदरीकरण का कार्य किया गया है। हर घर नल योजना में अभी तक 20 पानी की टंकी का निर्माण कर दिया गया है तथा 12 में काम चल रहा है उन्होंने ऐतिहासिक धार्मिक स्थल बगराजन धाम एवं रामलला मंदिर में ऐतिहासिक सुंदरी करण का कार्य किया है।

सफाई नायक संतोष कुमार को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा की नगर के सभी प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए जिससे सभी विद्यालयों को स्वच्छ सुंदर बनाया जा सके।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष वैभव अडजरिया नगर पंचायत के समस्त स्टाफ के अलावा विद्यालय की प्रधानाचार्य संजीता परवीन सहायक अध्यापक शिव विजय वर्मा सहित विद्यालय के कई दर्जन बच्चे मौजूद थे।

# डीएम व एसपी ने मिशन शक्ति केंद्र का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

थाना कोठीभार परिसर शनिवार को फरियादियों की आवाज़ सुनने और समस्याओं के त्वरित निस्तारण का केंद्र बना। पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने थाना समाधान दिवस के तहत पहुंचकर जनसुनवाई की। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के बीच तालमेल को और बेहतर बनाने पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित हो। जनसुनवाई के दौरान पारदर्शिता का उदाहरण पेश करते हुए पुलिस अधीक्षक ने पिछली समाधान दिवस में आए मामलों की स्थिति जानने के लिए शिकायतकर्ता अशोक कुशवाहा से फोन पर वार्ता की। शिकायतकर्ता ने निस्तारण पर संतोष व्यक्त किया, जिससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली को बल मिला।




### डीएम व एसपी ने मिशन शक्ति केंद्र का किया उद्घाटन

नारी सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना कोठीभार में मिशन शक्ति-5.0 के तहत नवगठित मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने किया। केंद्र की प्रभारी और महिला पुलिसकर्मियों को मिशन शक्ति अभियान से जुड़े विशेष दायित्व सौंपते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला सुरक्षा जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। महिला अपराधों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाए और हर महिला फरियादी को त्वरित व समुचित सहायता उपलब्ध कराई जाए, और महिला सुरक्षा को लेकर विशेष सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचय दिया जाए।

### महिला सुरक्षा पर कड़ा संदेश

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की इस संयुक्त पहल ने स्पष्ट संदेश दिया है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मिशन शक्ति केंद्र महिला शिकायतों के निस्तारण, मार्गदर्शन और सहायता का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## रामलीला के तीसरे दिन धनुष यज्ञ का किया गया मनमोहक मंचन

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

महराजगंज तराई-रामलीला सीमित एवं सांस्कृतिक संस्थान महराजगंज कस्बा के तीसरे दिन कलाकारों में धनुष यज्ञ का मंचन किया। रामलीला मंचन में माता सीता और प्रभु श्री राम की विवाह देखकर दर्शन मंत्र मुक्तगध हो गए।

महराजगंज कस्बा में रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर राम विवाह उत्सव के दृश्य का मंचन किया गया। दृश्य में दिखाया गया कि भगवान राम स्वयंवर में जैसे ही प्रवेश करते हैं। सब उनके मनमोहन रूप को देखकर मोहित हो उठते हैं। महाराजा राजा जनक की महासभा में धनुष तोड़ने के बाद माता सीता ने भगवान श्रीराम के गले में जयमाला डाल दी। सभी देवी देवताओं ने जयकारों और पुष्प वर्षा कर दोनो को आशीर्वाद दिया। रामलीला मंच पर राम विवाह उत्सव श्रद्धालु गदगद हो गए तथा उन्होंने जमकर जयकारे नारे लगाए। कहां की भगवान श्री राम और माता सीता का संपूर्ण जीवन मानव को सही ढंग से जीने की कला से अवगत करवाता है।

# दशहरा पर सुरक्षा कड़ी: डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



आगामी दशहरा त्यौहार को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की तैयारियों के तहत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने शुक्रवार को परतावल बाजार में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने लोगों को कानून-व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया और संबंधित मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहें और कहीं भी ढिलाई न बरतें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहें। विशेषकर मिश्रित आबादी वाले इलाकों में चौकसी और सतर्कता को और बढ़ाया जाए। उन्होंने शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि अधिकारियों को दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना चाहिए, ताकि किसी भी तरह की अफवाह या गलतफहमी को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने दशहरा एवं दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन मार्गों को पूर्व में ही चिन्हित कर सभी आवश्यक इंतज़ाम सुनिश्चित करने और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने के निर्देश दिए। वही पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने अधिकारियों से कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी निगाह रखी जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करें और विसर्जन मार्गों का भौतिक निरीक्षण कर सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं को पुख्ता बनाएं।

फ्लैग मार्च के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस पहल से आमजन में सुरक्षा और शांति का विश्वास और गहरा हुआ। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# डीएम-एसपी ने त्रिमुहानी घाट का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। महराजगंज

आगामी दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में स्थापित दुर्गा प्रतिमा के सुरक्षित विसर्जन के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने रोहिन नदी के त्रिमुहानी घाट पर स्थलीय निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाट तक जाने वाले रास्तों की सफाई और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही एनएचएआई से घाट तक जाने वाले मार्ग को मिट्टी और सिल्ट डालकर चौड़ा करने का भी निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि नदी के किनारे लोगों की भीड़ नियंत्रित करने हेतु बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए। इस दिशा में अधिशासी अभियंता पी0डब्लू0डी0 और सिंचाई विभाग बाढ़ खंड को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विसर्जन के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। फरेन्दा की ओर से मूर्तियों के आगमन को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम फरेन्दा को निर्देशित किया कि मूर्ति आयोजकों से वार्ता कर उन्हें सुझाव दिया जाए कि मूर्तियों का विसर्जन किनारे से ही किया जाए, ताकि सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखी जा सके। इस अवसर पर एसडीएम फरेन्दा, डीडीओ, अधिशासी अभियंता पी0डब्लू0डी0, तहसीलदार सदर एवं अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## चोर समझकर ग्रामीणों ने दो युवकों को पीटा

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

ठूठीबारी कोतवाली रामनगर गांव में चोर समझकर ग्रामीणों ने दो युवकों की जमकर धुनाई कर पुलिस को सौंपा दिया। शुक्रवार की दोपहर रामनगर गांव में बाइक सवार दो युवक शराब के नशे में पहुंचे तो ग्रामीण संदिग्ध देखकर पूछताछ करने लगे जब दोनों युवक बताने में असमर्थता जताने लगे तो ग्रामीणों को चोर होने का संदेह होने लगा लोगों की भीड़ जुटता देख दोनों युवक भागने लगे जिस पर ग्रामीणों ने दौडाना शुरू कर दिया और गांव में घेरकर पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दिया जिसका विडियो सोसल मिडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया की कोठीभार थाना क्षेत्र के रत्नेश साहनी व शिव कुमार किशनपुर गांव अपने मौसी के घर जा रहे थे नशे के कारण यह रामनगर में रास्ता भटक गया जिससे ग्राम वासियों ने पड़कर पुलिस के हवाले किया मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# डीएम-एसपी ने चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक, योजनाओं की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने शनिवार को थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत भुवना में महिला चौपाल का आयोजन कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाना है। साथ ही उन्होंने महिला



हेल्पलाइन नंबर 1090 के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी अपराध या सहायता की स्थिति में महिलाएं इस पर कॉल कर सकती हैं। डीएम ने कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित कई महिलापरक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्टाम्प ड्यूटी में छूट और घरौनी वितरण से संबंधित जानकारी भी साझा की। महिलाओं में एनीमिया की समस्या पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों और विद्यालयों में आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन सी तथा कैल्शियम की गोलियां वितरित करेगा। उन्होंने महिलाओं से स्वयं और घर की बालिकाओं को इन केंद्रों पर भेजने की अपील की। वही ड्रोन उड़ने की अफवाहों पर जिलाधिकारी ने लोगों को सचेत किया और कहा कि अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1930 और 1098 की जानकारी दी और कहा कि महिलाएं छोटे से छोटे अपराध की भी रिपोर्ट करें ताकि अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित हैं, जहां महिलाएं किसी भी समय सहायता ले सकती हैं।

चौपाल में मौजूद अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। वहीं सूचना विभाग के कलाकारों ने लोकगीतों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण संबंधी संदेश दिए। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया।

# ड्रोन चोर की अफवाह पर चली गोली, तीन घायल

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



जिले के सिंदुरिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर एकडंगा (टोला पुरुषोत्तमपुर) गांव में बीती रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब ड्रोन चोर की अफवाह ने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया। अफवाह के बीच गांव के ही एक व्यक्ति ने अपना लाइसेंसी असलहा निकालकर फायरिंग कर दी। अचानक चली गोली से तीन मासूम बच्चियां और एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं।

ग्रामीणों के मुताबिक बीते कई दिनों से गांव में अज्ञात ड्रोन उड़ने की घटनाएं सामने आ रही थीं। इस वजह से गांव के लोग लगातार दहशत और संदेह में जी रहे थे। ड्रोन को लेकर चर्चाओं और अफवाहों ने बड़ा रूप ले लिया। अचानक यह खबर फैल गई कि ड्रोन चोर गांव में दाखिल हो गए हैं। इसी बीच एक ग्रामीण ने घबराहट और गुस्से में फायर कर दिया। जिससे चलते गांव में भगदड़ मच गई। व्यक्ति के फायरिंग के दौरान गोली के छर्रे लगने से तीन बच्चियां और एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों में नवर्दा पत्नी सीताराम (50), गीता पुत्री अनिरुद्ध (14) और प्रतिमा (17) शामिल हैं। आनन-फानन में ग्रामीणों ने तत्काल सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि सभी खतरे से बाहर हैं और उपचार जारी है। वही प्रतिमा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया है। वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने तुरंत एक्शन लिया और सिंदुरिया थाना प्रभारी के साथ मौके पर पहुंच कर विभिन्न बिंदुओं के जांच पड़ताल में जुट गए। और पुलिस ने घटनास्थल से लाइसेंसी असलहा भी बरामद कर लिया है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपित की जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ड्रोन उड़ने की घटनाओं की जांच होनी चाहिए, ताकि लोगों के बीच फैली आशंका और भय को दूर किया जा सके।

### डीएम-एसपी ने घायलों से की मुलाकात

डीएम संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। इस दौरान अधिकारियों ने घायलों एवं उनके परिजनों को आश्वस्त किया कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए और परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

## ओलंपियाड परीक्षा में बच्चों ने किया प्रतिभाग

**महराजगंज तराई।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कावापुर में ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। बच्चों के प्रतिभा को निखारने के लिए अभिभावको ने बोला सराहनी कदम है। खंड शिक्षा अधिकारी डा स्वामीनाथन के निगरानी में परीक्षा संपन्न हुआ।

ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन बीआरसी पर किया गया। प्रतियोगिता में 52 बच्चों नेप्रतिभा किया।जिसमे उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों के 52 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न कराया गया।

# डीएम-एसपी ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



दशहरा पर्व पर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने घुघली स्थित बैकुंठी धाम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष घुघली से विसर्जन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को घाट की ओर जाने वाले मार्गों की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु हाइड्रा मशीन का उपयोग करने और पानी में सुरक्षित दूरी पर बैरिकेडिंग कराने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आयोजकों से सम्पर्क कर मूर्ति विसर्जन के रूट, दिन और समय की जानकारी सुनिश्चित कर ली जाए और उसी अनुरूप तैयारी कराई जाए। साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व बैरिकेडिंग में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

# स्पीड ब्रेकर से बढ़ा खतरा: मकानों और मंदिर की प्रतिमा में दरारें, लोगों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज

नगर पंचायत पनियरा स्थित एनएच-328 पर दुर्गा मंदिर चौराहे पर बना खतरनाक स्पीड ब्रेकर स्थानीय लोगों के लिए आफत बन गया है। तेज रफ्तार वाहनों के अचानक ब्रेक लगाने और लोडर वाहनों से आसपास के मकानों और दुकानों की दीवारों में दरारें आ गई हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि चौराहे पर स्थित माँ दुर्गा मंदिर की प्रतिमा में भी लगातार दरारें पड़ रही हैं। इससे भक्तों में गहरी नाराजगी और चिंता व्याप्त है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्र से पहले प्रतिमा की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन इसके बावजूद दरारें लगातार आ रही हैं। लोगों को डर है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो प्रतिमा को भारी नुकसान हो सकता है और आसपास के मकान गिरने की कगार पर पहुंच सकते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्र से पहले प्रतिमा की मरम्मत कराई गई थी।

लेकिन इसके बावजूद दरारें लगातार आ रही हैं। लोगों को डर है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो प्रतिमा को भारी नुकसान हो सकता है और आसपास के मकान गिरने की कगार पर पहुंच सकते हैं। इसे लेकर व्यापार मंडल ने कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिलीप कसौधन ने बताया कि बीते एक अगस्त को जिलाधिकारी को पत्र सौंपा था और 19 अगस्त को व्यापार बंधु की बैठक में भी मुद्दा उठाया। जिलाधिकारी ने समाधान का आश्वासन तो दिया, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग के अभियंता मुरलीधर राय को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने हर बार टालमटोल की। मौके पर आने का आश्वासन देने के बावजूद वे नहीं पहुंचे।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि जान-माल और धार्मिक आस्था से जुड़े इस मुद्दे पर प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि खतरनाक स्पीड ब्रेकर हटाकर स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-चंदपुरा, विकास खण्ड-ककवन, कानपुर नगर

पत्रांक- मेमो/पंचम/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/सचिव/2025-26 दिनांक- 25.09.2025

**अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत चंदपुरा, विकास खण्ड ककवन, कानपुर नगर में केन्द्र वित्तीय आयोग/पंचमवित्त/मनरेगा एस.बी.एम. वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित किये जाने हेतु आईटम रेट/निर्माण सामग्री आपूर्ति किये जाने के लिए मोहरबन्द निविदा **दिनांक 29.09.2025 से 30.09.2025 को** एक बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं **दिनांक 30.09.2025 को 3 बजे** ग्राम पंचायत में गठित समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी व निविदा नगद 100रू0 जमाकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालाय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने कर अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**कार्यों का विवरण निम्नवत् है।**

| क्र.सं. | कार्य व कार्य स्थल का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | आनंद कुमार के घर से जयवीर के घर तक इंटरलाकिंग निमाण कार्य | 4.50 लाख | 1 माह |
| 2. | बाबा के घर से फिरोज के घर तक इण्टरलाकिंग नि0 कार्य | 1.87 लाख | 1 माह |
| 3. | आनंद कुमार के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 3.83 लाख | 1 माह |
| 4. | आर0 आर0 सी0 सेन्टर में साइड डेवलपमेन्ट कार्य | 3.18 लाख | 1 माह |
| 5. | सामुदायिक शौचालय का सुन्दरीकरण कार्य | 4.0 लाख | 1 माह |
| 6. | प्रेमचन्द्र के घर से गुलाब तक नाली निर्माण कार्य | 1.0 लाख | 1 माह |
| 7. | पुलिया निर्माण कार्य | 70 हजार रू. | 1 माह |

**अन्य शर्ते :-**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार आपूर्ति करने वाली फर्म कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।
3. किसी भी परियोजना पर शासन पर रोक या विवाद में स्वीकृत कार्य का भुगतान नही होगा।
4. समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होंगे।
5. धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत-चंदपुरा
विकास खण्ड ककवन, कानपुर नगर।

**ग्राम पंचायत सचिव**
ग्राम पंचायत-चंदपुरा
विकास खण्ड ककवन, कानपुर नगर।

# वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान







**■ भाजपा और चुनाव आयोग ने वोट चोरी से लोकतंत्र को किया कलंकित-डा.प्रमोद कुमार सिंह**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन वोट चोरी से बनी सरकार देश और देशवासियों का भला नहीं कर सकती, चुनाव आयोग ने भाजपा के इशारे पर वोट चोरी करके संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर नागरिकों के अधिकारों का हनन कर दिया है। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा.प्रमोद कुमार सिंह ने वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करते हुए पिलकिछा में शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि के रुप में कहा। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का प्रारम्भ करते हुए जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा वोट चोरी करके सत्ता को जबरन कब्जा की है, देश की जनता का भरोसा भाजपा और मोदी सरकार से उठ चुका है। प्रमोद सिंह ने कहा नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी जी के द्वारा वोट चोरी के खुलासे से भाजपा और चुनाव आयोग की कलई खुल गई, संवैधानिक संस्थाएं सरकार के सामने घुटने टेक चुकी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला सचिव विनोद त्रिपाठी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट से नरेंद्र मोदी वोट चोरी के दम पर चुनाव जीते हुए हैं,वोट चोरी के भरोसे बने प्रधानमंत्री पूंजीपतियों के बाद की कठपुतली बन गये है। जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि देश में हर तरफ अफरा तफरी का माहौल है, सरकार पूरी तरह फेल हो गयी है, जनता के द्वारा किये जा रहे आंदोलनों को पुलिस के दम पर जबरन दबाया जा रहा है, हर तरफ असंतोष फैलता जा रहा है। राकेश मिश्रा ने लद्दाख की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार अपनी नाकामियो और वोट चोरी के आरोपों से बचने के लिए दमनकारी नीतियां अपना रही है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर करते हुए वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा भी लगाया। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसियों ने कार्यक्रम स्थल से पिलकिछा चौराहे तक जुलूस निकालकर सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष देवराज पांडेय, यूथ कांग्रेस शाहगंज के अध्यक्ष रत्नेश यादव, जिला सचिव परवेज अहमद, इरशाद खान,शेखर मौर्या, शैलेन्द्र यादव, संतोष तिवारी, दीपक शर्मा, सुभाष यादव, संतोष यादव, ललित मौर्या, संजय उपाध्याय, जनकधारी, पवन शर्मा, देवेश उपाध्याय, आशुतोष उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस कमेटी खुटहन के अध्यक्ष विपिन शर्मा ने किया।

## चारे की कमी से रोज़ाना दम तोड़ रहे हैं पशु, कौओं का बन रहे निवाला

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



मड़ियाहूं रामपुर विकास खंड के अंतर्गत दमोदरा में संचालित गौशाला की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। चारे और देखभाल की कमी के चलते यहां प्रतिदिन कई पशुओं की मौत हो रही है। मृत पशुओं के शव खुले में पड़े रहने से कौए और दूसरे जानवर उनका निवाला बना रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की ओर से करोड़ों रुपये खर्च कर गौशाला तो बनाई गई, लेकिन उसकी व्यवस्थाएं कागज़ों तक ही सीमित हैं। चारे की भारी कमी, साफ-सफाई और पशुओं की सही देखरेख न होने से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अधिकारी मौके पर पहुंचने के बावजूद आंखों से देखी चीजों को भी सही मानने से इनकार कर देते हैं। प्रशासन की लापरवाही और पशु सेवा विभाग की उदासीनता के कारण गौशाला धीरे-धीरे पशुओं के लिए मौत का अड्डा बनती जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारी तत्काल संज्ञान लेकर गौशाला की स्थिति सुधारें, ताकि पशुओं की जान बच सके

# भड़काऊ होर्डिंग पर भाजपा टीम-11 आक्रोशित, डीएम-एसपी को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बस्ती




नवरात्रि और दुर्गा पूजा जैसे पावन पर्व पर जिले का माहौल बिगाड़ने की नापाक कोशिश ने राजनीति का पारा चढ़ा दिया है। शहर के कई हिस्सों में लगे भड़काऊ होर्डिंग्स को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व सुनियोजित साजिश के तहत वातावरण को जहरीला बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह हरकत धार्मिक भावनाओं पर कुठाराघात है और जिले की शांति-व्यवस्था को खुली चुनौती देने के समान है। भाजपा नेताओं ने साफ चेतावनी दी कि अगर दोषियों पर फौरन शिकंजा नहीं कसा गया तो हालात बिगड़ सकते हैं।

शनिवार को भाजपा टीम-11 ने नेता सत्येन्द्र सिंह भोलू की अगुवाई में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

टीम ने कहा कि माहौल खराब करने की यह गंदी चाल जिले के अमन-चैन और भाईचारे पर सीधा हमला है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे तत्वों की पहचान कर तुरंत जेल भेजा जाए, ताकि किसी की हिम्मत दोबारा जिले का माहौल बिगाड़ने की न हो।

सत्येन्द्र सिंह भोलू ने बताया कि पुलिस कप्तान ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के

खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी और जिले का साम्प्रदायिक सौहार्द हर हाल में कायम रखा जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में राजकुमार शुक्ला, दिलीप पांडेय, तारक जायसवाल, विनोद चौधरी, प्रदीप निषाद, निलेश सिंह, सोनू वर्मा, अभिषेक पांडेय और नागेंद्र शुक्ल शामिल रहे।

# भानुप्रताप सिंह की प्रेरक सोच-छात्रा पल्लवी बनीं एक दिन की थानाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस। बस्ती



थानाध्यक्ष परसरामपुर भानुप्रताप सिंह अपनी संवेदनशील कार्यशैली और समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली पहल के लिए जाने जाते हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनकी प्रेरक सोच शनिवार को उस समय देखने को मिली, जब उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के तहत कक्षा आठ की छात्रा पल्लवी पुत्री लालबाबू (निवासी ग्राम नेवादा, थाना परसरामपुर) को एक दिन के लिए थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। यह पहल न केवल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी बल्कि मिशन शक्ति अभियान को और मजबूती देने वाली साबित हुई। छात्रा पल्लवी ने एक दिन की थानाध्यक्ष के रूप में थाने का निरीक्षण किया, आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने विशेष रूप से महिला अपराधों और उनसे संबंधित हेल्पलाइन नंबरों – 1090, 112, 1076, 108 और 102 – की कार्यप्रणाली को समझा। पल्लवी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि महिला और बालिका संबंधी मामलों में त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई की जाए। थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा, मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं है, बल्कि बालिकाओं को यह महसूस कराना है कि वे समाज के हर क्षेत्र में नेतृत्व करने में सक्षम हैं। पल्लवी ने जिस गंभीरता और उत्साह के साथ थाने की जिम्मेदारी निभाई, वह अन्य बालिकाओं के लिए प्रेरणा है। एक दिन की थानाध्यक्ष बनी छात्रा पल्लवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है। यह अनुभव मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैंने कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग की बारीकियों को करीब से जाना। इस अवसर ने मुझे आत्मविश्वास दिया कि बेटियां भी किसी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।इस अवसर पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पल्लवी को मार्गदर्शन दिया और थाने की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। पल्लवी ने न केवल शिकायतें सुनीं बल्कि संवेदनशीलता, अनुशासन और त्वरित कार्रवाई की अहमियत को भी महसूस किया। परसरामपुर थाने की यह पहल मिशन शक्ति अभियान के लक्ष्यों को और सशक्त बनाने वाली रही। इस कार्यक्रम ने यह साबित किया कि यदि बालिकाओं को अवसर दिया जाए, तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और नेतृत्व करने की क्षमता रखती हैं। थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की इस सोच ने क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा देने का कार्य किया है और यह पहल अन्य थानों व संस्थानों के लिए भी एक प्रेरक उदाहरण बनी है।

# लोनियापट्टी गांव में जेई और लाइनमैनों को बंधक बनाकर पीटा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन लोनियापट्टी गांव में चार दिनों से बंद चल रही विद्युत आपूर्ति के साथ साथ चोरी व ड्रोन से भयभीत होकर रात पहरा दे रहे ग्रामीणों ने शुक्रवार की देर रात विद्युत विभाग की टीम के साथ गांव पहुंचे जेई और संविदा लाइनमैनो को बंधक बनाकर लात घूंसो से जमकर पिटाई कर दिया। जिसमें जेई सहित पूरी टीम के सदस्यों को चोटें आईं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उन्हें बंधनमुक्त कराकर थाने लाया गया। जहां जेई की तहरीर पर ग्राम सहित चार नामजद के अलावा 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। अवर अभियंता श्याम अवध यादव ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शाहगंज से 132 केवी सप्लाई जो पिलकिछा उपकेंद्र पर जाता है। जो रात लगभग दस बजे कहीं से ब्रेकडाउन हो गया। फाल्ट की तलाश कर उसे ठीक करने के लिए अपने साथ संविदा लाइनमैन राममिलन बिंद, शैलेन्द्र कुमार गौतम, विनोद मौर्या, श्रीनिवास यादव, राजकुमार राजभर, संदीप और नीरज गिरी को साथ गांवो में जाकर चेक करवा रहे थे। जब उनकी टीम लोनियापट्टी गांव पहुंची तो वहां ग्राम प्रधान प्रधान जय सिंह चौहान,सोनू चौहान, रामप्रसाद चौहान और सुनील यादव अपने 40 से 50 अन्य साथियों के साथ लाठी डंडा लेकर मौजूद थे। आरोप है कि अचानक वे लोग उग्र होकर अपशब्द बोलते हुए पूरी टीम को चारों तरफ से घेर लिए। परिचय बताने के बाद भी वे चोर चोर की रट लगाते हुए लात घूंसो और डंडे से पिटाई करने लगे। चारों तरफ खड़े ग्रामीण उन्हें भागने भी नहीं दिए। फोन पर घटना की सूचना जेई ने थानाध्यक्ष को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें ग्रामीणों के बंधक से मुक्त कराया। जेई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि गांव में चोरी की घटनाओं से भयभीत ग्रामीण गांव में पहरा दे रहे हैं। आधी रात को विद्युत टीम को चोर समझकर उन्हें घेर लिए। पिटाई का आरोप निराधार है।

# जौनपुर सड़क किनारे कब्जा

## किसकी मिलीभगत से सरकारी ज़मीन पर जनरेटर



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

ये देखिए जनाब, जौनपुर के सिपाह रेलवे क्रॉसिंग के पास, सत्यम होटल के सामने - जहां आम आदमी को नाले से गुजरते वक्त नाक पर रुमाल रखना पड़ता है, वहीं कुछ खास लोगों ने सरकारी ज़मीन को बाप की जागीर समझ लिया है यहां, नाले के ऊपर - सड़क के किनारे - दो भारी-भरकम जनरेटर सेट बेधड़क खड़े हैं। सवाल ये है।

### ये जनरेटर किसके हैं?

क्या इसके मालिक के पास नगर पालिका या जिला प्रशासन की कोई अनुमति है और अगर अनुमति नहीं है, तो इन जनरेटरों को यहां लगाने की छूट किसने दी जनता जानना चाहती है - क्या सरकारी ज़मीन पर कब्जा अब पैसे या पहचान के दम पर जायज़ हो गया है ये नाला सिर्फ गंदगी नहीं उगल रहा - ये सिस्टम की सड़ांध को भी उजागर कर रहा है। जिम्मेदार अफसर आंख मूंदे बैठे हैं - या यूं कहें, आँखें बंद नहीं, जेबें गरम हैं। अगर आम जनता बाइक खड़ी कर दे तो फौरन चालान कटता है, लेकिन ये जनरेटर सेट? पूरे रोड पर कब्जा करके खड़े हैं और किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। क्यों?

### आखिरी चोट जनता की आवाज़ बनते हुए

**हम पूछते हैं**

- नगर निगम से ज़िला प्रशासन से स्थानीय पार्षद और जनप्रतिनिधियों से क्या आपने इसकी जांच की
- क्या कार्रवाई हुई और अगर नहीं हुई तो कब होगी जनता अब जाग चुकी है, सवाल पूछेगी, और जवाब लेकर ही मानेगी




## बिजली का पोल गिरने से भड़के डीएम, बोले कोई हादसा हुआ तो कठोर कार्रवाई होगी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

बीती रात आई तेज़ आंधी और बारिश से नगर क्षेत्र में कई जगहों पर विद्युत खंभे टेढ़े होकर झुक गए। दुर्गा पूजा व आगामी त्योहारों में भीड़भाड़ को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र देर रात ही मौके पर पहुँच गए और स्थिति का जायज़ा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत विभाग को कड़ी फटकार लगाते हुए आदेश दिया कि पूरी टीम रातभर काम करे और सभी टेढ़े व जर्जर खंभों को तत्काल बदला जाए। उन्होंने कहा कि आमजनमानस को सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। मौके पर मौजूद बिजली विभाग के अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि यह विभाग की लापरवाही से किसी की जान गई तो जेल भेज दूंगा। डीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में विद्युत विभाग की लापरवाही से कोई हादसा हुआ तो संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निर्देश दिया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विशेष अभियान चलाकर सभी खंभों की जांच व मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

इस मौके पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ठ, विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

### माता दुर्गाजी के बारे में अपशब्द लिखने पर दर्ज हुई एफआईआर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के आदेशानुसार सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक लेख लिखने एवं अश्लील चित्र प्रकाशित करने पर जौनपुर के साइबर थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई।पत्रकार एवं यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के सदस्य चंद्र मणि पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक के यहां एफ आई आर दर्ज करने के लिए एक आवेदन पत्र दिया। आवेदन में विजय कुमार नामक यूजर द्वारा फेसबुक पर लिखे आलेख एवं प्रकाशित चित्र पर आपत्ति दर्ज कराई है। यूजर ने माता दुर्गा की एक अश्लील फोटो पोस्ट की है। इसके अलावा उसने एक आलेख लिखा है,जिसमें उसने माता जी के विषय में एक झूठी और तथ्य हीन कहानी लिखते हुए अनावश्यक रूप से बार बार अपशब्दों का प्रयोग किया है। इसके साथ साथ समाज के दो वर्गों के खिलाफ भी अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उनको आपस में लड़ाने के लिए प्रयास किया गया है। इस समय चल रहे नवरात्र के शुभ पर्व पर समाज में अशांति पैदा करने के उद्देश्य से यह अपराध किया गया है। समाज में विद्रोह पैदा करके देश की एकता और अखंडता को खुली चुनौती दी गई है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बी एन एस की धारा 173,196,197,298,299,302,67 के तहत मुकदमा दर्ज करके वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।




### बेलाव घाट में मिली लाश, मचा हड़कम्प

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद।** क्षेत्र के गोमती नदी के बेलाव घाट पर शनिवार को एक लाश मिलने से हड़कम्प मच गया। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। ऊक्त घाट पर शनिवार को किसी स्थानीय व्यक्ति की नजर नदी में औंधे मुंह पड़ी लाश पर पड़ी। उसने लोगों को जानकारी दिया। उसके बाद पुलिस भी पहुंच गई।लाश की शिनाख्त नही हो पाई। एसआई विजय सिंह सूचना पर मौके पर जाकर लाश को बाहर निकलवाया। उन्होंने बताया कि मृतक कई दिन पूर्व डूबा लग रहा है।लाश पानी से फूल चुकी है। सिर के बाल भी नही है। फिलहाल उसके शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### आसमान में रात को उड़ते दिखे कई ड्रोन, गांवों में दहशत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों में शुक्रवार की रात आसमान में कई ड्रोन कैमरा उड़ता देख ग्रामीण भयभीत हो गए। लाठी डंडा लेकर ग्रामीण अपनी अपनी छतों पर खड़े होकर ड्रोन नजदीक आने का बहुत देर तक इंतजार करते रहे। घटना की सूचना पर गांवों में पहुंची पुलिस भी मामले को पूरी तरह स्पष्ट नहीं कर सकी। रहस्यमय ड्रोन को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा चल रही है इमामपुर, गौसपुर, शेखूपुर, तिघरा, जौकाबाद, पनौली, भटपुरा, कानामऊ, गोसाईंपुर, दौलतपुर तिरकौलिया, बिशुनपुर, अकबरपुर, कबिरुद्दीनपुर, नगवां, लवायन, भागलपुर आदि गांवों में शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे आसमान में चार से पांच की संख्या में ड्रोन कैमरा उड़ते दिखे। लगभग दस किमी के दायरे में घंटों तक ड्रोन उड़ते रहे। भयभीत ग्रामीण लाठी लेकर इधर उधर भागते रहे। वे अपनी छतों पर चढ़ ड्रोन को नजदीक आने का इंतजार भी करते रहे। लेकिन ड्रोन लगभग सौ फिट ऊपर हवा में उड़ता रहा। ग्रामीण इसे चोर या डकैतों के द्वारा घरों की तस्वीर जुटाकर घटना को अंजाम देने का प्रयास मानकर परेशान हैं।

# शैक्षिक गुणवत्ता सुधार को लेकर डायट में हुई समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। बस्ती



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सभागार में शनिवार को समग्र शिक्षा के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने की। इसमें सितंबर माह के कार्यों का आकलन किया गया और अक्टूबर माह के लिए बीईओ, एसआरजी तथा एआरपी को नए लक्ष्य निर्धारित किए गए।

प्राचार्य संजय शुक्ल ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षक संदर्शिका सहित उपलब्ध कराई गई सभी शैक्षिक सामग्रियों का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि संघर्षशील बच्चों को मध्यम और मध्यम बच्चों को सक्षम श्रेणी तक लाने की प्रगति का आकलन कर रिपोर्ट अक्टूबर माह की बैठक में लिखित रूप से प्रस्तुत की जाए। इसके लिए सभी एआरपी को दस दिनों के भीतर कार्ययोजना जमा करनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगली बैठक में सभी एआरपी अपने ब्लॉक की कार्ययोजना पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे और विषयवार कक्षा शिक्षण की प्रस्तुति देंगे। बैठक के नोडल प्रवक्ता इमरान ने गणित ओलंपियाड, निपुण ब्लॉक और अन्य गतिविधियों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सितंबर माह में डायट मेंटर, एसआरजी और एआरपी द्वारा किए गए कार्यों की रिपोर्ट तैयार की गई है। बैठक में सपोर्टिव सुपरविजन, स्पॉट असेसमेंट, शिक्षकों से संवाद, समय-सारणी, पाठ्यक्रम, संदर्शिका, शिक्षक डायरी, प्रिंटरिच सामग्री, मासिक शिक्षक संकुल बैठक और आगामी माह की अकादमिक योजना जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

एसआरजी आशीष श्रीवास्तव ने सहयोगात्मक सुपरविजन में संदर्शिका से जुड़े प्रश्नों का क्रमबद्ध अवलोकन और अंकन करने की बात कही। वहीं, एसआरजी अंगद प्रसाद पांडेय ने शिक्षक डायरी और निपुण तालिका को नियमित रूप से भरने पर बल दिया। जिला समन्वयक प्रशिक्षण स्वप्निल श्रीवास्तव ने विद्यालयों में सक्रिय पुस्तकालय स्थापित करने और सुपरविजन रजिस्टर अनिवार्य रूप से रखने का सुझाव दिया, ताकि निरीक्षण के दौरान फीडबैक दर्ज हो सके। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद, विनोद त्रिपाठी, सीपी गौंड, ममता सिंह, धीरेन्द्र त्रिपाठी, अशोक कुमार समेत जिलेभर के एआरपी और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत चिरैया मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीयचिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खुटहन थाना क्षेत्र के तिसौली गांव निवासी 45 वर्षीय बृजेश कुमार वर्मा पुत्र नन्दलाल वर्मा शनिवार की सुबह गोरखपुर जाने के लिए घर से बाइक से निकल कर कलान जाना था। वहां से किसी के साथ चार पहिया वाहन से गोरखपुर जाना था। लेकिन अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड़ के समीप गड्ढे में फंसी ट्रक पीछे करने के दौरान बाइक में टक्कर मार दिया। जिसके चलते बाइक सवार बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# मिशन शक्ति के तहत छात्रा साक्षी गौड़ बनी एक दिन की प्रधानाचार्य



जन एक्सप्रेस। बस्ती

महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 के तहत शनिवार को जनता इंटर कॉलेज पोखरा बाजार में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार द्विवेदी ने छात्रा साक्षी गौड़ को अपनी कुर्सी पर बैठाकर एक दिन के लिए प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी सौंपी। विद्यालय की बच्चियों और शिक्षकों को संचालन संबंधी जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए उन्होंने बताया कि शिक्षा और अनुशासन से ही किसी संस्थान की प्रगति सुनिश्चित होती है। शिक्षक प्रभाकर रंजन ओझा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे देश की राष्ट्रपति और कई राज्यों की राज्यपाल महिलाएं हैं। बेटियां अब अंतरिक्ष तक अपनी क्षमताओं का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें, ताकि देश और समाज का नाम रोशन कर सकें।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सूर्यनाथ पाण्डेय, राजकुमार दुबे, मनोज कुमार त्रिपाठी, रमेश कुमार, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, लालजी द्विवेदी, सूर्य प्रकाश मौर्य, रामकेश पाठक, परमात्मा प्रसाद चौधरी, सुशीला, खुशबू, गोपाल मिश्र, विकास, रंजय, सुनीता और उषा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# डायट में द्वितीय बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न, सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

जन एक्सप्रेस। बस्ती

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सुरक्षा, संरक्षा आधारित प्रशिक्षण के द्वितीय बैच में 97 शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। सुरक्षा संरक्षा प्रशिक्षण का सत्र शुभारंभ श्री मनोज कुमार सिंह, राज्य सलाहकार आपदा जोखिम एवं स्कूल सुरक्षा अधिकारी लखनऊ द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके किया। डायट प्राचार्य ने प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के विविध आयामों को अपने जीवन में उतारिए तथा इस प्रशिक्षण में सड़क, सुरक्षा, यातायात, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा आदि के बारे में विस्तृत ढंग से बताया गया जो इरॉस आप सभी के शिक्षकों के माध्यम से हर बच्चों तक पहुंचेगा। जिसका उद्देश्य है कि जानकारी होने पर बच्चे मुश्किल में ना पड़े और किसी तरह की आपदा आए तो अपने बचाव के साथ दूसरों की भी मदद कर सकें। आगे उन्होंने ने कहा कि साइबर क्राइम देश के आर्थिक विकास के लिए एक गंभीर खतरा है और इसके प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि राज्य सलाहकार आपदा जोखिम एवं स्कूल सुरक्षा अधिकारी, लखनऊ, मनोज कुमार सिंह ने बातया की स्कूल सुरक्षा एवं संरक्षा आज के परिदृश्य में बहुत ही महत्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप आपदाओं की प्रकृति और स्वरूपों में बदलाव देखने को मिल रहा है जिससे देश के अलग अलग राज्यों में बाढ़, भू स्खलन, बदल फटने और वज्रपात की घटनाएं बढ़ रही है जिससे समाज के हर वर्ग प्रभावित है। पूर्व में घटित आग, बाढ़, भूकंप और वज्रपात से देश प्रदेश के कई स्कूल प्रभावित हुए जिसमें बच्चे और शिक्षकों को अपनी जाने गंवानी पड़ी है ऐसे में स्कूलों में प्राकृतिक आपदाओं के साथ साथ मानव निर्मित आपदाओं से बचाव के उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर भूकंप, बाद, वज्रपात, आग से बचाव की जानकारी प्रतिभागियों को दी। प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता कल्याण पाण्डेय ने प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण में सड़कसुरक्षा, यातायात, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा आदि के बारे में विस्तृत ढंग से बताया जाएगा जो आप सभी के माध्यम से बच्चों तक पहुंचेगा। जिसका उद्देश्य है कि जानकारी होने पर बच्चे मुश्किल में ना पड़े और किसी तरह की आपदा आए तो अपने बचाव के साथ दूसरों की भी मदद कर सकें। और इसके प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण के सह नोडल प्रवक्ता अमनसेन जी ने बताया कि द्वितीय बैच के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कहा कि हम सभी को विद्यालय के माहौल को सुरक्षित व संरक्षित करते हुए अभिभावकों को यह विश्वास दिलाना है कि उनका बच्चा सुरक्षित माहौल में पढ़ रहा है। प्रशिक्षण के संदर्भदाता रमेश विश्वकर्मा, वंशराज गुप्ता और अजीत सिंह द्वारा विद्यालय स्तर पर सुरक्षा के विभिन्न आयाम, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित वातावरण के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण में डॉ रविनाथ, डॉ गोविन्द, मो. इमरान खान, डॉ.ऋचा शुक्ला, अखिलेश आदि ने अपना योगदान दिया।

### सीता स्वयंवर देख भाव-विभोर हुए दर्शक

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन दशगरपारा गायत्रीनगर गांव में जय मां काली रामलीला के द्वारा बुधवार की रात रामलीला कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर व परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। रामलीला की शुरुआत मुख्य बतौर अतिथि शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने फीता काटकर किया। भगवान राम जनकपुर में जैसे ही प्रवेश करते हैं सब उनके मनमोहक रूप को देखकर मोहित हो उठते हैं। स्वयंवर में महाराजा जनक घोषणा करते हुए कहते हैं कि जो भी राजा धनुष का खंडन करेगा उसीसे अपनी पुत्री सीता का विवाह करेंगे। राजा जनक की घोषणा को सुनकर संसार के विभिन्न राज्यों से आए राजाओं ने एक-एक करके धनुष को खंडन करने का प्रयास किया, लेकिन सभी विफल रहे। धनुष का खंडन तो दूर कोई भी राजा धनुष को हिला तक नहीं पाए। यह सब देखकर महाराजा जनक भरी सभा में कहते हैं कि विश्व में कोई भी वीर नहीं बचा जो इस धनुष का खंडन कर सके। जिसे सुनते ही लक्ष्मण क्रोधित हो उठते है। भगवान राम ने उनको शांत कराया। यह सब देखकर मुनि विश्वामित्र ने भगवान श्रीराम को आदेश दिया कि वह धनुष का खंडन करें ।भगवान श्री राम गुरु का आदेश का पालन करते हुए धनुष को तिनके के समान उठा कर उसका खंडन कर देते है।

# सिर्फ भजन- कीर्तन की रस्म अदायगी में निपटा विश्व पर्यटन दिवस

## कन्नौज के कर्णधारों ने लोक कवि घाघ को भुलाया..

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



सरकार के निर्देश पर शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। देशी इत्र के लिए विश्व भर में विख्यात और पौराणिक कथाओं के केंद्र बिंदु कन्नौज में पुरातन और प्रतिभा की घोर अनदेखी करते हुए कार्यक्रम के नाम पर सिर्फ रस्म अदायगी हुईं। इस बात का चिंतनीय नज़ारा एक बार फिर इस ÷कलमकार÷ ने खुद देखा। महज़ आधे घंटे के अल्प समय में समेटे गए विश्व पर्यटन दिवस के कार्यक्रम हेतु आयोजक को कोई बड़ी व्यवस्था भी नहीं करनी पड़ी, क्योंकि जिले के ÷सूचना विभाग÷ ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की 15 दिवसीय प्रदर्शनी हेतु पांडाल पहले से लगा रखा है। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी के किनारे सूचना विभाग के प्रदर्शनी पांडाल में ही विश्व पर्यटन दिवस की औपचारिकता पूरी की गई। चूंकि शासन की मंशा के अनुरूप शनिवार को जिले के किसी एक पुलिस थाने पर समाधान दिवस का आयोजन निश्चित है। जिसमें जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त मौजूदगी आवश्यक होती है। ऐसे में माना जा सकता है कि शासन के अल्प कालीन निर्देश पर आयोजित किए गए कार्यक्रम की विधिवत व्यवस्था नहीं हो सकी। जिला सूचना कार्यालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 11÷ 45 बजे विश्व पर्यटन दिवस मनाए जाने के लिए जिले के संवाददाताओं को आमंत्रित किया गया था। जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. मकबूल द्वारा संयोजित कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी आलोक कुमार एवं राजकीय पुरातत्व संग्रहालय के वीथिका सहायक डॉ पवन तिवारी ने भरपूर योगदान किया। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिए यूपी पर्यटन निगम के पटल पर प्रदर्शित जिले के एकमात्र प्रमुख पर्यटन स्थल लाख बहोसी पक्षी बिहार के लोक गायकों की छः सदस्यीय टोली ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर भजन-कीर्तन के जरिए आयोजन को पूर्णता प्रदान की। थाना समाधान दिवस छिबरामऊ में प्रतिभाग करने के लिए रवाना होने से पूर्व ठीक 12 बजे जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, अपर जिलाधिकारी ( वि / राजस्व )आशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर अविनाश कुमार गौतम के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इसके तत्काल बाद पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। करीब एक दर्जन स्कूली बच्चों और आधा दर्जन पत्रकारों के बीच लोक गायकों की टोली ने एक भजन और एक कीर्तन प्रस्तुत किया! समयाभाव के कारण मात्र 5 मिनट में प्रदर्शनी का अवलोकन करके जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक लोक गायकों को सम्मानित करने के बाद अगले गंतव्य को विदा हो गए।

विश्व पर्यटन दिवस मनाने की शुरुआत सन 1980 में हुई थी। प्रतिवर्ष 27 सितंबर को मनाएं जाने वाले विश्व पर्यटन दिवस को इस साल 5 साल पूरे हो गए है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्लूटीओ) द्वारा विश्व भर में पर्यटन के साथ सांस्कृतिक, राजनैतिक एवं आर्थिक महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसकी शुरुआत की गई थी किंतु चिंता का विषय ये है कन्नौज में इस बार का ये कार्यक्रम महज रस्म अदायगी में ही सिमट गया। क्योंकि कन्नौज सिर्फ इत्र के लिए ही विश्व भर में विख्यात नहीं है बल्कि ये नगरी भगवान श्रीराम के गुरु ब्रम्हर्षि विश्वामित्र की जन्म स्थली भी है। यही नहीं इस नगरी से रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के समकक्ष लोक कवि घाघ का संबंध है, जिनकी लोकोक्तियों मानसून, प्रकृति और मानव जीवन की जीवन शैली पर अकाट्य सिद्ध हैं। पौराणिक गाथाओं और ऐतिहासिक धरोहर को अपने आंचल में समेटने वाले कन्नौज के कर्णधारों के लिए इससे दुखद क्या होगा कि उनके इस नगर को 28 वर्ष पहले इसी महीने में जिले का दर्जा मिला था और महीने के इसी सप्ताह में बहु दिवसीय कन्नौज महोत्सव भी होता रहा है जो पिछले दो वर्ष से स्थगित है।

# समाज कल्याण मंत्री ने दो महाविद्यालयों के छात्रों को बांटे टेबलेट

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने पं0 सुंदरलाल मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत आयोजित टेबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने स्नातक स्तर पर अध्ययनरत 358 विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार युवाओं को डिजिटल युग में आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना, ऑनलाइन अध्ययन को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस डिजिटल साधन का उपयोग अपने ज्ञान, कौशल और व्यक्तित्व विकास के लिए करें। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है, भारत विश्व का सबसे युवा देश है जिसमें युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा, रोजगार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह टैबलेट विद्यार्थियों के लिए ज्ञान अर्जन का सशक्त माध्यम बनेगा, जिससे हर प्रश्न का उत्तर मिल सकेगा। नई तकनीक के प्रयोग से शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति आई है और आने वाला समय और भी रोचक होने वाला है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि अध्यापन में नई तकनीक का उपयोग करें, ताकि विद्यार्थी आधुनिक शिक्षा पद्धति से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण, महिला सशक्तिकरण, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित प्रत्येक क्षेत्र में सरकार हर संभव सहयोग कर रही है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत 05 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण लेकर खुद का स्वरोजगार खड़ा कर सकते हैं। उद्यमिता की ओर हमारे बेटे/बेटियां कैसे आगे बढ़े, इसमें भी ध्यान देना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन का लक्ष्य तय करें और आने वाले पाँच वर्षों की स्पष्ट योजना बनाएं। सरकार आपके सपनों को उड़ान देने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि जो छात्र यूपीएससी, नीट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, वे इस निःशुल्क योजना का लाभ अवश्य लें। इस अवसर पर पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा युवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से टेबलेट वितरण एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी इसका उपयोग सही दिशा में करेंगे तो वे निश्चित रूप से अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देना होगा।

विनीता देवी महिला महाविद्यालय, बैसापुर पट्टी में मंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत आम का पौधा रोपित किया तथा स्नातक स्तर पर अध्ययनरत 100 छात्राओं को टेबलेट वितरित किए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षण स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# समाज कल्याण मंत्री द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण विभाग (स्वतंत्र प्रभार) के राज्य मंत्री असीम अरुण ने आज जनपद कन्नौज स्थित विकास भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। इस अवसर पर कुल 35 ट्राईसाइकिलें, 12 कान की मशीनें एवं 1 स्मार्ट केन प्रदान की गईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि शासन द्वारा दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं सशक्तिकरण हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरणों से दिव्यांगजनों को न केवल चलने-फिरने में सुविधा होगी, बल्कि वे आत्मनिर्भर बनकर आजीविका के साधन भी विकसित कर सकेंगे।

इससे उनके जीवनस्तर एवं पारिवारिक आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि समाज का हर वर्ग समान अवसर का अधिकारी है। राज्य सरकार का प्रयास है कि दिव्यांगजन भी सम्मानपूर्वक जीवन यापन करें और मुख्यधारा से जुड़ें। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि ऐसे पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए।

कार्यक्रम में पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### छिबरामऊ में भी दिव्यांगजनों को वितरित हुए सहायक उपकरण

इसी क्रम में विकास खण्ड छिबरामऊ परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक छिबरामऊ अर्चना पाण्डेय द्वारा कुल 30 ट्राईसाइकिलें, 12 कान की मशीनें एवं 5 ब्रेल किट लाभार्थियों को प्रदान की गईं।

# दावत-ए-वलीमा में लेगपीस मांगना बना जानलेवा, पीट पीट कर मार डाला



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

कन्नौज में शुक्रवार शाम तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के अहेर गांव में नूर मोहम्मद के बेटे राजा की शादी के वलीमा में 16 वर्षीय अजमत अली अपने दादा मेहंदी हसन के साथ खाना खाने पहुंचे थे। खाना परोसते वक्त मेहंदी हसन ने लेग पीस के लिए आवाज लगाई, जिसके बाद नसीम ने उन पर तंज कसा। इस तंज पर अजमत अली भड़क गया और नसीम को डांट दिया। इसी बात से विवाद शुरू हुआ। नसीम और उसके चार भाइयों वसीम, हीरो, मिथुन और अर्जुन ने मिलकर अजमत अली की पिटाई शुरू कर दी। मारपीट करते हुए आरोपियो ने अजमत को पंडाल के बाहर ले जाकर उसके सीने और पीठ पर ईंट से हमला किया। गंभीर चोटों के कारण अजमत अली की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अजमत के चाचा अल्ताफ अली ने उसे राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हृदय गति की जांच कर मौत की पुष्टि की। इस घटना ने पूरे परिवार और गांव में मातम फैला दिया। पुलिस ने मृतक का शव मर्च्यूरी में रख दिया है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला ने बताया कि गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सीओ कुलवीर सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे और उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से गंगा एक्सप्रेस वे तक वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे बनेगा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को मंत्रिपरिषद द्वारा एक और लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके निर्माण से प्रयागराज को मेरठ से जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेसवे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के साथ ही बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे से भी जुड़ जाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से गंगा एक्सप्रेसवे तक वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण होने से सीधा लाभ प्रदेश के छह जनपदों इटावा, मैनपुरी, कन्नौज, फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर और हरदोई के लोगों को होगा। 90.838 किलोमीटर लम्बे लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण होने से ये सभी जनपद आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे और प्रयागराज से मेरठ गंगा एक्सप्रेसवे से सीधा जुड़ जाएंगे। लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण पर सात हजार 488 करोड़ रूपए का खर्च प्रस्तावित किया गया है।

मंत्री नन्दी ने बताया कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के चैनेज 133-800 पर मिल कर समाप्त होता है। मेरठ से प्रयागराज गंगा एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे व बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के मिलान बिन्दु कुदरैल (जनपद इटावा) से गंगा एक्सप्रेसवे को वाया फर्रुखाबाद ग्रीन फिल्ड लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से जोड़ने से एक्सप्रेसवे की ग्रिड बन जाएगी, जो प्रदेश की तरक्की में सहायक सिद्ध होगी।

मंत्री नन्दी ने कहा कि फर्रुखाबाद में विश्वविख्यात धार्मिक स्थल बाबा नीमकरौरी धाम स्थित है। जहां प्रति वर्ष लाखों की संख्या में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी श्रद्धालु आते हैं। यही नहीं बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा भी फर्रुखाबाद में ही है। जहां पर बड़ी संख्या में जैन धर्म के अनुयायी श्रीलंका, वर्मा, इंडोनेशिया, जापान, चीन, सिंगापुर, थाईलैण्ड आदि देशों से आते हैं। जिनके आश्रम फर्रुखाबाद में स्थापित हैं। एक्सप्रेसवे से जुड़ने से फर्रुखाबाद के धार्मिक पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। जिसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

### लिंक एक्सप्रेसवे से जुड़ेंगे ये जिले

गंगा एक्सप्रेसवे को आगरा एक्सप्रेस-वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद से शाहजहांपुर और हरदोई से जुड़ेगा। कन्नौज और मैनपुरी के बीच यह लिंक एक्सप्रेस-वे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा।

# एक्सप्रेस खबरें...

## आधुनिक भारत में महिलाओं की भूमिका अग्रणी- मुद्रा देवी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। वैदिक काल से लेकर आधुनिक भारत तक महिलाएं अग्रणी भूमिका में रही है उक्त बातें दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका मुद्रा ने हरख प्रखंड के ग्राम पड़रा स्थित दुर्गा माता मंदिर पर आयोजित दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम में कही। प्रांत संयोजिका मुद्रा ने नारी अबला नहीं सबला है के अनेक उदाहरण रखते हुए सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 42 प्रांत में 90 हजार से अधिक संयोजिकायें सेवा सुरक्षा संस्कार के भाव से शक्ति केंद्र, बाल संस्कार केंद्र और साप्ताहिक मिलन चल रही हैं। दुर्गा वाहिनी की बहने सामाजिक समरसता स्वालंबन शिक्षा स्वास्थ्य का कार्य समाज में कर रही हैं। इससे पूर्व हरख के ग्राम झलिहा में अशोक सिंघल के अवतरण दिवस के अवसर पर विष्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के द्वारा सिलाई कढ़ाई केंद्र का शुभारंभ दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका मुद्रा व विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा ने किया और कहा कि इस केंद्र से बहनों में स्वालंबन के साथ ही आर्थिक समृद्धि आएगी। कार्यक्रम में राहुल कुमार, लीना श्रीवास्तव, संगीता वर्मा, सरिता सिंह, मानसी शर्मा, चाहत, रिंकी, पूनम सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। विकास खण्ड रामनगर के सभागार में शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर अधिकारियों द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी पंचायत अभय शुक्ला ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग व पंचायत विभाग के कर्मचारियों को आगामी संचारी रोग नियंत्रण अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। एडीओ पंचायत ने कहा कि बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस व अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभागीय समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव-गांव साफ-सफाई, नालियों की सफाई, दवा का छिड़काव और जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जाएं। विद्यालयों में बच्चों को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए जाएं तथा आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने के लिए लगाया जाए। एडीओ कृषि डा दलजीत सिंह ने कहा कि पानी का ठहराव न होने पाए और नियमित रूप से फॉगिंग कराई जाए। इस मौके पर सचिव निखिल कनौजिया, विनीत राय, डब्लूएचओ धर्मेंद्र, बीएमसी लक्ष्मी,ऋषभ पांडेय, बीना, विजय कुमार, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## कलम को ईष्वर का वचन मानकर धर्म का करते है प्रसार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। शनिवार को श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कराई जा रही रामलीला के सम्बन्ध में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने पत्रकार बंधुओ को श्री रामलीला के कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का निमंत्रण पत्र सौंपा एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तृत चर्चा की। समिति के सदस्य सरदार भूपेंद्र सिंह ने बताया कि रामलीला के कार्यक्रमों का जिस प्रकार से मीडिया के साथी कवरेज कर रहे वह निश्चित ही सराहनीय है, वही व्यापार मंडल के नेता विनोद गाबा ने पत्रकार बंधुओ को अंगवस्त्र देकर उनके कार्य की सराहना की। सांस्कृतिक मंत्री ने बताया कि भरत शोभा यात्रा का कार्यक्रम भी रामलीला मैदान पर सम्पन्न होगा, वही नवमी और दशमी को लेकर तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। दशहरा मंदिर का कार्यभार संभाल रहे समिति के सदस्य अंकित गुप्ता गोलू ने बताया कि पत्रकार बंधु निरन्तर रामलीला के कार्यक्रमों का कवरेज कर रहे है जो सराहनीय है, वही समिति के महामंत्री शिव कुमार वर्मा ने कहा कि नवमी और दशमी एवं अन्य कार्यक्रमों में पत्रकार बंधु कार्यक्रम देखने अवश्य आए, पत्रकार बंधुओ हेतु पृथक से मीडिया मंच बनाया जाता है। इस अवसर पर सुशील गुप्ता, अमर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, कुणाल सिंह, विनय सिंह एवं मीडिया प्रभारी नितेश मिश्रा मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण से लाभन्वित हो रहे मास्टर ट्रेनर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण हेतु जनपद स्तरीय 3 दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नगर संसाधन केंद्र में शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा बाराबंकी सुधा जायसवाल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने अपने उदबोधन में बताया कि ये देश के इतिहास में पहली बार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग, समावेशन और संदर्भित करने के लिए प्रोटोकॉल लांच किया जा रहा है। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर नीरज मिश्रा, राज नरायन, कमलेश कुमार, ने बच्चों के अभिवृद्धि एवं विकास तथा इस पर दिव्यांगता का प्रभाव, दिव्यांगता के प्रकार, पहचान पर विस्तृत रूप से चर्चा की इस अवसर पर 36 स्पेशल एजुकेटर उपस्थित रहे।

# सशक्तिकरण एवं महिलाओं के अधिकारों के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के क्रियान्वन के क्रम में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव की जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में ब्लाक सभागार सिकंदरपुर कर्ण, तहसील सदर उन्नाव मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के अधिकारों के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयंसेवकों एवं रोजा संस्था के समन्वय द्वारा सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयं सेवक रजनीश श्रीवास्तव, श्री गिरीश श्रीवास्तव, सलोनी, सुश्री दीपाली, शुभी यादव, रोजा संस्था के संस्थापक मोहम्मद अब्दुल्लाह, नितेश दीक्षित लेबर ऑफिसर, शोभना शुक्ला बी.एन.एम सिकंदरपुर कर्ण, अंजनी कुमार गुप्ता अ.डी.ओ. शिवानी पटेल, और आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा बहुएं भी उपस्थित रहे।इस दौरान बाल विवाह, बाल यौन शोषण पॉक्सो, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा और कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, और पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला योजना की जानकारी दी गई और उनका प्रचार-प्रसार किया गया उक्त कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 101 फायर ब्रिगेड तथा साइबर हेल्पलाइन 1930ध155260 प्रमुख रहे।

दल ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का उपयोग कर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। रोजा संस्था के संस्थापक मोहम्मद अब्दुल्लाह

एवं लेबर ऑफिसर नितेश दीक्षित द्वारा श्रम कानूनों एवं अधिकारों के बारे में उपस्थित महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी गई।

# दो दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन शनिवार को विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के साथ हुआ।

कार्यक्रम के संयोजक प्रधानाचार्य डॉ. अनूप सिंह ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और लगन से ही सफलता मिलती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी जिले एवं मण्डलीय प्रतियोगिताओं में भी पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर श्यामलाल इंटर कॉलेज की साधारण सभा के सदस्य रोहित गुप्ता, प्रधानाचार्या माधुरी लता, शिक्षिका मीनाक्षी गंगवार, गीता दीक्षित, जिला व्यायाम शिक्षक निशा तोमर, कैप्टन संतोष कुमार तिवारी, परीक्षा व स्काउट प्रभारी संदीप कुमार मिश्र, प्रेम प्रकाश, शमीमुर्रहमान, शालिनी कुमारी, शैलेश त्रिपाठी, डॉ अलका शुक्ला, जावेद आलम, उदय चौहान, अंकित कराटे, लक्ष्मी प्रजापति, डॉ. शालिनी, रुचि दीक्षित तथा लेखा विभाग टीम के सदस्य धीरज सिंह, शुभम द्विवेदी, हिमांशु सिंह समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंतिम दिन गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, 1500 मीटर और 3000 मीटर दौड़, भाला फेंक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता और जोन प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह ने किया। प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र अब जिला स्तरीय रैली में प्रतिभाग करेंगे, जो संभावित रूप से 13, 14 और 15 अक्टूबर को आयोजित होगी।

# लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर मार्ग दुर्घटना में चार व्यक्तियों की मृत्यू

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



जनपद उन्नाव के तहसील सफीपुर के अन्तर्गत समय 11:00 पूर्वान्ह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर किमी0 258 पर काम कर रहे मजदूरों को अर्टिगा गाडी द्वारा टक्कर मार दी गयी, जिसमें 04 व्यक्तियों लवकुश उम्र 40 वर्ष, किशोर उम्र 45 वर्ष, श्रवण उम्र 35 वर्ष, मुनेश उम्र 45 वर्षकी मृत्यु हो गयी तथा 02 व्यक्ति कृष्णपाल उम्र 50 वर्ष, राकेश उम्र 40 वर्ष घायल हो गये। मृतक व्यक्तियों को पोस्टमार्टम की अग्रिम कार्यवाही की जा रही है तथा घायल व्यक्तियों को चिकित्सीय उपचार हेतु मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर किया गया है। उपरोक्त मृतक व घायल व्यक्ति घटनास्थल से 500 मी0 की परिधि में आने वाले गांव छब्बा खेडा, अकबर खेडा व राजा खेडा के रहने वाले है। मृतक व्यक्तियों के परिवार को कृषक दुर्घटना, यू0पी0डा0 द्वारा देय आर्थिक सहायता व श्रम विभाग के अन्तर्गत देय आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने की कार्यवाही त्वरित रूप से की जा रही है इसी प्रकार उपरोक्त दोनो घायलों के उपचार व देय आर्थिक सहायता आदि प्रदान करने की कार्यवाही त्वरित रूप से की जा रही है। उपरोक्त मृतक व्यक्तियों के भूमिहीन होने पर पट्टे की कार्यवाही भी की जायेगी। घटना स्थल का निरीक्षण पुलिस एवं प्रशासन के उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया है। एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य रूप संचालित है। शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

## ग्राम न्यायालय ने आयोजित किया मोबाइल कोर्ट

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। ग्राम न्यायालय ने किन्तूर ग्राम पंचायत के सचिवालय में एक मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया। इस दौरान चार मामलों का निस्तारण किया गया, जिसमें एक वारंट रिकॉल और एक एनबीडब्ल्यू में जमानत भी शामिल है। शनिवार को आयोजित इस कोर्ट की अध्यक्षता ग्राम न्यायालय सिरौलीगौसपुर के न्यायाधीश कमलकांत तिवारी ने की। उन्होंने सरकार बनाम छंग्गालाल, सरकार बनाम शरीफ, सरकार बनाम नीरज और सरकार बनाम हेमंत कुमार यादव जैसे मामलों का निपटारा किया। इसके अतिरिक्त, 13 जुआ एक्ट अधिनियम के तहत पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सरकार बनाम सौरभ को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# हमने देश को कांग्रेस के लूटतंत्र से बाहर निकाला : पीएम मोदी

## अब दोगुनी बचत-कमाई का दौर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। झारसुगुड़ा**

ओडिशा के झारसुगुड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, डेढ़ साल पहले, विधानसभा चुनाव के दौरान, आप ओडिशावासियों ने एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया था। ये संकल्प था- विकसित ओडिशा। आज हम देख रहे हैं कि ओडिशा डबल इंजन की रफ्तार से आगे बढ़ चला है। आज एक बार फिर, ओडिशा के विकास, देश के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम शुरू हुआ है। आज से, बीएसएनएल का एक नया अवतार भी सामने आया है। बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी सेवाओं का शुभारंभ हो गया है।




### ‘देश में शिक्षा और कौशल विकास में अभूतपूर्व निवेश जारी’

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आत्मनिर्भर भारत के लिए कुशल युवा और अनुसंधान का माहौल आवश्यक है... आज ओडिशा सहित पूरे देश में शिक्षा और कौशल विकास में अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है... आज मेरिट नाम से एक योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थानों पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारे युवाओं को अच्छी तकनीकी शिक्षा के लिए बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। देश के हर क्षेत्र और हर वर्ग के नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए आज बहुत काम किया जा रहा है।

### गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज शुरू की गई ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत ट्रेन से गुजरात के उड़िया लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भाजपा सरकार गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार है। हम गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर देते हैं... हमारी सरकार ने अब तक देश भर में 4 करोड़ से ज्यादा गरीब परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए हैं। ओडिशा में भी हजारों घरों के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है।

### कांग्रेस पर पीएम मोदी का करारा हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2014 में जब आपने हमें सेवा का अवसर दिया, तो हमने देश को इस कांग्रेस के लूटतंत्र से बाहर निकाला। अब भाजपा सरकार में दोगुनी बचत और दोगुनी कमाई का दौर आ गया है। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो हमारे कर्मचारियों, व्यापारियों और कारोबारियों को 2 लाख रुपये तक की वार्षिक कमाई पर भी आयकर देना पड़ता था, लेकिन आज उन्हें 12 लाख रुपये तक की वार्षिक कमाई पर एक रुपया भी टैक्स नहीं देना पड़ता है।

### प्रधानमंत्री का ध्यान हमेशा ओडिशा के विकास पर : माझी

वहीं इस पहले ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का ध्यान हमेशा ओडिशा के विकास पर रहा है... आपके मार्गदर्शन और निर्देशन में ओडिशा प्रगति के पथ पर अग्रसर है... दुर्गा पूजा ओडिशा का एक बड़ा त्योहार है... आज कई परियोजनाएं शुरू होने जा रही हैं जैसे नई अमृत भारत ट्रेन, कौशल विकास परियोजनाएं, नया सेमीकंडक्टर पार्क आदि...।

### अंत्योदय गृह योजना के 50 हजार लाभार्थियों को सौगात


पीएम मोदी ने इस दौरान अंत्योदय गृह योजना के अंतर्गत 50,000 लाभार्थियों को स्वीकृति आदेश वितरित किए, जिसका उद्देश्य विधवाओं, विकलांग व्यक्तियों और प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों सहित कमजोर परिवारों को पक्के मकान और वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

### ‘हमारा संकल्प है कि भारत हर चीज में आत्मनिर्भर बने’

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारा संकल्प है कि भारत चिप से लेकर जहाजों तक, हर चीज में आत्मनिर्भर बने... देश का हर नागरिक चाहता है कि हमारा देश अब किसी पर निर्भर न रहे, इसलिए पारादीप से झारसुगुड़ा तक एक विशाल औद्योगिक क्षेत्र बनाया जा रहा है... हमने देश में जहाज निर्माण के लिए 70 हजार करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी है, इससे भारत में 4.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा... इससे युवाओं को बहुत फायदा होगा, लाखों रोजगार पैदा होंगे।

# शहरी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सरकार की 100 दिवसीय पहल

## 300 शहरों के लोग बताएंगे अपने अनुभव



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शहरी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 100 दिवसीय पहल की है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने स्वच्छ शहर जोड़ी (एसएसजे) कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत 72 शहरों और लगभग 200 नए शहरों का मूल्यांकन किया जाएगा। स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में शहरों के हालिया प्रदर्शन के आधार पर, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों की पहचान संरक्षक शहरों के रूप में की गई है और उन्हें कम प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु शहरों के साथ जोड़ा गया है। स्वच्छ भारत मिशन - शहरी (एसबीएम-यू) के तहत एसएसजे पहल की शुरुआत केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विभिन्न राज्यों के शहरी विकास मंत्री, महापौर, आयुक्त, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव एस. कटिकिथला की उपस्थिति में की। एसएसजे पहल शहरी अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में सबसे बड़े समयबद्ध और व्यवस्थित परामर्श ढांचे में से एक है। इसका उद्देश्य ज्ञान एवं अनुभवों को साझा करना, सहकर्मी द्वारा शिक्षण और शहरी भारत में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को बदलना है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की भावना हमेशा सभी हितधारकों की क्षमता और योग्यता के निर्माण पर केन्द्रित रही है। यह एक समावेशी मिशन है, जहां हम सब मिलकर साथ चलेंगे। स्वच्छ भारत अभियान केवल एक औपचारिक साझेदारी नहीं है, बल्कि यह एक समयबद्ध और परिणाम-उन्मुख पहल है। यह शहरी अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में सबसे बड़ी तथा व्यवस्थित एवं समयबद्ध परामर्श व्यवस्थाओं में से एक है।

### एसएसजे पहल से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए

सत्र में वर्चुअल रूप से शामिल होते हुए, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव एस कटिकिथला ने कहा कि एसएसजे ज्ञान-साझाकरण, परामर्श और मार्गदर्शन का एक गतिशील मंच है। इसका उद्देश्य स्पष्ट है कि प्रत्येक प्रशिक्षु शहर सर्वश्रेष्ठ शहरों से सीखकर अपने स्वच्छता संबंधी परिणामों को बेहतर करे। 26 अगस्त 2025 को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने एसएसजे पहल से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए। इसके तहत आधिकारिक तौर पर संरक्षक और प्रशिक्षु शहरों की जोड़ी बनाई गई। प्रशिक्षु शहरों को अच्छा प्रदर्शन करने वाले शहरों के साथ सीधा संपर्क मिलेगा ताकि वे उनकी सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपना सकें।

### मंत्रालय ने 100-दिवसीय कार्यक्रम शुरू किया

शहरी परिवर्तन को गति देने में शहर-दर-शहर परामर्श के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए मंत्रालय ने 100-दिवसीय कार्यक्रम शुरू किया है। इस अवधि के दौरान, प्रत्येक संरक्षक-प्रशिक्षु शहर की जोड़ी अनुभव साझा करने और ज्ञान हस्तांतरण पर केन्द्रित और स्पष्ट रूप से परिभाषित लक्ष्यों के साथ कार्य योजनाएं विकसित करेगी। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय विभिन्न राज्यों में स्वच्छ शहर जोड़ी के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु रणनीतिक दिशा और नीतिगत-स्तर की सहायता प्रदान करेगा। स्वच्छ भारत मिशन की क्षमता निर्माण पहल के तहत इसे सहायता प्रदान की जा रही है।

### मूल्यांकन स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में किया जाएगा

सभी भागीदार शहरों और उनके राजनीतिक कार्यकारी प्रमुखों की उपस्थिति में देश भर में एक साथ लगभग 300 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए और इस प्रकार ज्ञान-साझाकरण, मार्गदर्शन और सहायता के लिए एक गतिशील मंच बनाने के 100-दिवसीय चरण की शुरुआत हुई, जिसका मूल्यांकन स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में किया जाएगा।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ को बड़ी सफलता 1.29 करोड़ के सोने के बिस्कुट के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत (उत्तर 24 परगना जिला) की 143वीं वाहिनी के सतर्क जवानों ने एक बड़ी तस्करी की कोशिश नाकाम कर दी। सीमा चौकी तराली-1 पर खुफिया जानकारी के आधार पर की गई कार्रवाई में जवानों ने एक तस्कर को रंगेहाथ पकड़ लिया। उसके पास से 20 सोने के बिस्कुट बरामद हुए, जिनका कुल वजन 1116.27 ग्राम है। जब्त किए गए सोने की अनुमानित कीमत लगभग 1.29 करोड़ आंकी गई है।

### सेना ने चलाया पूरा ऑपरेशन

बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी के मुताबिक यह कामयाबी शुक्रवार को तराली-1 सीमाचौकी क्षेत्र के अंतर्गत हाकिमपुर चेक पोस्ट पर मिली। खुफिया सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह




आशंका जताई गई थी कि क्षेत्र से सोने की तस्करी की कोशिश की जाएगी। सूचना मिलते ही हाकिमपुर चेक पोस्ट पर विशेष सतर्कता बरती गई और सभी संभावित मार्गों व संवेदनशील स्थानों पर निगरानी तेज कर दी गई। सुबह करीब 9 बजे, हाकिमपुर बाजार से स्वरूपदाह की ओर जा रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। बीएसएफ जवानों द्वारा वाहन की सघन तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के बीच वाले हिस्से से 10 छोटे-छोटे पैकेट बरामद किए गए। जब पैकेट खोले गए, तो उनमें से कुल 20 सोने के बिस्कुट मिले। तस्कर को मौके पर ही हिरासत में लेकर सीमाचौकी हाकिमपुर लाया गया। प्राथमिक पूछताछ में तस्कर ने सोना सीमा पार से लाए जाने की बात कबूल की है।

### सीमा पर अवैध तस्करी रोकने के लिए प्रतिबद्ध

बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी, ने इस घटना की सराहना करते हुए कहा कि बीएसएफ के जवान सीमा पर तस्करी की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए पूरी तरह से सक्षम व प्रतिबद्ध है। उन्होंने सीमावर्ती निवासियों से आग्रह किया कि सोने की तस्करी से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना बीएसएफ की सीमा साथी हेल्पलाइन नंबर 14419 पर या 9903472227 पर व्हाट्सएप मैसेज या वॉयस मैसेज के माध्यम से दें। पुख्ता सूचना देने पर उचित इनाम दिया जाएगा तथा सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# कांग्रेस नेता वाईएस शर्मिला का चंद्रबाबू नायडू पर हमला, कहा, आरएसएस की विचाराधारा अपना रहे सीएम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अमरावती आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने दलित बस्तियों में मंदिर बनाने के लिए तिरुपति मंदिर के बजट का उपयोग करने पर सीएम चंद्रबाबू नायडू पर हमला बोला। शर्मिला ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू ने आरएसएस की विचारधारा को अपना लिया है। मंदिर निर्माण के बजाय तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) अपने धन का उपयोग दलित बस्तियों में बुनियादी ढांचे और विकास के लिए करे। विजयवाड़ा के अजित सिंह नगर में शर्मिला ने सीएम चंद्रबाबू नायडू से पूछा कि आप दलित बस्तियों के विकास के लिए टीटीडी के अतिरिक्त फंड का इस्तेमाल क्यों नहीं करते? यदि नायडू वास्तव में दलितों के उत्थान में रुचि रखते हैं, तो वह उनके विकास पर ध्यान क्यों नहीं दे सकते? कल्याण छात्रावास में 200 छात्राएं एक ही शौचालय का उपयोग करने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि



नायडू टीटीडी फंड से दलितों की आवश्यकताओं की पूर्ति करके छात्रावासों में सुविधाएं क्यों नहीं प्रदान कर सकते और दलित बस्तियों में स्वच्छता पर ध्यान क्यों नहीं दे सकते? अगर दलित बस्तियों में मंदिर बनाए गए, तो उनमें पुजारी कौन होगा? आप ब्राह्मणों को पुजारी नियुक्त करेंगे या दलितों को? वाईएस शर्मिला ने कहा कि टीटीडी एक बहुत ही पवित्र संस्था है। इससे कोई इनकार नहीं करता, लेकिन मंदिर निर्माण के माध्यम से देश भर में आरएसएस की विचारधारा को लागू करना संविधान का उल्लंघन है।

## अनंत शस्त्र: दुश्मन के मंसूबे नाकाम करेगा स्वदेशी मिसाइल सिस्टम

# सेना ने 30000 करोड़ का टेंडर किया जारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने वायु क्षमता को और ज्यादा मजबूत करने और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देते हुए पांच से छह रेजिमेंट के लिए अनंत शस्त्र सतह से वायु मिसाइल सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। यह मिसाइल सिस्टम रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है और पहले इसे क्विक रिएक्शन सतह से वायु मिसाइल सिस्टम के नाम से जाना जाता था। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 30,000 करोड़ रुपये अनुमानित है। इस नए सिस्टम से भारतीय सेना की वायु रक्षा क्षमता मजबूत होगी, जिसने मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को नाकाम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बता दें कि भारतीय सेना की वायु रक्षा इकाइयां पहले से ही MR-SAM, आकाश और अन्य छोटे एयर डिफेंस सिस्टम चलाती हैं, जो भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर हवाई खतरों से रक्षा करती हैं। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस स्वदेशी सिस्टम को खरीदने की मंजूरी दी थी।

### किसी भी समय किया जा सकता है परीक्षण

यह मिसाइल सिस्टम दिन और रात दोनों परिस्थितियों में परीक्षण किया जा चुका है। पाकिस्तान के साथ चार दिन के संघर्ष के दौरान भारतीय सेना के एयर डिफेंस यूनिट्स ने L-70 और Zu-23 एयर डिफेंस गन से ज्यादातर ड्रोन नष्ट किए थे, जबकि आकाश, एमआर-SAM और वायु सेना के स्पाइडर व सुदर्शन एस-400 सिस्टम ने भी अहम भूमिका निभाई।

### क्या है अनंत शस्त्र मिसाइल सिस्टम?

अनंत शस्त्र मिसाइल सिस्टम अत्यंत मोबाइल है, जो चलते-चलते लक्ष्यों को खोजने और ट्रैक करने में सक्षम है और शॉर्ट स्टॉप पर फायर कर सकता है। इसका रेंज लगभग 30 किलोमीटर है, जो MR-SAM और आकाश जैसे मौजूदा सिस्टम्स के साथ मिलकर काम करेगा।

## रिपोर्ट में दावा: देश में घटा बाल विवाह, अब असम में शादियां 84 प्रतिशत कम

# हिमंत बिस्व सरमा को चैंपियंस ऑफ चेंज सम्मान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में बाल विवाह के मामले लगातार कम हो रहे हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की ओर से जारी रिपोर्ट ‘टिपिंग प्वाइंट टू जीरो एविडेंस टूवार्ड्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया’ में दावा किया गया है कि भारत में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि लड़कों में इस दर में 72 प्रतिशत की कमी आई है। साथ ही लड़कियों की बाल विवाह की दर में सबसे ज्यादा 84 प्रतिशत गिरावट असम में दर्ज की गई है। इसके लिए संगठन ने असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा को चैंपियंस ऑफ चेंज’ पुरस्कार से सम्मानित किया। न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर एक अलग कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की ओर से जारी रिपोर्ट को इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंज बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) ने तैयार किया है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियां व एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे प्रभावी साबित हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि बाल विवाह के मामलों में असम के बाद संयुक्त रूप से महाराष्ट्र व बिहार (70 प्रतिशत) और राजस्थान व कर्नाटक में क्रमशः 66 और 55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान केंद्र, राज्य सरकारों और नागरिक समाज संगठनों के समन्वित प्रयासों की बदौलत बाल विवाह की दर में यह अप्रत्याशित गिरावट संभव हुई है। सर्वे में हिस्सा लेने वाले 99 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने मुख्यतः गैरसरकारी संगठनों के जागरूकता अभियानों, स्कूलों व पंचायतों के जरिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में सुना या जाना है।

### भारत की जीत नहीं हैं बल्कि दुनिया के लिए एक ब्लूप्रिंट

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा कि भारत आज बाल विवाह के खात्मे के कगार पर है। यह केवल एक सतत विकास लक्ष्य को हासिल करना भर ही नहीं है बल्कि हमने दुनिया के सामने यह साबित किया है कि इसका खात्मा न सिर्फ संभव है बल्कि यह होकर रहेगा। सफलता के सूत्र बिलकुल स्पष्ट हैं सुरक्षा से पहले रोकथाम, अभियोजन से पहले सुरक्षा और रोकथाम के लिए निवारक उपाय के तौर पर अभियोजन। यह सिर्फ भारत की जीत नहीं हैं बल्कि दुनिया के लिए एक ब्लूप्रिंट है। सरकार का दृढ़ संकल्प, मजबूत साझेदारियां, समुदायों की भागीदारी, बच्चों की सहभागिता, सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच और कानून के शासन पर सख्ती से अमल हो तो बाल विवाह मुक्त विश्व हमारी पहुंच में है।

### 9 प्रतिशत गांवों में सभी लड़कियां स्कूल में थीं

बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों का नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए केंद्र, राज्य सरकारों, जिला प्रशासनों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सामुदायिक कार्यकर्ताओं और ग्राम पंचायतों के साथ करीबी समन्वय में काम करता है। रिपोर्ट बताती है कि सर्वे में शामिल सभी राज्यों के 31 प्रतिशत गांवों में 6-18 आयुवर्ग की सभी लड़कियां स्कूल जा रही थीं लेकिन इसमें खासी विषमताएं देखने को मिलीं। महाराष्ट्र के 51 प्रतिशत गांवों में सभी लड़कियां स्कूल में थीं जबकि बिहार में सिर्फ 9 प्रतिशत गांवों में सभी लड़कियां स्कूल में थीं। सर्वे में शामिल लोगों ने गरीबी (88प्रतिशत), बुनियादी ढांचे की कमी (47प्रतिशत), सुरक्षा (42प्रतिशत) और परिवहन के साधनों की कमी (24प्रतिशत) को लड़कियों की शिक्षा में सबसे बड़ी रुकावट बताया। इसी तरह 91प्रतिशत लोगों ने गरीबी और 44 प्रतिशत ने सुरक्षा को बाल विवाह के पीछे सबसे बड़ा कारण बताया। एक ऐसे समाज में जहां बाल विवाह की स्वीकार्यता थी और जिसके बारे में पुलिस को सूचना देना निषिद्ध समझा जाता था, भारत में हालिया वर्षों में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। सर्वे में शामिल 63प्रतिशत लोगों ने कहा कि अब वे बाल विवाह के बारे में उचित अधिकारियों को सूचित करने में खुद को काफी सहज महसूस करते हैं जबकि 33 प्रतिशत ने कहा कि वे कुछ हद तक सहज महसूस करते हैं।

### देश के पांच राज्यों के 757 गांवों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है

रिपोर्ट में 2030 तक देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए बाल विवाह कानूनों पर सख्ती से अमल, सूचना तंत्र को बेहतर बनाने, विवाह पंजीकरण अनिवार्य करने और बाल विवाह मुक्त भारत के पोर्टल पर ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रमों की सिफारिश की गई है। साथ ही, बाल विवाह के खिलाफ लोगों को लामबंद करने के उद्देश्य से बाल विवाह मुक्त भारत के लिए एक राष्ट्रीय दिवस भी तय करने की सिफारिश की गई है। यह रिपोर्ट देश के पांच राज्यों के 757 गांवों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है। सर्वे के लिए इन सभी राज्यों व गांवों का इस तरह क्षेत्रवार तरीके से चयन किया गया कि वे देश के विविधता भरे सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों को परिलक्षित कर सकें। बहुचरणीय स्तरीकृत सांयोगिक नमूना (मल्टीस्टेज स्ट्रैटिफाइट रेंडम सेंपलिंग) आधारित इस सर्वे में गांवों के आंकड़े जुटाने के लिए सबसे पहले आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल शिक्षकों, सहायक नर्सों, दाइयों और पंचायत सदस्यों जैसे अग्रिम पंक्ति के लोगों से संपर्क किया गया।

### संयुक्त राष्ट्र में सिएरा लियोन के स्थायी मिशन और केन्या के साथ संयुक्त रूप से किया

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर इस उच्चस्तरीय कार्यक्रम क्रिएटिंग ए चाइल्ड मैरेज फ्री वर्ल्ड बिल्डिंग द केस फॉर प्रीवेंशन, प्रोटेक्शन एंड प्रासिक्यूशन का आयोजन सिएरा लियोन गणतंत्र की प्रथम महिला व ओएएफएलएडी की अध्यक्ष डॉ. फातिमा मॉडा बियो, संयुक्त राष्ट्र में सिएरा लियोन के स्थायी मिशन और केन्या के साथ संयुक्त रूप से किया जिसमें वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन और जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन वर्ल्डवाइड की भी सहभागिता थी। इस कार्यक्रम को बच्चों के खिलाफ हिंसा पर संयुक्त राष्ट्र संघ के विशेष प्रतिनिधि डॉ. नजात माला एमजिद, नार्वे सरकार के अंतरराष्ट्रीय विकास मंत्री एसमंड ऑउक्रस्ट, केन्या सरकार के लिंग, संस्कृति एवं बाल सेवाएं विभाग में में बाल सेवाओं के प्रधान सचिव कैरेन अगेंगो, मानवाधिकारों पर फ्रांस के अंबेसडर-एट-लार्ज इसाबेल रोम, अंतर संसदीय यूनियन की सदस्य मिली ओधियाम्बू और राबर्ट एफ. केनेडी ह्यूमन राइट्स के अध्यक्ष कैरी केनेडी ने भी संबोधित किया।

### अप्रैल 2023 से सितंबर 2025 के बीच इस नेटवर्क ने 3,97,849 बाल विवाह रोके

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने वर्ष 2023 से अब तक केवल भारत में ही पांच लाख से अधिक बच्चों की मदद की है और हर घंटे 18 बाल विवाह रोक रहा है। अप्रैल 2023 से सितंबर 2025 के बीच इस नेटवर्क ने 3,97,849 बाल विवाह रोके, ट्रैफिकिंग और बंधुआ मजदूरी के शिकार 1,09,548 बच्चों को मुक्त कराया, ट्रैफिकिंग गिरोहों के खिलाफ 74,375 से भी ज्यादा मामले दर्ज कराए और 32,000 यौन शोषण पीड़ित बच्चों को सहयोग प्रदान किया। जेआरसी बच्चों के खिलाफ हिंसा के खात्मे के लिए अंग्रेजी के 3पी यानी प्रासीक्यूशन, प्रीवेंशन और प्रोटेक्शन (अभियोजन, रोकथाम और सुरक्षा) को आगे बढ़ाने वाला नागरिक समाज संगठनों का पहला नेटवर्क बन गया है।

### देश में हर मिनट तीन बाल विवाह होते थे

रिपोर्ट में कहा गया कि 2019-21 तक देश में हर मिनट तीन बाल विवाह होते थे। जबकि रोजाना सिर्फ तीन मामलों की ही शिकायत दर्ज हो पाती थी। आज लगभग हर व्यक्ति बाल विवाह से जुड़े कानूनों के बारे में जानता है और कुछ साल पहले तक यह बदलाव अकल्पनीय था। 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए 2024 में शुरू हुए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को बिहार, असम व महाराष्ट्र में जन-जन तक पहुंचाने में गैरसरकारी संगठनों की सबसे अहम भूमिका रही है। बिहार में 93त्न, महाराष्ट्र में 89त्न और असम में 88त्न लोगों को गैरसरकारी संगठनों के जरिए इस अभियान के बारे में जानकारी मिली। राजस्थान व महाराष्ट्र में इस अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने में स्कूलों की अहम भूमिका रही जहां क्रम से 87 व 77 प्रतिशत लोगों को स्कूलों से इसके बारे में पता चला।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी** द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। **संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,** **(प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित)** आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : **UPHIN/2009/30003**, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, **(नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**